दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

कुछ इस तरह दिखा भारत में सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली/ (वार्ता)। वर्ष 2020 का पहला सूर्य ग्रहण रविवार दिन में दो बजकर 10 मिनट पर समाप्त हो गया और इसे भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखा गया। भारत के उत्तरी हिस्सों में रविवार सुबह लगभग 10:25 बजे से वलयाकार सूर्य ग्रहण की खगोलीय घटना शुरू हुई थी। इस दौरान आसमान में सूर्य का घेरा एक चमकती अंगूठी की तरह नजर आया। इस ग्रहण का मध्य भाग 12:10 के आसपास था। इसमें सूर्य एक वलय/फायर रिंग/चूड़ामणि के रूप में नजर आया।

- **सुबह 10 :25 बजे से शुरू हुआ वलयाकार सूर्य ग्रहण**
- **दोपहर 12 :10 बजे दिखाई दिया चूड़ामणि के रूप में**

ग्रहण का पीक भी दिखा भारत में

दिलचस्प बात यह रही कि ग्रहण का पीक भारत के उत्तरी हिस्से में दिखाई दिया जो दिन में 12:08 बजे अधिकतम रहा। इससे पहले वलयाकार ग्रहण 26 दिसंबर 2019 को दक्षिण भारत से और आंशिक ग्रहण के रूप में देश के विभिन्न हिस्सों से देखा गया था।

अगला वलयाकार सूर्यग्रहण अगले दशक में

अगला वलयाकार सूर्य ग्रहण भारत में अगले दशक में दिखाई देगा, जो 21 मई 2031 को होगा, जबकि 20 मार्च 2034 को पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ऐसे मनाया सीएम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने रायपुर स्थित निवास में प्रातः शीर्षासन समेत योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत की बहुत प्राचीन परंपरा में से एक है योग। जिसे हम अष्टांग योग के रूप में भी जानते है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठ हिस्से अष्टांग योग के है। आसन इन सबका जोड़ है लेकिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लद्दाख में तनानती के बीच भारत सरकार ने सेना को जारी किया इमरजेंसी फंड

चीन से निपटने सेना को छूट

खरीद सकेगी 500 करोड़ के हथियार, चीन ने एलएसी पर तैनात किए हैं बड़ी संख्या में सैनिक

नई दिल्ली/वार्ता। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनातनी के बीच भारत सरकार ने तीनों सेनाओं के लिए 500 करोड़ रुपये तक हथियार खरीदने की छूट दी है। एक सीनियर सरकारी अधिकारी की ओर से मीडिया में आई खबर के मुताबिक, तीनों सेना के वाइस चीफ को आवश्यक हथियारों की फास्ट ट्रैक प्रोसिजर के तहत हथियार उपकरण खरीद के लिए 500 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों की तरफ से अतिक्रमण और जिस तरह से उसने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी तादाद में सैनिकों को तैनात किया है। इसके बाद से लगातार सेनाओं की तरफ से सरकार को इसकी जरूरत महसूस कर रही थी। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में भारत और चीन की सेना की बीच हिंसक झड़प हुई। 4 दशक में ऐसा पहली बार हुआ जब चीन से लगती सीमा पर कोई भारतीय सेना का जवान शहीद हुआ। इस घटना में भारत के 20 जवान शहीद हो गए जबकि चीन के कम से कम 43 सैनिक मारे गए। इस घटना के बाद से लगातार चीन के साथ भारत का तनाव बढ़ता जा रहा है।

रक्षामंत्री ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ की बैठक

गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुई सैन्य झड़प के बाद सीमा पर तनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बैठक की। इस बैठक में भारत-चीन के बीच एलएसी पर तनाव को लेकर हालात की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत ने एलओसी पर तनाव नहीं बढ़ाया है, लेकिन यदि दूसरा पक्ष तनाव बढ़ाता है तो उसी भाषा में उसे जवाब दिया जाएगा। बैठक में सेनाओं की तैयारियां की भी समीक्षा की गई।

ऐसे समझें इस छूट के मायने

भारतीय सेना ने इजरायली एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के साथ ही अमेरिका से हथियारों की खरीद की। भारतीय सेना को इस तरह के फंड देना का मुख्य मकसद किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिए शॉर्ट नोटिस पर खुद को तैयार करना है।

भारत सरकार खारिज कर चुकी चीन का दावा

भारत सरकार ने साफ कह दिया कि चीन ने गलवान घाटी में अतिक्रमण किया और गलवान और सरकार ने गलवान पर चीन के दावे को खारिज कर दिया है। चीन ने सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी के बयान के बाद फिर से भारत पर आरोप लगाए थे। ऐसे में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भी छूट को अहम माना जा रहा है।

आज बेबाक

चीन अपनी कुटिल चाल में काफी हद तक सफल हो गया। कोरोना किंग चीन ने भारत से पंगा लेकर दुनिया का ध्यान कोरोना से हटा दिया है। अब कोरोना की नहीं चीन और भारत के बीच जंग होने की संभावना और उसके विश्व युद्ध में तब्दील होने की आशंका को लेकर बहस हो रही है। भारत में भी लोग कोरोना को किनारे कर चीन से संभावित युद्ध पर ही ज्यादा चर्चा कर रहे हैं लेकिन भारत भुलावे में नहीं आएगा। वह चीनी वायरस कोरोना को भी हराएगा और चीन को भी उसकी औकात दिखाएगा। लगे हाथ पाकिस्तान को भी निपटाएगा।

सीएम भूपेश ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर की अपील

छग को भी शामिल करें गरीब कल्याण रोजगार अभियान में

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक और चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ राज्य को 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' में तत्काल शामिल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा कि योजना में सम्मिलित मध्यप्रदेश, झारखण्ड एवं ओडिशा, छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ को छोड़ दिया गया है जबकि सम्मिलित इन राज्यों की भौगोलिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थितियों में काफी समानता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों को शामिल करने से राज्य के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरीबों, कृषि मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों में भारी निराशा

बघेल ने लिखा है कि राज्य के लगभग तीन-चैथाई क्षेत्र अत्यंत पिछड़े एवं वन क्षेत्र हैं, जहां पर राज्य के लगभग 80 प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडे वर्ग के लोग निवासरत हैं। राज्य की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं सामान्य मजदूरी पर निर्भर है, जो सामान्यतः असंगठित क्षेत्र, कृषि मजदूर एवं सीमांत कृषक हैं। बस्तर, सरगुजा संभाग सहित अन्य संभागों में आदिवासी वर्ग की बहुलता है साथ ही छत्तीसगढ़ में दस आकांक्षी जिले भी हैं। 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' में छत्तीसगढ़ को सम्मिलित नहीं किये जाने से यहां के गरीबों, कृषि मजदूरों, प्रवासी मजदूरों एवं सीमांत किसानों में अत्यंत निराशा का भाव है। उपरोक्त दृष्टि से राज्य वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों के साथ-साथ राज्य में निवासरत मजदूरों को भी तत्कालिक रूप से रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिक आवश्यकता है।

पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में भूकंप के झटके, आइजोल में था केंद्र

गुवाहाटी/ए.। पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। असम के गुवाहाटी समेत मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा तक भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 दर्ज की गई है। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है। भूकंप का केंद्र मिजोरम की राजधानी आइजोल शहर था। आइजोल के 25 किमी उत्तर-पूर्व में भूकंप का केंद्र बताया गया है।

जम्मू कश्मीरः दो मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

श्रीनगर/(वार्ता)। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर व कुलगाम में हुई दो मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। रविवार को श्रीनगर में घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। वहीं कुलगाम जिले में शनिवार अपराह्न घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आंतकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने श्रीनगर की घटना को लेकर बताया कि इनमें से एक आतंकवादी इसी महीने कश्मीर घाटी में सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) के जवानों पर हमले की घटना में संलिप्त था। आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समर्पण के लिए दिए थे ढाई घंटे

कुमार ने कहा, एक मकान में तीन आतंकवादी छुपे थे। हमें अपने सूत्रों से उनकी पहचान के बारे में पता चला और उनके परिजनों को बुलाया गया , जिन्होंने आतंकवादियों से समर्पण के लिए कहा। हमने उनको समर्पण के लिए ढाई घंटे का समय दिया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सुरक्षा बल के जवान उन मकानों की ओर बढ़े , तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने स्वाचालित हथियारों से गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गये। इनमें दो आतंकवादी स्थानीय निवासी थे।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	4,21,279	13,488
अमेरिका	2,335,587	122,035
ब्राजील	1,070,139	50,058
ब्रिटेन	304,331	42,632
इटली	238,275	34,610
फ्रांस	160,093	29,633
स्पेन	293,018	28,322
मैक्सिको	175,202	20,781
बेल्जियम	60,550	9,696

अगले 2 दिन में उत्तर भारत को भिगो सकता है मानसून

नई दिल्ली/ए.। अगले दो दिनों के भीतर उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों को मानसून भिगो सकता है। हालांकि, महीने के आखिर तक मानसून उत्तर-पश्चिम राज्यों में पहुंचता है, लेकिन इस बार पाकिस्तान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बनी टर्फ और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन ने मानसून को गति प्रदान कर दी है। इस बीच दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में रविवार को प्री मानसून बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि मानसून अभी कांधला, अहमदाबाद, इंदौर, खजुराहो, फतेहपुर होते हुए बहराइच तक पहुंच गया है। इसने बिहार, उप्र तथा उत्तराखंड के कई इलाकों को पहले ही कवर कर लिया है। विभाग ने कहा कि मानसून में प्रगति के हालात बने हुए हैं। 22 और 23 जून को मानसून ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेपाल के एफएम रेडियो ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा का जारी किया मौसम बुलेटिन

■ अकड़ पर नेपाल, पहले संसद में पास कराया नक्शा

पिथौरागढ़/ए.। नेपाल अपनी अकड़ से बाज नहीं आ रहा। उसके एफएम रेडियो स्टेशन ने अब भारतीय हिस्से का मीडिया बुलेटिन जारी करना शुरू कर दिया है। इससे पहले नेपाली संसद में नेपाल के नए राजनितिक नक्शे, जिसमें भारतीय हिस्से लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना हिस्सा बताकर उसमें शामिल किया गया था, पर मुहर लग गई है। अब वहां के कुछ एफएम रेडियो चैनल्स ने मौसम बुलेटिन देना शुरू कर दिया है। भारत-नेपाल सीमा के नजदीक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में कुछ नेपाली एफएम रेडियो स्टेशनों की तरफ से इन तीनों जगहों के बारे में मौसम की जानकारी दी जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये एफएम रेडियो स्टेशन्स नेपाल के दारचुला में हैं और इन्हें सीमा से सटे इलाके जैसे-धारचुला, बालुकोट, जौलजिबी और कलिका टाउंस में सुना जा सकता है। धारचुला के रूंग समुदाय के एक जाने माने नेता कृष्ण गरबियाल ने कहा कि इन नेपाली एफएम स्टेशनों ने कालापानी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अनुसंधान ग्लेनमार्क कंपनी ने एंटीवायरल दवा फेविपिराविर को फैबिफ्लू ब्रांड नाम से किया पेश

कोरोना का इलाज करेगी 103 रु. की एक टेबलेट

मुंबई/ए.। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के इलाज के लिए दवा कंपनी ग्लेनमार्क फॉर्मास्युटिकल्स ने एक नई दवा पेश की है। मामूली रूप से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए एंटीवायरल दवा फेविपिराविर को फैबिफ्लू ब्रांड नाम से पेश किया गया है। इसकी कीमत 103 रुपये प्रति टैबलेट होगी। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह दवा 200 एमजी के टैबलेट में उपलब्ध होगी। इसके 34 टैबलेट के पत्ते की कीमत 3,500 रुपये होगी। कंपनी का कहना है कि फैबिफ्लू कोरोना वायरस के इलाज के लिए फेविपिराविर दवा है, जिसे मंजूरी मिली है। यह दवा डॉक्टर की सलाह पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले माह में 82, 500 मरीजों के लिए बन जाएगी

इस दवा की विनिर्माण क्षमता के बारे में पूछे जाने पर कंपनी ने कहा कि प्रति मरीज न्यूनतम दो पत्ते की जरूरत के हिसाब से पहले महीने में ही वह 82,500 मरीजों के लिए फैबिफ्लू उपलब्ध करा पाएगी। कंपनी ने कहा, 'हमारी स्थिति पर निगाह है और स्थिति के अनुसार कंपनी देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के हिसाब से उत्पादन बढ़ाएगी।' कंपनी ने कहा कि अभी हमारी प्राथमिकता फैबिफ्लू का विनिर्माण है जिससे इसे मरीजों तक पहुंचाया जा सके। ग्लेनमार्क निश्चित रूप से निजी और सरकारी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को समर्थन पर विचार करेगी। समय और जरूरत के हिसाब से वह अन्य उचित विकल्पों पर भी विचार करेगी।

मामूली संक्रमण वाले मरीजों को दी जा सकती है

कंपनी ने कहा कि मामूली संक्रमण वाले ऐसे मरीज जो मधुमेह या दिल की बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें भी यह दवा दी जा सकती है। सल्दान्हा ने कहा कि यह खाने की दवाई है। ऐसे में जब अस्पताल के ढांचे पर दबाव हो, तो यह काफी लाभकारी साबित हो सकती है।

भारत में कोरोना रिकवरी दर 55.49 प्रतिशत हुई

नई दिल्ली/(वार्ता)। देश में कोरोना महामारी से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 13925 रोगी ठीक होने के बाद स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 2,27,755 तथा कोरोना रोगियों के ठीक होने (रिकवरी) की दर बढ़कर 55.49 प्रतिशत हो गई है। देश में अब तक ठीक हुए मरीजों की संख्या चिकित्सकीय निगरानी में रखे गए मरीजों की संख्या से 58,305 अधिक है। इस समय 1,69,451 सक्रिय मामले चिकित्सीय देख-रेख में हैं। पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 13925 रोगी ठीक हुए हैं। अब तक कोरोना से 13254 लोगों की मौत हो गई है। भारत में इस समय कोरोना की जांच में 722 सरकारी और 259 निजी प्रयोगशालाएं काम कर रही हैं और इनमें रियल-टाइम आरटी पीसीआर आधारित परीक्षण प्रयोगशालाएं 547(सरकारीः 354 , निजी 193), ट्रू एनएटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तो साउथ कोरिया से तनाव के पीछे किम जोंग उन की बहन का हाथ?

प्योंगयांग ए.। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच हाल के दिनों में टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के कथित तौर पर रहस्यमय तरीके से गायब होने के बाद उनकी बहन किम यो जोंग सत्ता संभाले हुए हैं। अटकलें लगाई जा रही है कि किम जोंग के बाद वही देश की नई शासक बन सकती हैं। उत्तर कोरिया के बारे में जानकारी रखने वाले कई विशेषज्ञों ने किम यो जोंग को दक्षिण कोरिया का धुर विरोधी बताया है। इतना ही नहीं कहा तो यह भी जा रहा है कि उन्हीं के आदेश पर किम की सेना ने सीमा पर मौजूद सहयोग स्थलों को बम से उड़ा दिया था।

2018 में पहली बार चर्चा में आई थी किम यो जोंग

किम यो-जोंग पहली बार 2018 में चर्चा में आई जब उन्होंने दक्षिण कोरिया का दौरा किया। वे किम वंश की पहली ऐसी सदस्य थीं जिन्होंने पहली बार दक्षिण कोरिया की धरती पर कदम रखा था। यहां वे शीतकालीन ओलंपिक में अपनी टीम के साथ आई थीं। इसी साल उन्हें कई बार किम जोंग उन के साथ मिलकर रणनीति बनाते हुए भी देखा गया। हालांकि उन्होंने इस दौरे के बाद दक्षिण कोरिया को लेकर काफी आक्रामक तेवर दिखाए थे।

बेबाक बयान, ताकत का नमूना

उत्तर कोरिया के लाइव फायर मिलिट्री अभ्यास का दक्षिण कोरिया ने विरोध किया तो किम यो जोंग ने कहा था कि 'डरे हुए कुत्ते भौंक रहे हैं।' इससे पहले मार्च महीने में किम यो जोंग ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्र भेजने के लिए प्रशंसा की थी। उन्होंने आशा जताई थी कि उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच संबंध बेहतर होंगे।

दक्षिण कोरिया के साथ तोड़ा सुलह समझौता

उत्तर कोरिया ने दो साल पहले दक्षिण कोरिया के साथ हुए सुलह संबंधी ऐतिहासिक समझौतों को 17 जून को तोड़ दिया था। इतना ही नहीं, दक्षिण कोरिया को धमकाते हुए उत्तर कोरिया ने यह भी ऐलान किया था कि वह बंद हो चुके अंतर-कोरियाई सहयोग स्थलों पर सैनिकों को फिर से तैनात करेगा, गार्ड चौकियों को फिर स्थापित करेगा और अग्रिम इलाकों में सैन्य अभ्यास बहाल करेगा। उत्तर कोरिया के जनरल स्टाफ ने कहा कि रेजीमेंट स्तरीय ईकाइयों और सशस्त्र ईकाइयों को डायमंड माउंटेन रिजॉर्ट और केसोंग औद्योगिक परिसर में तैनात किया जाएगा जो उत्तरी सीमा पर स्थित हैं।किसी वक्त अंतर-कोरियाई सहयोग का प्रतीक रहे ये स्थल उत्तर कोरिया पर उसके परमाणु कार्यक्रम के लिए लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण बंद थे। अमेरिका से छूट पाने में विफल रहने पर दक्षिण कोरिया पर दबाव बनाने का लंबा रिकॉर्ड रखने वाले उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में बार-बार दक्षिण कोरिया पर आक्रोश जाहिर किया है जिसने द्विपक्षीय संबंधों को मानने से इनकार किया है।

भारत के बाद अब चीन के निशाने पर जापान

एशिया में छिड़ सकती है बड़ी जंग

■ जापान के द्वीपों पर चीन ने किया अपना दावा, बताया अपना अभिन्न हिस्सा

■ संधि के कारण जापान पर हुए हमले में शामिल होगा अमेरिका, एशिया में छिड़ सकता है महायुद्ध

पेइचिंग ए.। लद्दाख के गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन की सेनाएं आमने-सामने हैं। पूरे एशिया में यह जगह वर्तमान समय में सैन्य फ्लैश प्वाइंट बना हुआ है। इस बीच सैन्य विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि विस्तारवादी मानसिकता को संजोने वाला चीन अब पूर्वी चीन सागर में भी जापान के साथ द्वीपों को लेकर उलझ सकता है। अगर जापान से चीन ने बैर मोल लेने की कोशिश की तो इसमें अमेरिका जरूर शामिल होगा।

चीन और जापान दोनों करते हैं दावा

चीन और जापान दोनों ही इन निर्जन द्वीपों पर अपना दावा करते हैं। जिन्हें जापान में सेनकाकू और चीन में डियाओस के नाम से जाना जाता है। इन द्वीपों का प्रशासन 1972 से जापान के हाथों में है। वहीं, चीन का दावा है कि ये द्वीप उसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं और जापान को अपना दावा छोड़ देना चाहिए। इतना ही नहीं चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तो इसपर कब्जे के लिए सैन्य कार्रवाई तक की धमकी दे चुकी है।

सेनकाकू या डियाओस द्वीपों की रखवाली वर्तमान समय में जापानी नौसेना करती है। ऐसी स्थिति में अगर चीन इन द्वीपों पर कब्जा करने की कोशिश करता है तो उसे जापान से युद्ध लड़ना होगा। हालांकि दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत वाले चीन के लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा। पिछले हफ्ते भी चीनी सरकार के कई जहाज इस द्वीप के नजदीक पहुंच गए थे जिसके बाद टकराव की आशंका भी बढ़ गई थी।

जापान पर हमले का मतलब अमेरिका पर हमला

जापान और अमेरिका में 19951 में सेन फ्रांसिस्को संधि है जिसके तहत जापान की रक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका की है। इस संधि में यह भी बात लिखी है कि जापान पर हमला अमेरिका पर हमला माना जाएगा। इस कारण अगर चीन कभी भी जापान पर हमला करता है तो अमेरिका को इनके बीच आना पड़ेगा। यह सर्व विदित है कि अगर जापान के साथ अमेरिका ने मिलकर चीन पर हमला कर दिया तो तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हो सकता है।

जापान ने चीन को दी चेतावनी

इन द्वीपों के पास चीन की बढ़ती उपस्थिति के जवाब में जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशीहिदे सुगा ने इन द्वीपों को लेकर टोक्यो के संकल्प को फिर से व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेनकाकू द्वीप हमारे नियंत्रण में हैं और निर्विवाद रूप से ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत हमारा है। अगर चीन कोई हरकत करता है तो हम उसका जवाब देंगे।

चीन ने भी किया पलटवार

जापान के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि डियाओस और उससे लगे हुए अन्य द्वीप चीन का अभिन्न हिस्सा हैं। जिसके कारण हमारा यह अधिकार है कि हम इन द्वीपों के पास पेट्रोलिंग और चीनी कानूनों को लागू करें।

भारत-चीन में तनाव पर बोले ट्रंप

करना चाहता हूं सीमा संघर्ष के समाधान में मदद

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका भारत और चीन के बीच हाल ही में सीमा पर हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष के समाधान में सहायता करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने शनिवार शाम ओकलैंड के तुलसा में एक रैली को संबोधित करने जाने के लिए विमान पर सवार होने से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'यह बहुत विकट स्थिति है। हम भारत से बात कर रहे हैं। हम चीन से बात कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या कर सकते हैं। हम उनकी समस्या का समाधान कराने में मदद करने की कोशिश करेंगे।' उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में गत सोमवार को हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीन ने इस संघर्ष में मारे गए अपने सैनिकों का आंकड़ा जारी नहीं किया है। इससे पहले अमेरिका ने चीन पर जमकर निशाना साधा था।

चार महीने में चार आतंकी संगठनों के चीफ मारे गए : जम्मू-कश्मीर पुलिस

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षा बलों के साथ रविवार को हुई मुठभेड़ में आज तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने कहा कि इतिहास में पहली बार हुआ है कि 4 मुख्य आतंकी संगठनों लश्कर, जैश, हिज्बुल और अंसार-उल-गजवा-ए-हिंद के चीफ4 महीने में मारे गए हैं। लीडरशिप के मारे जाने से इनको नुकसान होता।

उन्होंने कहा, 'कुलगाम में जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी आतंकी के पास से एक एके-47, एम-4 कार्बाइन और एक पिस्टल बरामद हुई है। यह देखा गया है कि जैश के आतंकी एम-4 रायफल्स रखते हैं। कल पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने के बाद एक एम-4 रायफल बरामद किया गया था।'

आईजी ने कहा, 'आतंकियों से सरेंडर के लिए अपील किया गया था पर वो नहीं माने उन्होंने अंदर से ग्रेनेड फेंका जिसके बाद सीआरपीएफ और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। तीनों मारे गए हैं, दो की पहचान कर ली गई है एक की करना बाकि है। शवों का पोस्ट मार्टम करवाया जाएगा। इससे पहले एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर के जूनिमार इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने रविवार सुबह इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल इलाके में आतंकवादियों की तलाश कर रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में तीनों आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारी ने बताया कि प्राधिकारियों ने शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं एहतियातन निलंबित कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों के अधिकतर हिस्सों में लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

चीनी कपल ने ड्रग्स की तलब दूर करने बेचा अपना बच्चा

बीजिंग ए.। चीन में एक युवा दंपति की शर्मनाक हरकत सामने आई है। युवा दंपति ने अपनी ड्रग्स की तलब दूर करने को पैसे जुटाने के लिए अपने नवजात बच्चे को जन्म के कुछ ही घंटों बाद बेच दिया। इस दंपति ने सोशल मीडिया पर एक ऐसे जोड़े से संपर्क साधा, जो अभिभावक बनने में सक्षम नहीं थे। इस बेऔलाद जोड़े को बच्चा 7,000 पाउंड (लगभग 6 लाख 60 हजार रुपये) में बेचा गया। इस नशेड़ी दंपति ने अपना नवजात बच्चा बेचकर जो रकम हासिल की, उससे खूब सारे ड्रग्स और नए फोन खरीदे। इस दंपति पर नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के चलते कई केस दर्ज हैं, जिसकी वजह से वे पुलिस के निशाने पर थे। पुलिस को एक होटल में इनके ठिकाने के बारे में पता चला। यहां से उनके पास से ड्रग्स की कई बोतलें और नकदी के ढेर बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिमी चीनी शहर नेइजियांग के रहने वाले वांग और झोंग लंबे समय से ड्रग के आदी थे और कर्ज में दबे थे। इस दंपति को बाल तस्करी के आरोप में सजा सुनाई गई है। पुलिस ने बताया कि दंपति के बच्चे को बचा लिया गया है और अब उसकी देखभाल दादा-दादी करते हैं।

यूपी : शेल्टर होम में 57 लड़कियों को कोरोना, 2 नाबालिग प्रेग्नेंट

कानपुर ए.। कानपुर के राजकीय बाल संरक्षण गृह में कोरोना संक्रमण की जांच के दौरान पता चला कि यहां रहने वाली दो लड़कियां गर्भवती हैं। इतना ही नहीं इन दो में से एक को एचआईवी है दूसरी हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त है। इस जानकारी के बाद स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। कुछ दिन पहले राजकीय बाल संरक्षण गृह रहने वालों में कोरोना के लक्षण पाए जाने के बाद यह जांच की जा रही थी।

राजकीय बाल संरक्षण गृह में 57 संवासिनियों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। संक्रमित बालिकाओं को जब कोविड-19 के इलाज के लिए रामा मेडिकल कॉलेज भेजा गया तो वहां जांच में पाया कि दो 17 साल की किशोरियां गर्भवती हैं। गर्भवती होने के साथ ही एक एचआईवी से और दूसरी हेपेटाइटिस सी के संक्रमण से भी ग्रसित है। दोनों गर्भवती किशोरियों को जच्चा-बच्चा हॉस्पिटल भेजा गया है। कोरोना के साथ एचआईवी और हेपेटाइटिस सी के संक्रमण होने के कारण स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं और भी बढ़ गई है।

सील हो गया बालिका गृह

स्वरूप नगर स्थित राजकीय बालिका गृह को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। बालिका गृह के स्टॉफको क्वारंटीन कराया गया है। डॉक्टरों के पास दोनों किशोरियों की किसी भी प्रकार की बैक हिस्ट्री नहीं है। डॉक्टरों ने दोनों गर्भवती किशोरियों की बैक हिस्ट्री को समझने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया। इस अधिकारियों का कहना है कि दोनों किशोरियां कब बालिका गृह आईं और कब गर्भवती हुईं इसकी जानकारी नहीं है।

किशोरियों की बैक हिस्ट्री नहीं

जिला प्रोबेशन अधिकारी अजीत कुमार के मुताबिक राजकीय बालिका गृह को सील कर दिया गया है। सभी दस्तावेज बालिका गृह में हैं। दस्तावेज देखने के बाद ही पता चल सकेगा कि दोनों किशोरियां बालिका गृह कब आई थीं। इसके साथ उनके गर्भवती होने के संबंध में तभी डिटेल मिल सकेगी।

बिहार : लापता नौ साल की बच्ची की हत्या

बगीचे में मिला सिर कटा शव

सुपौल। बिहार के सुपौल सदर थाना क्षेत्र के अन्दौली गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नौ साल की लापता बच्ची का सिर-पैर कटा क्षत विक्षत शव बगीचे में मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई और काफी संख्या में लोगों की भीड़ वहां इकट्ठा हो गई। बच्ची की पहचान वार्ड 9 के सियाराम मंडल की पुत्री निराशा (9) के रूप में हुई। बच्ची के परिजनों ने कपड़े से शव की पहचान की। जनप्रतिनिधियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सदर एसडीपीओ विद्यासागर और थानाध्यक्ष डीएन मंडल घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात की। हालांकि घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि सियाराम मंडल की बेटी निराशा मूक और बधिर थी। वह 17 जून की दोपहर से ही लापता थी। पहले तो परिजनों ने उसे काफी खोजा लेकिन नहीं मिली। इसके बाद लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार भी आसपास के इलाके में कराया गया था। लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इस बीच गांव की महिला जब घास काटने गई तो काफी बदबू आ रही थी। वहां आसपास कुत्ता भी नजर आया। शंका होने पर नजदीक से देखा तो उसके होश उड़ गए। बच्ची का सिर धड़ से अलग था और उसके पैर-हाथ भी कटा हुआ था।

'पहले नहलाएं और फिर करें अपराधी को गिरफ्तार'

बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर का गजब आदेश

बेंगलुरु ए.। पुलिसकर्मियों में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों के बीच बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर भास्कर राव ने पुलिसकर्मियों को एक अनोखा आदेश दिया है। पुलिस कमिश्नर ने आदेश देते हुए कहा है कि अगर किसी आरोपी या अपराधी को पुलिस फिर्स गिरफ्तार करती है तो उसे पुलिस थाने में लाने से पहले बाहर ही कहीं नहलाया जाए। इसके अलावा किसी पब्लिक टॉयलेट में उसके कपड़े भी चेंज कराए जाएं।

कमिश्नर का ये आदेश बेंगलुरु में 38 पुलिसकर्मियों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद आया है। इन पुलिसकर्मियों में से 2 की बीते चार दिनों में मौत हुई है। इसके अलावा 350 से अधिक लोग अब भी क्वारंटीन में हैं। इसे देखते हुए भास्कर राव ने कहा है कि जहां संभव है, वहां किसी भी संदिग्ध को गिरफ्तार करने से पहले नहलाकर उसके कपड़े चेंज कराए जाएं।

कमिश्नर ने आदेश में कहा है कि अगर किसी की आपात स्थिति में गिरफ्तारी होती है तो उसे नजदीकी पब्लिक टॉयलेट में ले जाकर स्नान कराया जाए और फिर पुलिस थाने पहुंचाया जाए। इसके अलावा थाने लाए गए संदिग्ध का कोविड टेस्ट कराने और इसकी रिपोर्ट आने तक कोई भी उसके बहुत पास ना जाए।

'काम कठिन, लेकिन कोई विकल्प नहीं'

कमिश्नर ने आदेश के बाद स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि ये काम कठिन जरूर है, लेकिन कोरोना के संक्रमण काल में इसके अलावा हमारे पास कोई रास्ता भी नहीं है। हम सभी को सावधानी से ये काम पूरा करना होगा। बता दें कि कोरोना के संक्रमण के बीच देश भर में तमाम पुलिसकर्मियों की इस बीमारी से जान जा चुकी है। पिछले दिनों मुंबई में चोरों को पकड़ने के लिए गई पुलिस की एक टीम कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थी।

नेपाल : अब 7 साल बाद भारतीय बहुओं को देगा नागरिकता

काठमांडू ए.। नेपाल का विवादित नया नक्शा पास कराने के बाद नेपाली सरकार ने भारत को एक और बड़ा झटका दिया है। नेपाली की ओली सरकार ने नागरिकता कानून में बड़ा बदलाव का फैसला कर भारतीय बेटियों पर निशाना साधा है। अब बहू बनकर नेपाल जाने वाली भारतीय बेटियों को वहां की नागरिकता के लिए सात साल इंतजार करना होगा।

नेपाल के गृहमंत्री ने किया ऐलान

नेपाल के गृहमंत्री राम बहादुर थापा ने ऐलान किया कि नागरिकता कानून में बदलाव का प्रस्ताव भारत को ध्यान में रखकर है। बदलाव के तहत जब कोई भारतीय लड़की नेपाली युवक से शादी करेगी तो उसे उसके बाद 7 साल लगातार रहने के बाद ही नेपाल की नागरिकता मिलेगी।

विवाद बढ़ने पर भारत का दिया हवाला

विवाद बढ़ने पर राम बहादुर थापा ने कहा कि इस नियम में कुछ अलग नहीं किया है। भारत भी विदेशी लड़कियों को किसी भारतीय से शादी के सात साल बाद ही नागरिकता देता है। हमारा प्रस्ताव भी इसी आधार पर है।

नेपाली मंत्री को भारतीय कानून की जानकारी नहीं

नेपाली गृहमंत्री राम बहादुर थापा ने दावा तो कर दिया कि भारत में नेपाल से बहू बनकर आने वाली बेटियों को 7 साल बाद नागरिकता दी जाती है। लेकिन हकीकत इसके एकदम विपरीत है। 7 साल बाद नागरिकता देने का नियम नेपाल से भारत आने वाली बहू पर लागू नहीं होता है।

नेपाल ने तीन दिन पहले ही भारत की आपत्ति को दरकिनार करते हुए विवादित नक्शे को कानूनी अमलीजामा पहनाया था। नेपाली संसद के उच्च सदन से संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने हस्ताक्षर कर इसे संविधान का हिस्सा घोषित कर दिया। बता दें कि इस नए नक्शे में नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को अपने क्षेत्र में दिखाया है। नेपाल में इन दिनों राजनीति में वामपंथियों का दबदबा है। वर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा भी वामपंथी हैं और नेपाल में संविधान को अपनाए जाने के बाद वर्ष 2015 में पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें नेपाल के वामपंथी दलों का समर्थन हासिल था। केपी शर्मा अपनी भारत विरोधी भावनाओं के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 2015 में भारत के नाकेबंदी के बाद भी उन्होंने नेपाली संविधान में बदलाव नहीं किया और भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए केपी शर्मा चीन की गोद में चले गए। नेपाल सरकार चीन के साथ एक डील कर ली। इसके तहत चीन ने अपने पोर्ट को इस्तेमाल करने की इजाज़त नेपाल को दे दी।

भारतीय अधिकारी ने बताया कि नेपाल की सियासत पर इन दिनों माओवादी दलों का कब्जा है। वहां पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस नेपथ्य में चली गई है और वाम दल पहाड़ी लोगों में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगे हुए हैं। पीएम केपी शर्मा ओली ने भी पिछले चुनाव में भारत के खिलाफ जमकर बयानबाजी की थी। उन्होंने भारत का डर दिखाकर पहाड़ियों और अल्पसंख्यकों को एकजुट किया और सत्ता हासिल कर ली।

■ न्यूज गैलरी

क्वारेंटाईन सेंटर में आया नन्हा मेहमान

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा कोरोना से नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सर्वसुविधायुक्त क्वारेंटाईन सेंटर बनाये गये है। यहां पर क्वारेंटाईन अवधि पूर्ण कर रही विशेषकर महिलाएं, बच्चे, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का खासतौर पर ध्यान रखा जा रहा है। शनिवार को बलरामपुर के महाराजगंज स्थित क्वारेंटाईन सेंटर में रह रही एक गर्भवती महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। डॉक्टरों की टीम द्वारा गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया और उसे डॉक्टरों की निगरानी में महाराजगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के विशेष कक्ष में रखा गया है। महिला कुछ दिन पूर्व ही रांची से लौटी थी। उसे उनके पति के साथ क्वारेंटाईन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महिला ने 20 जून की सुबह डॉक्टरों की देखरेख में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि मां एवं बच्चे दोनों स्वस्थ्य हैं, तथा डॉक्टरों की देखरेख में है। सुरक्षित प्रसव और महिला की उचित देखभाल के लिए महिला के पति ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष क्वारेंटाईन सेंटर बनाये गये हैं, जहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही सभी जरूरी चीजों का इंतजाम किया गया है।

122 पौनी-पसारी बाजारों में शेड निर्माण के लिए 31.37 करोड़ मंजूर

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में पारम्परिक व्यवसाय से जुड़े बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पौनी-पसारी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राज्य के 79 नगरीय निकायों में 122 पौनी-पसारी बाजार शेड निर्माण के लिए 31 करोड़ 37 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। अलग-अलग नगर निगमों के 13 स्थानों पर 47 पौनी-पसारी बाजार शेड के लिए 12 करोड़ 18 लाख रूपए, 26 नगर पालिका परिषदों में 35 पौनी-पसारी बाजार के लिए नौ करोड़ चार लाख रूपए की मंजूरी मिली है। इसी तरह 40 नगर पंचायतों में 40 स्थानों पर पौनी-पसारी बजार शेड निर्माण के लिए 10 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति दी गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के सभी 166 नगरीय निकायों में जनसमान्य एवं बेरोजगार नवयुवक-नवयुवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पौनी-पसारी योजना शुरू की गई है। पौनी-पसारी निर्माण की लागत लगभग 30 लाख रूपए निर्धारित की गई है।

मंत्री अकबर ने केन्द्रीय वन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को लिखा पत्र

नव प्रदेश संवाददाता

- आगामी कोल ब्लाक नीलामी में छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य, मांड नदी के जल ग्रहण क्षेत्र तथा प्रस्तावित हाथी रिजर्व की सीमा में स्थित कोल ब्लाकों को शामिल नहीं करने का किया अनुरोध
- वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा और मानव हाथी द्वंद पर नियंत्रण के लिए इन कोल ब्लॉकों को नीलामी से अलग रखना उचित

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य एवं उससे सटे मांड नदी के जल ग्रहण क्षेत्र तथा प्रस्तावित हाथी रिजर्व की सीमा में आने वाले क्षेत्रों में स्थित कोल ब्लाकों को भारत सरकार द्वारा की जाने वाली आगामी कोल ब्लाक नीलामी में शामिल नहीं करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के इन क्षेत्रों में आने वाले कोल ब्लॉकों को नीलामी से पृथक किया जाना वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्किोण से उचित होगा।

मोहम्मद अकबर ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य का मध्य एवं उत्तरीय क्षेत्र जो एक ओर घने वनों से अच्छादित है, वही इस पूरे क्षेत्र में कोयले का भी भण्डार है। वर्तमान में इस क्षेत्र में विभिन्न केन्द्रीय, राज्य एवं निजी संस्थानों को आबंटित क्षेत्रों में खनन का कार्य किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र में राज्य की दो महत्वपूर्ण नदियां हसदेव एवं मांड के जल ग्रहण क्षेत्र में भी कोल ब्लाकों की नीलामी प्रस्तावित है। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में हाथियों की संख्या में हो रही लगातार वृद्धि, मानव हाथी द्वंद की बढ़ती घटनाओं तथा हाथियों के रहवास की आवश्यकता को देखते हुए हसदेव नदी से लगे 1995 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को लेमरू हाथी रिजर्व घोषित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके पालन में अधिसूचना प्रकाशन हेतु कार्यवाही प्रगति पर है।

छत्तीसगढ़ के वन एवं पर्यावरण मंत्री ने पत्र में लिखा है कि राज्य के वनों एवं पर्यावरण की सुरक्षा तथा भविष्य में मानव हाथी द्वंद की घटनाओं पर प्रभावशील नियंत्रण के लिए उक्त क्षेत्र में भविष्य में खनन गतिविधियों पर रोक अत्यंत आवश्यक है। भविष्य में होने वाली कोल ब्लाकों की नीलामी में इन क्षेत्रों में आने वाले कोल ब्लॉकों को पृथक किया जाना वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्किोण से उचित होगा। मोहम्मद अकबर ने पत्र में केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि आगामी कोल ब्लाक नीलामी में हसदेव अरण्य एवं उससे सटे मांड नदी के जल ग्रहण क्षेत्र तथा प्रस्तावित हाथी रिजर्व की सीमा में आने वाले क्षेत्रों में स्थित कोल ब्लाकों को शामिल न किया जाए।

रोका-छेका अभियान से फसलों और मवेशियों की होगी सुरक्षा

- नरवा, करवा, घुरवा, बारी योजना के तहत निकायों में 42 गौठान स्वीकृत
- सात गौठानों का निर्माण पूर्ण, शेष गौठानों का निर्माण कार्य जारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आहवान पर 19 जून से पूरे प्रदेश में रोका-छेका अभियान शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों मे 'रोका-छेका' अभियान भी चलाया जा रहा है। रोका-छेका अभियान से जहां फसलों और मवेशियों की सुरक्षा होगी, वहीं शहरी क्षेत्रों में खुले में घूमने वाले मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटना से भी निजात मिलेगी। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में 42 गौठान की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से सात गौठनों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है और शेष गौठानों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इन गौठानों के निर्माण के पश्चात पशुओं की सुरक्षा और शहरी क्षेत्रों के ग्रामीण परिवेश वाले क्षेत्रों में फसलों की चराई के नियंत्रण के लिए गौठान प्रबंधन समिति का प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा गौठान के संचालन के लिए गौठान समिति को 10 हजार रूपए अनुदान भी दिया जा रहा है।

निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत पशुओं की संख्या लगभग 26 हजार 600 है । योजना के तहत गौठान निर्माण के लिए कम से कम तीन एकड़ भूमि निर्धारित की गई है। इसके निर्माण के लिए लगभग 23 लाख 69 रूपए भी तय की गई है।

सदी के सबसे बड़े कंकण सूर्य ग्रहण के दौरान मंदिरों के पट रहे बंद

ग्रहण का सर्वाधिक असर मिथुन राशि पर

रायपुर। वर्ष 2020 का एवं सदी का सबसे बड़ा कंकण सूर्य ग्रहण के दौरान शहर के मंदिरों के पट बंद रहे। लोगों ने ग्रहण स्पर्शकाल 10.25 मिनट से दोपहर 1.59 तक लगभग 3 घंटे 34 मिनट तक घरों रहकर पूजा पाठ एवं भजन कीर्तन किया । ज्ञातव्य है कि आषाढ़ मास की अमास्या तिथि पर पड़े सूर्य ग्रहण का व्यापक असर देश दुनिया पर पड़ेगा। समग्र ब्राम्हण परिषद छत्तीसगढ़ के अनुसार ग्रहण स्पर्श सुबह 10 बजकर 14 मिनट से शुरू हुआ जबकि मोक्ष काल 1.38 बजे पर होगा। वहीं शहर के महामाया मंदिर के पंडित मनोज शुक्ला के अनुसार सूर्य ग्रहण का असर पूरी देश दुनिया पर पड़ेगा। उक्त सूर्य ग्रहण मृग-शिरा नक्षत्र में मिथुन राशि पर लगा है। ग्रहण के दौरान सूर्य को चारों ओर से राहू केतु का घेरा चुड़ी के आकार में देखा गया। खग्रास अथवा कंकण सूर्य ग्रहण के दौरान गुरू, शनि, बुध और शुक्र वक्रीय रहे देश एवं शहर के ज्योतिषियों ने सूर्य ग्रहण के उपरांत श्रद्धालुओं से अपने घर को गंगा जल से घरों में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा को शुद्ध करने के लिए स्नान कराने की सलाह दी है।

कंकण सूर्य ग्रहण देहरादून, करांची, जम्मू, दुबई, सहित देश विदेश में देखा गया। भारत के साथ ही ग्रहण को पाकिस्तान, श्रीलंका, बग्लादेश, साउदी अरब, ईराक, ईरान, चीन इंडोनेशिया एवं फिलिपिन्स सहित दुनिया के देशों के नागरिकों ने खुली आंखों से ग्रहण के दौरान सूर्य की परिवर्तित दशा को देखा ।

अंतर्राष्टीय योग दिवस पर मंत्री अनिला भेड़िया ने किया योग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समाज कल्याण मंत्री और छत्तीसगढ़ योग आयोग की पदेन अध्यक्ष श्रीमती अनिला भेड़िया ने अपने राजधानी स्थित निवास में योग किया । इस दौरान उन्होंने योग के विभिन्न आसनों सहित प्राणायम का अभ्यास किया । इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को छटवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थ और निरोग रहने की कामना की है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा और जीवन शैली का हिस्सा रहा है। वर्तमान में घटती शारीरिक प्रतिरोधकता, तनाव युक्त व्यस्त जीवन शैली को व्यवस्थित करने के लिए योग का बहुत महत्व है। कोरोना संक्रमण की आपदा में प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाती है । यह मनुष्य का शरीर, मन और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाने में सहायता करता है। ध्यान योग जहां हमें मानसिक मजबूती देता है, वहीं शारीरिक यौगिक क्रियाएं स्वस्थ्य ओर निरोगी शरीर का निर्माण करती हैं। कोरोना-19 जैसे संक्रमणों से बचाव के लिए शरीर में पर्याप्त प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए योग को दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाना बहुत जरूरी है।

गरीब कल्याण रोजगार योजना में छत्तीसगढ़ को शामिल नहीं करना केंद्र का सौतेला व्यवहार - वंदना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए जाने वाले गरीब कल्याण रोजगार योजना में छत्तीसगढ़ को शामिल नहीं करने पर प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि केन्द्र के भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों, महिलाओं मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। क्या केन्द्र की भाजपा सरकार यह समझते है कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ के गरीब मजदूरों भाइयों एवं बहनों का योगदान नही है?

प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार को पता होना चाहिए कि कोरोना महामारी में लाकडाउन के चलते मजदूरों को काम नही मिला और ना ही केन्द्र सरकार ने मजदूरों का साथ दिया और अंत में जब मजदूर मजबूर होकर अपने प्रदेश लौटना चाहा वहाँ पर भी केन्द्र में बैठा नरेन्द्र मोदी ने कहा जो मजदूर किराए देगा तो उसे परिवहन सुविधा देगे। भाजपा के नेता क्यों मजदूरों के मजबूरी का फायदे उठा रहे है?

प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मजदूर गरीब बहनों का भी वोट का कीमत उतना ही है जितना उद्योगपतियों का है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विगत 15 वर्षो तक शासन में रहा जिसमें गरीब मजदूर भाइयों एवं बहनों को उनके गरीबी को दूर करने के बजाय और गरीबी के ओर धकेल दिया गया था और अब केंद्र की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की गरीब मजदूर भाइयों एवं बहनों के ऊपर गरीब कल्याण रोजगार योजना में शामिल ना कर अन्याय कर रही है।

योग से बढ़ाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता, खुद को रखें निरोग

- एम्स ने डिजीटल माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दी महत्वपूर्ण जानकारियां

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के तत्वावधान में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एम्स के विभिन्न डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से योग के महत्व और विभिन्न आसनों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी का आह्वान किया गया कि वे नियमित योग आसन से स्वयं की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कोविड-19 जैसे महामारी का आसानी के साथ मुकाबला कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि एम्स में आयुष विभाग के अंतर्गत आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी के माध्यम से भी रोगियों की कई बीमारियों का इलाज किया जाता है। इसी क्रम में समाज को योग के माध्यम से निरोग रहने की विधाओं के बारे में जागरुक बनाने के लिए एम्स, रायपुर के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और मेडिकल ऑफिसर (योग) डॉ. विक्रम पई के निर्देशन में मेडिकल कालेज में योग पर आधारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के विशेष डिजीटल सेशन का आयोजन किया गया। इसमें योग के सामान्य आसानों की मदद से स्वयं की काया को रोगमुक्त रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस सेशन में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए आयुष के चिकित्सकों ने कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए जरूरी आसनों के बारे में भी बताया।

प्रो. नागरकर ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दुनियाभर में मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एम्स भी डिजीटल माध्यमों से योग को प्रोत्साहित कर रहा है। इसमें बच्चों से लेकर ज्यादा उम्र के लोग भी अपनी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न योग आसन कर सकते हैं। उन्होंने नियमित योग की मदद से स्वयं की ऊर्जा को बढ़ाकर आत्मविश्वास बढ़ाने और शारीरिक-मानसिक रूप से स्वयं को स्वस्थ बनाने का भी आह्वान किया।

ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने तथा ग्रामीणों को उनकी कुशलता और दक्षता के अनुरूप घर बैठे रोजगार कराया जा रहा है उपलब्ध

ग्रामोद्योग बना ग्रामीण महिलाओं के जीवनयापन का जरिया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामोद्योग को ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने अपने जीवनयापन का जरिया बनाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने तथा ग्रामीणों को उनकी कुशलता और दक्षता के अनुरूप घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

हाथकरघा संघ द्वारा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी 7000 महिलाओं को गणवेश सिलाई के माध्यम से नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी बुनकर महिलाओं ने कोरोना संकट और लॉकडाउन की विषम परिस्थिति को भी अपने हुनर और हौसले से लाभ के अवसर में बदल दिया है। समूह की 7000 बुनकर महिलाओं ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए बाजार में मास्क की डिमांड को देखते हुए सूती कपड़े का अच्छी क्वॉलिटी का 3 लाख 80 हजार मास्क तैयार किया। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए मास्क की सप्लाई विभागों और संस्थाओं को की गई। दो माह की अवधि में बुनकर महिलाओं ने लगभग 76 लाख का व्यवसाय किया। बुनकर महिलाओं ने अपने लाभांश राशि में से एक लाख 45 हजार 303 रूपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए और 1500 नग मास्क भेंट कर कोरोना की लड़ाई में अपनी अनुकरणीय सहभागिता निभाई हैं।

राज्य में हाथकरघा के माध्यम से वस्त्रों की बुनाई में जुटीं महिला स्व-सहायता समितियों एवं बुनकर समितियों ने लॉकडाउन की अवधि में 7 करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक का कारोबार किया है। हाथकरघा संघ द्वारा 12 हजार 600 हाथकरघों के माध्यम से प्रदेश के 37 हजार बुनकर परिवारों को वर्ष भर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार मूलक कार्यक्रम के अंतर्गत 661 इकाईयों की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। इनके जरिए 6 करोड़ 94 लाख 83 हजार रुपए का अनुदान वितरित कर 3965 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा खादीग्राम बोर्ड द्वारा महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से खादी वस्त्रों के मास्क और हर्बल साबुन का निर्माण किया जा रहा है। लॉकडाउन की अवधि में समूह की महिलाओं द्वारा 80 हजार मास्क का तैयार कर विभिन्न विभागों को प्रदाय किया गया है।

रेशम प्रभाग द्वारा इस कोरोना काल में विभिन्न जिलों के कोसा प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सरी एवं पौधारोपण का कार्य के माध्यम से 695 हेक्टेयर क्षेत्र में मनरेगा के तहत रोजगार सृजन का कार्य किया जा रहा है। इससे रेशम प्रभाग द्वारा 2.89 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजन हुआ है। रेशम धागाकरण कार्य में जुटीं महिला हितग्राहियों 3 करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से कुल 2500 नग मशीनें वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित है। राज्य के 67 रेशम केंद्रों में कीटपालन के साथ-साथ 91 स्व-सहायता समूहों की 1461 महिलाओं को अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामोद्योग विभाग के हस्तशिल्प बोर्ड द्वारा वर्तमान में 26 हजार शिल्पियों को उनके निवास में ही उन्हें प्रशिक्षण एवं टूल किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिल्पियों द्वारा निर्मित सामग्रियों की मार्केटिंग हस्तशिल्प विकास बोर्ड स्वयं कर रहा है, ताकि शिल्पियों को मार्केटिंग के लिए भटकना न पड़े। हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा जॉब वर्क संग्रहण योजना अंतर्गत 37 बांस शिल्पी परिवारों से दो हजार नग बैंबू ट्री-गार्ड तैयार कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसी कड़ी में माटीकला बोर्ड द्वारा 22 हजार शिल्पियों से उनके घरों में ही मटका, कलसी, कप, प्लेट, इत्यादि तैयार कराकर मार्केटिंग की व्यवस्था की गई है। माटीकला बोर्ड शिल्पियों को इलेक्ट्रॉनिक चाक भी प्रदाय कर रहा है, ताकि इनकी आमदनी बढ़े। शिल्पियों से लस्सी का गिलास, मिठाई की कटोरी आदि का निर्माण कराकर होटलों को आपूर्ति किए जाने की योजना है।

प्रदेश के 122 पौनी-पसारी बाजारों में शेड निर्माण के लिए 31.37 करोड़ मंजूर

- 0-योजना के तहत 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में पारम्परिक व्यवसाय से जुड़े बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पौनी-पसारी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राज्य के 79 नगरीय निकायों में 122 पौनी-पसारी बाजार शेड निर्माण के लिए 31 करोड़ 37 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। अलग-अलग नगर निगमों के 13 स्थानों पर 47 पौनी-पसारी बाजार शेड के लिए 12 करोड़ 18 लाख रूपए, 26 नगर पालिका परिषदों में 35 पौनी-पसारी बाजार के लिए नौ करोड़ चार लाख रूपए की मंजूरी मिली है। इसी तरह 40 नगर पंचायतों में 40 स्थानों पर पौनी-पसारी बजार शेड निर्माण के लिए 10 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति दी गई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के सभी 166 नगरीय निकायों में जनसमान्य एवं बेरोजगार नवयुवक-नवयुवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पौनी-पसारी योजना शुरू की गई है। पौनी-पसारी निर्माण की लागत लगभग 30 लाख रूपए निर्धारित की गई है। योजना के तहत निकाय क्षेत्रों में परम्परागत व्यवसाय जैसे लोहारी, कुम्हारी, मनिहारी, कोष्टा-कपड़े आदि के लिए चबूतरा और शेड निर्माण कर बहुत ही कम कीमत मात्र 10 रूपए दैनिक किराये पर उपलब्ध कराते हुए व्यवसाय करने की सुविधा दिए जाने का प्रावधान है। योजना में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत शेड सुरक्षित रखने का भी प्रावधान किया गया। योजना के तहत 73 करोड़ रूपए की राशि व्यय कर करीब 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने का

संपादकीय

चीन को भारत का कड़ा संदेश

दुनिया के सबसे बड़े भू-माफिया चीन की विस्तारवादी नीति भारत में नहीं चलेगी। लद्दाख में चीन ने ऐसी कोशिश की लेकिन उसे डोकलाम की तरह ही एक बार फिर मुंहकी खानी पड़ी। यद्यपि इस दौरान हुए खुनी संघर्ष में भारत के 20 जवानों की शहादत हो गई लेकिन चीन के भी 50 से अधिक सैनिक मारे गए। खबर तो यह भी है कि भारतीय सैनिकों ने चीनी सेना के एक कर्नल को भी अपने कब्जे में कर लिया था जिसे बाद में छोड़ा गया। भारत के इस आक्रमक तेवर को देखकर चीन सक्ते में आ गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मुद्दें पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें दो राजनीतिक दलों को छोड़कर शेष सभी विपक्षी दलों ने भारत सरकार और भारतीय सेना के प्रति अपना विश्वास जताया है। सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी को आश्वस्त किया है कि चीन को भारत की एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे। भारत अपनी संप्रभुता और अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। भारतीय सेना को खुल छूट दे दी गई है। वे अब चीन के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्वतंत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन को भी कड़ा संदेश दे दिया है कि वह अपनी सीमा न लांघे भारत शांति का हिमायती है लेकिन अगर कोई आंख दिखाएगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। सर्वदलीय बैठक के बाद लद्दाख में ही नहीं बल्कि चीन से लगने वाले सभी सीमा क्षेत्रों में भारतीय सेना की तैनाती और चौकसी बढ़ा दी गई है। थलसेना वायुसेना और जल सेना तीनों को ही अलर्ट पर रखा गया है। ताकि चीन के किसी भी हिमाकत का तत्काल मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। लद्दाख में लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और चप्पे-चप्पे नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही चीन से लगने वाली भारतीय सीमा के भीतर सड़क और पुल निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। जंग होने की स्थिति में भारतीय सेना के साजों सामान जल्द-जल्द सीमा तक पहुंचाए जा सके। कुल मिलाकर भारत ने तमाम एहतियाती कदम उठा लिए है। यद्यपि भारत चीन पर आक्रमण की पहल नहीं करेगा। लेकिन यदि चीन तरफ से किसी भी तरह का हमला होता है तो भारतीय सेना उसे कड़ा जवाब देने के लिए कमर कस चुकी है। इस बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के तमाम नेताओं से चर्चा करके उन्हें भी चीन की इस गुस्ताखी से औगत करा दिया है। अमेरिका, इजराइल, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे तमाम देशों को युद्ध की दशा में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। जबकि चीन अलग-थलग पड़ता जा रहा है। उसके साथ सिर्फ पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया ही है। जाहिर है यदि चीन अपनी चालबाजी से बाज नहीं आता है और सीमा पर तनाव बढ़ाता है तो जंग के हालात निर्मित होने पर भारत उसे ऐसा सबक सिखाएगा जिसे चीन कभी नहीं भूल पाएगा।

कोरोना का मनोवैज्ञानिक प्रभाव

रमेश पोखरियाल 'निशंक'

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री

हालांकि ये निष्कर्ष मेरी आत्मा को उसी समय दुखी करते हैं और मुझे बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में बदलाव के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।मैं अध्ययन समूह द्वारा दिए गए सुझावों से दृढ़ता से सहमत हूं कि कोरोना काल के बादए हमें एक राष्ट्र के तौर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मानसिक स्वास्थ्य निवारक घटक को मजबूत करने की आवश्यकता है। साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य के अभिन्न अंग के रूप में समुदाय.आधारित मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन और स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य प्रोत्साहन नीतियों पर जोर दिए जाने की जरूरत है। कोरोना काल के बाद हमें बहु.आयामी बनना होगाए जिसमें एक लचीले एवं अनुकूलित समाज के लिए शारीरिक स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षाए सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अनुकूल और एक जन.आधारित मानसिक स्वास्थ्य निवारक कार्यक्रम तैयार करना होगा।

माननीय प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 3º0 में छात्रों को तनावए चिंता और दबाव से निपटने की रणनीति बताते हुए कहा हैए श्हमारी मानसिक स्थिति ऐसी होनी चाहिए कि भले ही हम एक बार असफल हो जाएंए हमें फिर से प्रयास करना चाहिए। यह मनोभाव हर छात्र के जीवन में होना चाहिए।श् हालांकि कोविड.19 महामारी ने छात्रों और अन्य लोगों को समान रूप से प्रभावित किया हैए जिसके परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर तनावपूर्ण स्थिति है। इसने हमारी सामान्य दिनचर्या को प्रभावित कर कई तरहकी चुनौतियां पैदा कर दी हैं और हर आयु वर्ग के लोगों और पेशेवरों में तनाव व चिंताओं को बढ़ा दिया है। मानसिक स्वास्थ्य का समाज की बेहतरी और उत्पादकता के साथ पारस्परिक संबंध है। दुनियाभर में मानसिक और व्यवहार संबंधी विकारों की कुल बीमारियों में 11 प्रतिशत की हिस्सेदारी हैए जो विकलांगता.समायोजित जीवन वर्ष ;डीएएलवाई यानी खराब स्वास्थ्यए विकलांगता या जल्दी मौत के कारण बर्बाद हुए सालद्ध में समझी जा सकती हैय इसके 2020 तक 15 प्रतिशत बढ़ने की भविष्यवाणी की गई है। यह विडंबना है कि डब्लूएचओ द्वारा हाल में जुटाए गए आंकड़े बताते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए देशों में उपलब्ध संसाधनों और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण बढ़े बोझ के बीच एक बड़ा अंतर है।

डब्लूएचओ के अनुसारए स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य इक्विटी के निर्धारकों पर सकारात्मक प्रभाव के लिए चिकित्सासेवा क्षेत्र और आर्थिकए पर्यावरण व सामाजिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली नीतियों की आवश्यकता है। इसके अलावा बहुत सारी चीजें और पहल हैंए जो आप और मैं हमारे मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने और दूसरों की मदद के लिए कर सकते हैंए जिन्हें कुछ अतिरिक्त सहायता और देखभाल की आवश्यकता हो सकती है। मैं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने कोविड.19 महामारी के दौरान आर्थिक राहत पैकेज के तहत विद्यार्थियोंए परिवार के सदस्यों और शिक्षकों के मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए पहल की घोषणा की। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए श्महामारी का मानसिक.सामाजिक प्रभाव और उससे कैसे निपटेंश् शीर्षक से कोरोना अध्ययन श्रृंखला

की अवधारणा पर काम कियाए जिससे कोरोना के बाद सभी उम्र समूह के पाठकों की जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकें। ये पुस्तकें तमाम टेलीफोन कॉल्स और प्रख्यात मनोवैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न उम्र समूहों में कराए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण और शोध पर आधारित हैंए जिसे सात पुस्तिकाओं में प्रकाशित किया गया।

यह अद्भुत काम साझा करने लायक हैए प्रकाशनों से कुछ उद्धरण इस प्रकार हैं. सामाजिक दूरी का भविष्यः बच्चोंए किशोरोंए युवाओं के लिए नई बुनियादयमें इस बात का जिक्र है कि विद्यार्थियों ने कैसे चिंताए तनावए अनिश्चितता और घबराहट का सामना किया और कैसे वे पढ़ाई और जीने के नए तरीकों से तालमेल बिठा रहे थे। समानांतर रूप से कैसे वे तकनीक से परिचित होने के क्रम में सीखनेए अपने कौशलए हुनर को मांझने के लिए उनका दोहन करने का प्रयास करते हैं।कोरोना से संघर्ष में घिरनाः कामकाजी लोगों के लिए एक नजरियाए यह बोध कराता है कि कोविड 19 महामारी की हताश करने वाली स्थिति ने काम करने वाले पेशेवरों के लिए सामाजिक.आर्थिक और व्यक्तिगत चुनौतियों का एक समूह विकसित किया है।

यह दुख की बात है कि मेरे प्यारे देश में बहनों एवं माताओं को इस महामारी के दौरान घरेलू हिंसा एवं मादक द्रव्यों के सेवन के बढ़ते रूपों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह के मामलों से निपटने के लिए उनके पास सहायता प्रणाली की भी कमी है। घर में नए मोर्चों की स्थितिरू महिलाओंए माताओं और माता.पिता के लिए एक दृष्टिकोण महिलाओं के दुर्व्यवहार की स्थिति को दर्शाता है। हालांकि इन चुनौतीपूर्ण हालात का डर हम पर हावी होने की कोशिश करता हैए लेकिन हमें खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए अपना काम मिलकर करने की आवश्यकता है। मानसिक तनाव के कई अर्थों एवं रंगों के साथ शरद ऋतु में कमजोररू बुजुर्गों का समझनाए सुझाव देता है कि बुजुर्गों को एक पारिवारिक परामर्शदाता की भूमिका देने की आवश्यकता है क्योंकि उनके पास वर्तमान पीढ़ी का मार्गदर्शन करने के लिए व्यापक व्यक्तिगत और सामाजिक अनुभव एवं ज्ञान है। दिव्यांगों की चिंताओं को समझना और अलगाव तथा लचीलापन में उल्लेख है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे धीरे.धीरे सुस्तए ऊबाऊ और अलग.थलग महसूस करने लगे हैं। उन्होंने संक्रमित होने पर चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में समान पहुंच और प्राथमिकताओं को लेकर चिंताओं का सामना किया।

इस दौरान देश ने कोरोना योद्धाओं का असाधारण समर्थन देखा हैए चाहे वह डॉक्टर होंए नर्सें हों या अन्य मेडिकल स्टाफ हों। एक तरफ उन पर दूसरों के जीवन को बचाने का दबाव है और दूसरी तरफ उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता से भी जूझना पड़ता है। हम ऐसे दर्द और तनाव में अपने योद्धाओं को कैसे छोड़ सकते हैंय्कोरोना वारियर्स होने की परखरू चिकित्सा और आवश्यक सेवा प्रदाताओं के लिए एक दृष्टिकोण उन्हें बेहतर मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद करने के लिए स्व.प्रशासनिक चिकित्सीय साधन प्रदान करता है।आगे चलकरए यही भयए भेदभाव और सामाजिक लांछनए कोरोना प्रभावित परिवारों को समझने में उकसाती है।

हालांकि ये निष्कर्ष मेरी आत्मा को उसी समय दुखी करते हैं और मुझे बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में बदलाव के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।मैं अध्ययन समूह द्वारा दिए गए सुझावों से दृढ़ता से सहमत हूं कि कोरोना काल के बादए हमें एक राष्ट्र के तौर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मानसिक स्वास्थ्य निवारक घटक को मजबूत करने की आवश्यकता है। साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य के अभिन्न अंग के रूप में समुदाय.आधारित मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन और स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य प्रोत्साहन नीतियों पर जोर दिए जाने की जरूरत है। कोरोना काल के बाद हमें बहु.आयामी बनना होगाए जिसमें एक लचीले एवं अनुकूलित समाज के लिए शारीरिक स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षाए सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अनुकूल और एक जन.आधारित मानसिक स्वास्थ्य निवारक कार्यक्रम तैयार करना होगा।

विचार

गलवान पर ये रहस्य खोले जाएं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पिछले चार दिन से मैं सोच रहा हूं कि क्या वजह है कि हमारे प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने चीन के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं बोला जबकि भारत के आम लोगों का खून गरमाया हुआ है ? वे जगह-जगह चीन-विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं, मोदी के मित्र चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के पुतले जला रहे हैं, चीनी माल के बहिष्कार की मांग कर रहे हैं और चीन को सबक सिखाने की बात कह रहे हैं। हमारे 20 जवानों की अंतिम-यात्रा के दृश्य टीवी चैनलों पर देखकर दिल दहल उठता है। हमारे नेताओं ने उनकी बहादुरी को सलाम किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी, यह अच्छा किया लेकिन अभी तक सरकार ने स्पष्ट रुप से यह नहीं बताया कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच यह झड़प ठीक-ठाक कहां हुई, नियंत्रण रेखा से कितनी दूरी पर हुई और दोनों तरफके सैनिकों के बीच ऐसी कौनसी बातें या कार्रवाइयां हुईं, जिनके कारण ऐसा कुछ हुआ, जैसा कि इस 3500 किमी की सीमा-रेखा पर पिछले 45 साल में कभी नहीं हुआ। भारत-चीन सीमांत की इस शांति या मर्यादा की मिसाल मैं हमेशा पाकिस्तान के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और जनरलों को देता रहा हूं। उनसे कहता रहा हूं कि कश्मीर के मामले में भी हम इस परंपरा का पालन क्यों नहीं करें ? अब संतोष की बात यही है कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने एलान किया है कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी और सारे मामले बातचीत से हल किए जाएंगे। इससे भी बड़ी पहेली यह है कि 15 जून की रात को शुरु हुआ यह खूनी संघर्ष सुबह 4 बजे तक चलता रहा और सुबह 7.30 बजे दोनों देशों के जनरल बातचीत करने बैठ गये। यह बड़ा रहस्य है। होना तो यह चाहिए था कि हमारे निहत्थे फौजियों की हत्या के बाद हमारी बंदूकें, तोपें और मिसाइल दगने शुरु हो जाने चाहिए थे। यदि चीनियों ने लाठियों में लोहे के कांटे लगाकर हमारे सैनिकों की हत्या की और सीमांत पर निहत्थे रहकर बात करने का समझौता भंग किया तो हमारी फौज क्या कर रही थी ? वह भी उसी तरह की लाठियां लेकर और कवच पहनकर वहां क्यों नहीं गई ? हमारे सैनिकों को चीनियों ने गिरफ्तार किया तो कहां से किया ? उनके क्षेत्र से किया या हमारे क्षेत्र से किया ? संसद में यह सब मांगें की जानी चाहिए और सरकार को पूरी जांच करके इसकी रपट देश के सामने पेश करनी चाहिए। हमारे एक-एक सैनिक की जान अमूल्य है। अभी ठीक से यह भी पता नहीं कि कितने चीनी सैनिक मारे गए ? चीन प्रायः अपने मृत सैनिकों की संख्या बताता कम, छिपाता ज्यादा है।

चीन की आर्थिक रीढ़ पर चोट करने का समय

डॉ. श्रीनाथ सहाय

जनता के साथ ही व्यापारियों का भी फर्ज है कि वे चीन के सस्ते माल से मुनाफा कमाने का लालच छोड़कर इस चालाक दुश्मन की रीढ़ पर प्रहार करने में सहायक बनें। ये समय सरकार और सेना के साथ खड़े होने का है। व्यापारी समुदाय के अनेक संगठनों ने चीन से व्यापारिक रिश्ते खत्म करने का फैसला लेकर अच्छी शुरुवात कर दी है। लेकिन चीनी वस्तुओं के बहिष्कार की बात क्षणिक उन्माद न होकर एक राष्ट्रीय अभियान होना चाहिए। ये लड़ाई सीमा से ज्यादा आर्थिक मोर्चे पर भी लड़ी जावे तभी चीन दबाव में आयेगा। अब जंग शुरू हो ही गयी तो फिर उसे अंजाम तक ले जाना ही उचित होगा। वहीं चीन से व्यापारिक मुकाबला करने के लिए सरकार को उद्योगों व उद्यमियों को अनावश्यक लालफीताशाही से मुक्त कर बेहतर निर्यात नीति बनानी होगी।

गलवान घाटी में जो कुछ भी हुआ वो दर्दनाक और पीड़ादायक है। सीमा विवाद में भारत और चीन के दर्जनों सैनिक जान से हाथ धो बैठे या घायल हो गये। भारत के 20 सैनिक मारे जाने से पूरे देश में जबरदस्त गुस्सा है। गलवान घाटी की घटना के बाद से देश में फिर एक बार चीनी सामान के बहिष्कार की मुहिम सी छिड़ गई है। सरकारी स्तर पर चीनी सामान के बहिष्कार की कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन जनता खुद ही गुस्से में है और उसने इस बार चीन को सबक सिखाने का मन बना लिया है। असल में अतंरराष्ट्रीय समझौतों के तहत सरकार व्यापार नहीं रोक सकती। लेकिन जनता पर इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। ये उसकी इच्छा पर निर्भर करता है कि वो कौन सा सामान खरीदे। चीन को सबक सिखाने के लिए भारतीय नागरिकों ने सोशल मीडिया पर चीनी सामान के बहिष्कार की मुहिम चलाई है। यह मुहिम अपना रंग दिखा रही है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय बाजार में जब से चीनी सामान से पट गए, तब से भारत में कुम्हार के चाक की गति मंद ही नहीं हुई, बल्कि बहुत हद तक उनका चाक बंद हो गया है। लकड़ी, मिट्टी और चीनी के खिलौने बनाने वाले लोगों कारोबार काफी हद तक प्रभावित हुआ है। चीनी पटाखों ने कई भारतीय पटाखा कारखानों के शटर गिरा दिए। दीपावली पर सस्ती चीनी लाइट आने से भारतीय इलेक्ट्रीशियनों का काम ठप हो गया। रक्षाबंधन पर भारतीय राखी कारोबार पर गहरी चोट पहुंची है।हालात यहां तक हैं कि पूजन सामग्री तक चीन से बनकर आ रही है। इसलिए चीनी सामान का बहिष्कार उचित है। कनफेडेरशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने चीनी सामान के बहिष्कार और भारतीय सामान के उपयोग को बढ़ावा देने के अपने राष्ट्रीय अभियान ÷भारतीय सामान-हमारा अभिमान÷ के अंतर्गत कमोडिटी की 450 से अधिक कैटेगरी की वृहद सूची जारी की है। इस सूची में 3000 से अधिक ऐसे उत्पाद हैं, जो चीन में निर्मित होकर भारत में आयात होते हैं। इनके बहिष्कार का आह्वान कैट ने अपने अभियान के प्रथम चरण में किया है। कैट ने दिसम्बर 2021 तक भारत द्वारा चीन

से आयात में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की कमी करने का लक्ष्य रखा है। कैट की इस सूची में रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुएं, खिलौने, फर्निशिंग फैब्रिक, टेक्सटाइल, बिल्डर हार्डवेयर, फुटवियर, गारमेंट, किचन का सामान, लगेज, हैंड बैग, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन अपैरल, खाद्यान, घड़ियां, जेम्स एवं ज्वेलरी, वस्त्र, स्टेशनरी, कागज, घरेलू वस्तुएं, फर्नीचर, लाइटिंग, हेल्थ प्रोडक्ट्स, पैकेजिंग प्रोडक्ट, ऑटो पार्ट्स, यार्न, फेंगशुई आइटम्स, दिवाली एवं होली का सामान, चश्मे, टेपेस्ट्री मैटेरियल आदि शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में चीन से भारत द्वारा आयात लगभग 5.25 लाख करोड़ अर्थात 70 अरब डॉलर वार्षिक का है. कैट ने प्रथम चरण में उन 3000 से अधिक वस्तुओं का चयन किया है, जो भारत में भी बनती हैं लेकिन सस्ते के प्रलोभन में अब तक चीन से इन वस्तुओं का आयात हो रहा था। इन वस्तुओं के निर्माण में किसी प्रकार की कोई टेक्नोलॉजी की आवश्यकता नहीं है। इसलिए भारत में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग चीनी वस्तुओं के स्थान पर बहुत आसानी से हो सकता है और भारत इन वस्तुओं के लिए चीन पर अपनी निर्भरता को काफी कम कर सकता हैं।

हालांकि चीन को सबक सिखाना इतना आसान भी नहीं हैं क्योंकि उसका सामान सस्ता भी है और फिलहाल उसकी बराबरी करने वाला भी मौजूद नहीं है। चीनी सामान के बहिष्कार के साथ जमीनी सच्चाई यह भी है कि इलेक्ट्रानिक उत्पादों का कोई मजबूत विकल्प हमारे सामने नहीं है। देश में स्मार्टफोन बाजार 2 लाख करोड़ रुपये का है, जिसमें चीन की हिस्सेदारी 72फीसदी है। चीनी स्मार्टफोन से निजात पाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि इस दबदबा हर प्राइस सेगमेंट में है और आरऐंडडी में भी यह काफी आगे है। दूरसंचार उपकरणों का बाजार 12,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें चीन की हिस्सेदारी 25 फीसदी है। चीनी दूरसंचार उपकरणों से भी निजात पा सकते हैं, लेकिन यह हमारे लिए काफी महंगा पड़ेगा। टेलिकॉम कंपनियों के मुताबिक, अगर वे अमेरिकी तथा यूरोपीय दूरसंचार उपकरणों को खरीदने का विचार करते हैं तो उनकी लागत 10-15 फीसदी तक बढ़ जाएगी। भारत में टेलिविजन का बाजार 25,000 करोड़ रुपये का है। स्मार्ट टेलिविजन बाजार में चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 42-45 फीसदी और गैर-स्मार्ट टेलिविजन मार्केट में 7-9 फीसदी है। इस मार्केट सेगमेंट में भी हम चीनी माल से निजात पा सकते हैं, लेकिन यह बेहद महंगा पड़ेगा, क्योंकि गैर-चीनी टेलिविजन 20-45 फीसदी महंगे हैं। देश में होम अप्लायंसेज का मार्केट साइज 50 हजार करोड़ रुपये का है, जिसमें चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 10-12ः है। इस सेगमेंट में हम आसानी से चीनी माल से निजात पा सकते हैं, लेकिन अगर कोई बड़ी चीनी कंपनी इस सस्ते उत्पादों के साथ उतरती है तो फिर बेहद मुश्किल होगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बिठा पलकों तले तुझको नजर तेरी

बिठा पलकों तले तुझको, नज़र तेरी उतारूँ मैं चला भी आ कहाँ है तू डगर तेरी निहारूँ मैं हवाओं की तरह सजना मिलन अपना हमेशा हो जहां हो लौट कर आना अगर तुमको पुकारूं मैं। **निधि मुकेश भार्गव**

अप्राकृतिक, आँधी-ओले में, पेड़ों के

अप्राकृतिक, आँधी-ओले में, पेड़ों के पत्ते टूट जाना नहीं है! और नहीं है ये, सारे फल भी गिर जाना! बल्कि, अप्राकृतिक है, दुबारा फल नहीं आना उसका छायाविहीन हो जाना ठूँठ हो जाना! मैंने तुम्हें प्रेम करते हुए, एक पेड़ लगाया था, वो आज ठूँठ हो गया है। **यू एस मिश्रा स्वप्निल**

ख़ास पाती

जैसे जिंदगी अचानक खेलने

जैसे जिंदगी अचानक खेलने लगी हमारे साथ स्टॉप-स्टॉप और स्टॉप बोल कर भूल गयी जैसे कोई बहुत जरूरी बातचीत होते होते फोन हैंग हो जाये होल्ड पर जैसे मनपसंद कोई गीत पॉज हो जाये सुनते सुनते जैसे सफर कोई ठिठक जाये अचानक बगैर किसी संभावना ऐसी ही हो गयी है ज़िंदगी इन दिनों बहुत सी आंखों में सपने कंकरों से रड़कने लगे है नमी सूख चुकी है अश्रुओं का अकाल है शायद। **सरिता त्रिवेदी**

आ! जग फिर जंग कर लें मानव

आ! जग फिर जंग कर लें मानव को फिर मानव मारे पशुता सा व्यापार रच लें आ! जग फिर जंग कर लें मानवता का रक्त पीं लें आज धरा रक्त -रंजित फिर कर लें आ ! जग फिर जंग कर लें ये तेरी धरती, ये मेरी धरती आसमां भी अब अलग कर लें आ! जग फिर जंग कर लें कुछ तुम मारो और कुछ हम ममता का कलेजा फिर छलनी कर दें आ! जग फिर जंग कर लें क्या मिला है वर्तमान में इतिहास जंगों की देख लें आ! जग फिर जंग कर लें। **नीरज वर्मा नीर**

जागने वालों का कोहराम सुनकर

जागने वालों का कोहराम सुनकर मैं सो गया आंखें खुली तब पता चला कि यह क्या हो गया कोलाहल, प्रतिस्पर्धा एक दूसरे से आगे बढ़ने की सोच क्या हमें धीरे-धीरे मार रही है क्या हम जानवर से भी बदतर होते जा रहे हैं जहां पर संवेदनाओं का कोई मोल नहीं बस हानि और लाभ के मापदंड से आप रिश्तो का ताना-बाना चुनते हैं इस भयंकर त्रासदी से ज्यादा अच्छा तो मौन हो जाना है जब आप स्वयं भू महसूस करते रहेंगे तो समाज रूपी व्यवस्था को आप कतई नहीं समझ सकते भागदौड़ आखिर कब तक? **प्रवीण माटी**

हाँ! तुमने इश्क के जोड को देखा

हाँ! तुमने इश्क के जोड को देखा और मैंने उसके तोड़ को इश्क का जुडना इश्क का टूटना दोनों किसी भी तरह की उम्मीद, समझोते से परे हैं। जाने क्या रिश्ता है, लाख मनाओ, लाख बुझाओ, इश्क जुडने पर नहीं टूटता कभी ना इश्क टूटने पर कभी जुडता! **सुलोचना खुराना**

दिन रात का यह मिलन सृष्टि

दिन रात का यह मिलन सृष्टि की सुंदर रचना हैं अप्रतीम सा दीखता यह सौन्दर्य शाम का अद्वितीय नजारा हैं सांझ ढले कैसा लगता है, मन मुस्काता सा लगता है चादर ओढ़े लालिमा की दिन उसके रंग में रंगता है शाम सुहानी शांत सुरीली, मधुर बांसुरी तान लगता है। **डॉ. दुलारी चंद्राकर**

चीन कैसा है चतुर, बातें करता

चीन कैसा है चतुर, बातें करता मधुर आस्तीन में सर्प बिन, आता ही नहीं है चैन मार डाले कई योद्धा, किया आक्रमण ऐसा शांति मिले नहीं हमें, विकल हैं दिन रैन घड़ी घड़ी द्वारे जाके, आँखे हैं निहारे बाट देख सूना दरवाज़ा, क्यों न भर आएँ नैन बिछावन को टटोले, झाँके इधर उधर तरसे हैं तब कर्ण, सुनने उसीके बैन। **नीलोफ़र नीलू**

पेड़ मनुष्य ही नही चिड़ियां भी

पेड़ मनुष्य ही नही चिड़ियां भी उगाती है करके इकट्ठे विभिन्न बीजों को खाकर अपने बीट के माध्यम से उसे पता है घोंसला वह पेड़ो पर ही बनाती है वह उगा सकती है पेड़ मुश्किल यही कि कभी बचा नही सकती। **संत आर थवाईत**

QUIZ TIME

1) किस देश ने पहली आर्कटिक ट्रेन सेवा शुरू की है?

2) विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है? (8 जून / 12 जून)

3) दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली?

4) ऑटोमोबाइल प्रमुख महिंद्रा ने अपने डीलरों के नेटवर्क के बीच संतुष्टि के स्तर सहित विभिन्न संकेतकों पर मेला लगाने के लिए किस देश में गोल्ड अवॉर्ड जीता?

5) महिला का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) रूस (2) 8 जून (3) धीरूभाई नारनभाई पटेल (4) दक्षिण अफ्रीका (5) ताओ पोर्चोन-लिंच, विश्व की सबसे उम्रदराज योगा टीचर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और दुनिया के इतिहास में 22 जून की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1555 : हुमांयू ने सिकंदर सूरी को पराजित कर अकबर को उत्तराधिकारी घोषित किया। 1740 : पर्शिया के राजा फ्रेडरिक द्वितीय ने अत्याचार की समाप्ति और प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी ली। 1799 : ब्रिटेन और रूस ने बातापेसे गणराज्य पर आक्रमण करने का फैसला किया। 1814 : एचएमएस लेन्डर ने यूएसएस रैटलस्नेक को सैबल आइलैंड, नोवा स्कोटिया में हराया। 1826 : पनामा के पैन-अमेरिकन कांग्रेस ने अमेरिका के गणराज्यों को एकजुट करने की (असफल) कोशिश की। 1844 : येल विश्वविद्यालय में डेल्टा कप्पा एप्सिलन सोसायटी की स्थापना हुई थी।

79 वर्ष के हीरालाल व पौने दो वर्ष के रुद्रांश गर्ग सहित चार पीढ़ियों ने एक साथ किया योग

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। विगत 5 वर्षो से विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में बिलासपुर के सिटी मॉल 36 प्रबंधन, बैंकर्स क्लब, आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग 36 मॉल प्रांगण में विशाल योग शिविर का आयोजन किया जाता रहा हैं। इस वर्ष कोविड 19 के कारण सुरक्षात्मक कारणों से समस्त सामूहिक आयोजनों पर प्रतिबंध होने से आज अपने अपने निवास पर परिजनों के साथ योग करने का आव्हान किया गया था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के प्रयासों से 6 वर्ष पूर्व सबसे बड़े दिन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जे पी हाईट्स निवासी 79 वर्षीय हीरालाल अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती विमलादेवी अग्रवाल, 55 वर्षीय पुत्र ललित अग्रवाल, पुत्रवधु श्रीमती निशा अग्रवाल, 28 वर्षीय पौत्र निलेश अग्रवाल, पौत्रवधु श्रीमती मोनिका अग्रवाल, पौत्र मयंक अग्रवाल व पौने दो वर्षीय प्रपौत्र मास्टर रुद्रांश गर्ग के साथ अपने निवास पर ही योग में शामिल हुये। उन्होंने बताया कि सनातन जीवन शैली व आहार विहार, योग व प्राणायाम के कारण ही कोविड 19 के प्रकोप का भारत मे तुलनात्मक कम दुष्परिणाम दृष्टिगत हुआ है। गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद एलएसी पर भारत चीन के बीच तनावपूर्ण स्थिति पर उन्होंने 1962 के भारत चीन युद्ध को याद करते हुए आमजनता से अपील की हैं कि संकट के इस दौर में आपसी मतभेद भुलाकर प्रधानमंत्री जी को पूर्ण सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकारें नीति बना सकती हैं। सैनिक बार्डर पर देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों की बलि दे सकते हैं। लेकिन इन सबसे अधिक हम समस्त भारतवासी की जिम्मेदारी हैं कि वे संकट के इस दौर में समस्त चायनीज प्रोडक्ट्स की होली जलाकर कर ना केवल सैनिकों का मनोबल ऊंचा करें बल्कि स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल कर देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि आज सबसे बड़ा दिन होने के इस सदी का बड़ा सूर्यग्रहण भी हैं। देश लगातार बढ़ते हुए कोरोना पेशेंट, मजदूरों का पलायन, चरमराती अर्थव्यवस्था, पाकिस्तान की आतंकी घटनाओं के साथ अब चीन के नापाक इरादों से जूझ रहा हैं। अतः समस्त देशवासी अपने नेतृत्व पर भरोसा रखकर तन मन धन से सरकार को सहयोग करे। उन्होंने सभी को नियमित योग कर निरोगी रहने की सलाह दी।

अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर टीम कोतवाली पुलिस की टीम ने किया योग

बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी मोहम्मद कलीम खान और प्रशिक्षु डीएसपी ललिता मेहर के नेतृत्व में थाना स्टाफ और सभी एसपीओ ने रिवरव्यू में प्रातः 7 बजे योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया,साथ ही योग से होने वाले शारीरिक मानसिक लाभ के बारे में भी चर्चा की गई।

तत्पश्चात थाना परिसर की पुलिस स्टाफ एवं एसपीओ की टीम के साथ पूरे थाना सहित कालोनी परिसर की साफसफाई भी की गई,जिसमे सभी एसपीओ द्वारा बढ़चढ़ कर श्रमदान किया गया और यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि योग का अनुसरण कर स्वस्थ रहें एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखे

थाना प्रभारी कलीम खान व प्रशिक्षु डीएसपी ललिता मेहर ने लोगो से भी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की,उन्होंने कहा कि भारत की बहुत प्राचीन परंपरा में से एक है योग,जिसे हम अष्टांग योग के रूप में भी जानते है,यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठ हिस्से अष्टांग योग के है,आसन इन सबका जोड़ है लेकिन यम और नियम पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

एसपी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए कोरेंटाइन सेंटर और कंटेनमेंट जोन का निरीक्षण

बिलासपुर । पुलिस अधीक्षक प्रशान्त अग्रवाल द्वारा ज़िले के ग्रामीण इलाक़ों के कोरेंटाइन सेंटर, कंटेनमेंट ज़ोन एवं पचपेड़ी थाना और मल्हार चौकी का औचक निरीक्षण किया गया। पचपेड़ी थाना एवं मल्हार चौकी पहुँचकर उन्होंने लम्बित प्रकरण एवं मर्ग और शिकायतों की समीक्षा कर इसे जल्द पूरा करने के थाना व चौकी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये । दरअसल पिछले कुछ अर्से से कोरोना संक्रमण के मद्देनज़र लॉकडाउन को सफल बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। जिसे अंजाम देने में पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने अपनी पूरी ऊर्जा झोंक रखी थी। इन कार्यों में पुलिस की व्यस्तता के कारण बेसिक पुलिसिंग के पर पुलिस के प्रमुख कार्यों में एक प्रकार का ठहराव सा नज़र आने लगा था। जिसे पूर्व की भाँति गति देने की आवश्यकता थी। अतः पुलिस अधीक्षक ने पेंडिंग गिरफ़्तारी, लम्बित अपराध मर्ग शिकायत वॉरंट और समन आदि की समीक्षा करते हुए ÷निकाल करने÷ हेतु निर्देश दिया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कोरोना वाइरस कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए बनाए गए कोरेंटाइन सेण्टर एवं कंटेनमेंट ज़ोन का भी निरीक्षण कर वहाँ तैनात पुलिसकर्मियों व एसपीओ, कोटवार सहित अन्य कर्मियों जरूरी निर्देश देते हुए उनकी अपनी सुरक्षा के संबंध में भी गाइड किया तथा जरूरी टिप्स दिए । कोरेंटाइन सेण्टर में संधारित किए जाने वाले रजिस्टर का भी अवलोकन कर सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर वहाँ के प्रवासियों श्रमिकों से भी चर्चा की। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक के इस औचक निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीओपी सुनील डेविड, थाना प्रभारी पचपेड़ी अनन्त और मल्हार चौकी प्रभारी तिवारी एवं अन्य स्टाफ़ मौजूद रहे।

महामाया मंदिर में गुप्त नवरात्र, 29 जून तक चलेगा आराधना

बिलासपुर । आषाढ़ शुक्ल पक्ष में गुप्त नवरात्र का प्रारंभ 22 जून से हो रहा है। सिद्ध शक्ति पीठ माँ महामाया मंदिर में गुप्त नवरात्र में होने वाली पूजा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गुप्त नवरात्र सोमवार से शुरू होगा और 29 जून सोमवार नवमी के दिन समापन होगा। इस वर्ष गुप्त नवरात्र आठ दिन के होंगे। नवरात्र में छठवीं तिथि का क्षय शुक्रवार के दिन हुआ है, इसलिए पंचमी और छठ पूजा एक ही दिन शुक्रवार को होगी। माँ महामाया मंदिर में गुप्त नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को घट स्थापना एवं देवी पूजन का शुभ समय सुबह 5.28 बजे से सुबह 7.10 बजे अमृत बेला तथा सुबह 8.52 से 10.34 बजे शुभ बेला में किया जाएगा। मां दुर्गा के नौ रूप शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री माता हैं, जिनकी नवरात्र में पूजा की जाती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अपने निवास में किया योगाभ्यास

दंतेवाड़ा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अदिति सोनी के साथ आज सुबह 7 बजे अपने निवास में योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग' का अर्थ शरीर और चेतना को एक साथ मिलाना है। इस वक्त लोग वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति को मजबूत करने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने के लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी और आम नागरिकों से भी अपने अपने घरों में योग करने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर हर वर्ष 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए छठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जा रहा है, इसे डिजिटल प्लेटफार्म पर मनाया जा रहा है।

कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी.एस. एल्मा ने जिले के विकास खंड पथरिया के ग्राम मचहा तथा विकासखंड लोरमी के ग्राम सुकली स्थापित क्वारेंटाइन सेंटर मे ठहरे 4 प्रवासी श्रमिक की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाये जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को देखते हुए विकास खण्ड पथरिया के ग्राम मचहा तथा विकासखंड लोरमी के ग्राम सुकली परिक्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। घोषित कंटेनमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु आधिकारियो को दायित्व सौंपे है।

रिमझिम बारिश के बीच जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर पहुंचे कलेक्टर रणबीर

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज रिमझिम बारिश के बीच जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर पहुंचकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी , जच्चा बच्चा कार्ड, ओपीडी , टीकाकरण, दवाई वितरण, दवाई संग्रहण कक्ष का भ्रमण कर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बिहारपुर क्षेत्र में पीड़ित मलेरिया, टीबी, टाइफाइड, गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी के संबंध में जानकारी ली तथा शत प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्र में ही डिलीवरी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्राप्त हो इसके लिए उन्होंने डॉक्टर और मितानिनों को व्यापक प्रचार प्रसार कर उचित काउंसलिंग करने , अस्पताल एवं अस्पताल परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखते हुए साफसफाई रखने कहा। उन्होंने इस क्षेत्र के मरीजों का सही समय पर इलाज हो सके इसके लिए सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में ही निवास करने के सख्त निर्देश दिए।

बता दे कि कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने पदभार ग्रहण के बाद कोरोना महामारी से बचाव की व्यवस्थाओं में लग गए और अब जिला कोरोना मुक्त हो चुका है तब उन्होंने जिले के क्षेत्रों का रुख किया है और क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होने रिमझिम बारिश के बीच जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर ग्राम पंचायत पहुंचे जहां की समस्याएं एवं आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की जर्जर स्थिति को सुधार करने कहा तथा सरपंच की मांग पर बिहारपुर पंचायत में राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन मनरेगा मद से बनाने त्वरित स्वीकृति दी। इसके लिए उन्होंने स्थल का चयन कर जनपद पंचायत सीईओ एवं रोजगार सहायक को लेआउट तैयार कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने नवाटोला बॉर्डर पहुंच कर वहां तैनात कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्था, आने जाने वालों की जानकारी लेते हुए निगरानी रखने कहा। उन्होंने बॉर्डर से लगे मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के ग्राम जोगियानी, मकरोहर आदि गांव का भ्रमण कर क्षेत्र का अवलोकन करते हुए वहां की वास्तविक स्थिति से अवगत हुए। कलेक्टर ने राम वन गमन मार्ग के लक्ष्मण पांव , सीता लेखनी का भी निरीक्षण किया तथा राम वन गमन मार्ग के चिन्हित स्थलों पर स्पष्ट अक्षरों में साइन बोर्ड लगाने अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम श्री प्रकाश सिंह राजपूत, उपवनमण्डलाधीकारी श्री उत्तम पैंकरा, तहसीलदार श्री अमित केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कोविड 19 के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल के दामो में वृद्धि आम आदमी की जेब में डाका - सीपीआई

बचेली। संयुक्त खदान मजदूर संघ सदस्यो द्वारा आज परिसर के बरामदे में भारत चीन की सीमा पर शहीद हुए 20 वीर जवानों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनिट का मौन रख जवानों को याद किया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा इस महामारी के बीच डीजल एवं पेट्रोल के मूल्यों की लगातार वृद्धि को लेकर सदस्यों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा गया था एवं सभी ने मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग किया। एस.के.एम. एस सचिव श्री टीजे शंकर राव ने बताया कि इस महामारी के बीच जबकी आम आदमी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है राहत देने की बजाय मोदी सरकार पेट्रोल एवं डीजल के मूल्यों में वृद्धि करके आम आदमी की जेब मे डाका डाल रही है। इससे ये साबित होता है की इस सरकार को अपना खजाना भरने से मतलब है, आम आदमी की परेशानी से इन्हें कोई सरोकार नही है।

इस दौरान सचिव टीजे शंकर राव,वी विक्टर, रामूराम, नारायण मंडल, बहिलोचन श्रीवास्तव, राजेश मंडल, राजेश दुबे, लीला झाड़ी, महेंद्र डांगे, बारसा जी, सन्नी खर्रा,आनंद पांडे आदि की उपस्थिति रही।

सोनगरा में रोका कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को दी गई आवश्यक जानकारी

सूरजपुर। आज विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत सोनगरा के गौठान में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार रोका छेका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त पशुपालको द्वारा शपथ लेकर यह निश्चित किया गया कि पशुओं को खुले में न छोड़ , गौठान में लाकर फसलों की सुरक्षा में योगदान देंगे। कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री अभिषेक सिंह द्वारा गौठान परिसर में ही कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगवा किसानों को आधुनिक खेती की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात सभी ग्रामवासियों अधिकारी व कर्मचारी द्वारा सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं के द्वारा तैयार किये गए जैविक खाद का अवलोकन, गोचर में कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा लगवाए मक्के की फसल का अवलोकन किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के दिये गए लक्ष्य के अनुरूप कृषकों की प्रविष्टि एवं किसानों को कृषि यंत्रो का वितरण किया गया है। इस दौरान कृषक एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

पैराडाईज स्कूल के शिक्षको एवं बच्चो ने घर पर मनाया योग दिवस एवं पितृदिवस

कंकेर। पैराडाईज हायर सेकेन्ड्री स्कूल के शिक्षको एवं बच्चो ने विश्व योग दिवस के अवसर पर अपने घरो मे प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक योग अभ्यास कर अपने शरीर को स्वस्थ एवं मन तथा आत्मा को सकारात्मक उर्जा से परिपूर्ण करने का संकल्प लिया । योग दिवस के अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक अपने परिवार के साथ तथा सिक्किम से यागसिग डोमा, मेघा सेवा, पश्चिम बगाल से सबाना परविन, रीता एवं शिल्पा मुखर्जी, आंध्रप्रदेश से इतिश्री गोलुग्री, उड़ीसा से करूणा दुर्गा अन्य प्रदेशो से मनीष सिन्हा, प्रीति झा व अन्य शिक्षको ने अपने घर पर योग अभ्यास कर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन मे योग की महत्ता के साथ-साथ विधार्थी जीवन मे योग एवं ध्यान की महत्ता को प्रर्दशित किया ।

प्रत्येक ज्ञान की शुरूआत ईश्वरीय ज्ञान से होता है, योग ही ईश्वर का प्रथम ज्ञान है, योग के द्वारा ही हम जीवन की वास्तिविकता, सम्पूर्णता एवं महान उद्देश्य को प्राप्त कर सकते है ।

पैराडाईज स्कूल के बच्चो ने अपने घरो पर ताड़ासन,त्रियक ताड़ासन, कट्री चक्रासन, सूर्य नमस्कार, मक्रासन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम आदि आसानो का अभ्यास कर अपने जीवन को योगविधा से उत्तम बनाने का प्रण लिया । इस अवसर पर शिक्षको, पालको तथा बच्चो ने शिक्षक हरि गोलुग्री द्वारा बनाये योग से संबंधित 20 प्रश्नो के उत्तर व्हाट्सअप द्वारा देकर योग के संबंध मे अपने ज्ञान का विस्तार किया ।

फादर्स डे के अवसर पर पैराडाईज स्कूल के बच्चो ने अपने पिता को अभिवादन, गिफ्ट तथा उनके कार्यो मे सहयोग कर फादर्स डे मनाया ।

राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कोरोना काल के श्रमवीरों का कांग्रेस ने किया सम्मान

कांकेर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी जी के जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सादगी पूर्ण मनाया गया। विधायक निवास कांकेर में कार्यक्रम के दौरान भारत-चीन की सीमा में शहीद हुए जवानों को नमन कर 02 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई । उसके पश्चात प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार राहुल गांधी जी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए नगर पालिका में कोरोना संकट काल के दौरान साफ सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदी के उत्कृष्ट कार्यों के लिए कांग्रेस संगठन द्वारा माक्स, सेनेटाईजर एवं हैण्डग्रुल्पस का वितरण किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से विधायक शिशुपाल शोरी ने सफाई कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में भारत की सीमा का तनाव का वातावरण है जिसके चलते सरहद की रक्षा करते हुए भारतीय सेना के 20 जवानों अपनी शहादत दी है जिसे मद्देनजर रखते हुए हम अपने नेता का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मना रहे है तथा आपके द्वारा कोरोना काल में किये गये उत्कृष्ट सेवा के लिए पार्टी के द्वारा आपका सम्मान करते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है । कांकेर जिला संगठन के प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पीयुष कोसरे ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के मंशा के अनुरूप हम उनके जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी श्रमवीरों सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए गर्व महसूस कर रहे है क्योंकि कोरोना काल में भी आपने अपने जीवन का परवाह ना करते हुए दैनिक रूप से घरों में उत्पन्न होने वाले कचरों को समेट कर इस शहर के स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में जो उत्कृष्ट योगदान दिया है वह प्रशंसनीय है । हमारे नेता राहुल गांधी जी सदैव गरीब किसानों तथा मजदूरों के प्रति संवेदनशील सोच रखते हुए उन्हें कोरोना के संकट काल में हर संभव मदद करने के लिए प्रयासरत रहे साथ ही हमारे संगठन को भी उन्होंने निर्देशित किया था कि संगठन की ओर से ऐसे लोगों को राहत पहुंचाया जाये।

जहां बुजुर्गों का मान वह स्थल तीर्थ समान-कोसरे

- राहुल गांधी जी के जन्मदिवस पर बुजुर्गों का किया सम्मान

कांकेर। प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार अखिल भारतीय कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी के साथ नादंनमारा के वृद्धा आश्रम में मनाया गया । शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं महादेव वार्ड के पार्षद शबाद खान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांकेर जिला संगठन के प्रभारी पीयुश कोसरे ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी । इस दौरान नादंनमारा के वृद्धा आश्रम में सबसे पहले देश की रक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की गई उसके पश्चात युवा कांग्रेस के द्वारा बुजुर्गों को न्याय किट के अन्तर्गत वस्त्र एवं खाद् सामग्री भेंट की गई । इस दौरान बुजुर्गों को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी श्री कोसरे ने कहा कि आप लोग भले ही अपने घरों से दूर यहां रहने विवश है लेकिन युवा पीढ़ी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे भी कल बुजुर्ग होंगे तो उनके साथ ऐसी स्थिति भी निर्मित हो सकती है इसलिए वे बुजुर्गों के प्रति आदर एवं सम्मान का भाव रखे । उन्होंने कहा कि बुजुर्गो का आर्शिवाद प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सदैव ही उत्तरोत्तर प्रगति में सहायक होती है और जहां बुजुर्गों का मान होता है वह स्थान किसी तीर्थ स्थल से कम नहीं । इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, पूर्व अध्यक्ष हरनेक सिंह औजला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज जैन, पार्शद षदाब खान, युवा नेता टिकेश्वर साहू, विशाल गुप्ता, हेमंत बघेल, विराट सिन्हा, सुनील कुमार, वृद्धा आश्रम की संचालिका बुलबुल वैद्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

न्यूज गैलरी

प्रेस क्लब को भेंट की थर्मल स्केनिंग मशीन

महासमुंद। शहर के मेडिकल व्यापारी द्वारा शनिवार को प्रेस क्लब के लिए थर्मल स्केनिंग मशीन, सेनिटाइनजर एवं पत्रकारों के लिए एन-95 मास्क प्रदान किया गया। शुक्रवार को स्थानीय प्रेस क्लब में महासमुंद मेडिकल स्टोर्स के संचालक अरशी अनवर एवं एरिश अनवर ने प्रेस क्लब संरक्षक संजय डफ्ले एवं बाबूलाल साहू को उक्त वस्तुएं भेंट करते हुए थर्मल स्केनिंग मशीन की उपयोगिता और आवश्यकता की जानकारी दी। इस दौरान इदरीश खान एवं सगनजोत सिंह भी मौजूद रहे।

गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार

महासमुंद। पदमपुर मार्ग बसना सिटी ग्राउंड के सामने पुलिस ने दो युवकों को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बिना नंबर की बाइक से ओडिशा से जांजगीर चांपा की ओर गांजा लेकर आ रहे थे। उसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों से पुलिस ने 8.400 किलो गांजा बरामद की है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। बसना पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर टीम ने शाम साढ़े चार बजे पदमपुर मार्ग सिटी ग्राउंड के सामने घेराबंदी कर ओडिशा की ओर से आ रही बिना नंबर की बाइक को रोककर तलाशी ली। बाइक के पीछे सवार एक युवक के पास कीपैड काले रंग की आईटेक कंपनी वाली बैग थी। इसकी तलाशी ली, तो टीम को गांजा बरामद हुआ। इसके बाद टीम ने बाइक सवार ग्राम धनगन थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा निवासी सूरज चौहान पिता विदेशी लाल चौहान(26) एवं लक्ष्मी दास मानिकपुरी पिता नान्हुदास मानिकपुरी (23) को गिरफ्तार किया। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर जांजगीर चांपा जा रहे थे।

बाइक चालक मृत, दो घायल

महासमुंद। बाइक से गिरने से चालक की मौत हो गई वहीं दो घायल हो गए। पुलिस ने मृतक बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक अशोक ठाकुर अपने रिश्तेदार पुष्पराज ठाकुर और सुभाकर ठाकुर बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजे 9836 से कहीं जा रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई और पुष्पराज व सुभाकर घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया।

महामारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मुढ़ीपार निवासी खेमराज कुम्हार पिता हीरऊ को क्वारंटाइन सेंटर भेजा गया था लेकिन वह सीधे अपने घर चला गया। शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 188, 269, 270 महामारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

गाय का शव हटाते ट्रांसफार्मर की अर्थिंग के संपर्क में आया, मौत

महासमुंद। तुमगांव मार्ग में स्थित ट्रांसफार्मर की अर्थिंग के संपर्क में आने से ग्राम अछोली निवासी एक वृद्ध मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जाता है कि वह गाय के शव को हटा रहा था तभी ट्रांसफार्मर की अर्थिंग के संपर्क में आ गया, जिसमें करंट प्रवाहित था। तुमगांव पुलिस के अनुसार ग्राम अछोली निवासी छेदीराम साहू पिता भैयाराम (62) शनिवार सुबह साढ़े सात बजे घर से काम पर जाने निकला था। इस दौरान ट्रांसफार्मर के पास एक गाय के शव को कुछ और लोगों के साथ हटा रहा था कि वह ट्रांसफार्मर की अर्थिंग तार के संपर्क में आ गया, जिससे वह करंट से चिपक गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है।

युवक से अंग्रेजी शराब जब्त

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने एक युवक से करीब 16 सौ रूपए कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त की। वार्ड 4 निवासी रूपलाल यादव पिता मंतू यादव (20) को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी से कुल 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की गई।

जमीन विवाद पर मारपीट, कांउटर रिपोर्ट

महासमुंद। जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने कांउटर रिपोर्ट दर्ज की। वार्ड 12 निवासी योगेन्द्र चंद्राकर पिता धरम सिंह ने पुलिस को बताया कि जमीन विवाद की बात को लेकर उत्तम चंद्राकर पिता धरम सिंह, धरम चंद्राकर ने उनके साथ मारपीट की। वहीं देवेन्द्र चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि उत्तम चंद्राकर ने योगेन्द्र चंद्राकर के खिलाफ मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में जुर्म दर्ज कर जांच में लिया गया है।

मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई

महासमुंद। भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के द्वितीय कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य वक्ता पूर्व राज्यमंत्री एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पूनम चन्द्राकर, जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपडा, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुजाता विश्वनाथन आदि उपस्थित रहे।

समिति प्रबंधक, केंद्र प्रभारी, ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर

■ 831 क्विंटल से अधिक के धान गबन का मामला

महासमुंद। जिले के धान उपार्जन केन्द्र केना में समिति प्रबंधक, उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर का मामला दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ प्रथम दृष्टया 831किविंटल से अधिक के धान के गबन का मामला सामने आया है। धान उपार्जन केन्द्र केना तहसील सरायपाली में 16 जून 2020 को खाद्य तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की गई। जिसमें पाया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के धान उपार्जन केन्द्र केना के कम्प्यूटर में दर्ज रिकार्ड के अनुसार खरीदी केन्द्र केना द्वारा कुल 41203.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसमें से मिलर तथा संग्रहण केन्द्र को 40372.47 क्विंटल धान प्रदान किया गया। इस प्रकार समिति में 831.13 क्विंटल धान उपलब्ध होना चाहिए था लेकिन मौके पर खरीदी केन्द्र में धान का स्टॉक निरंक पाया गया। धान की 831.13 क्विंटल की कमी के बारे में समिति प्रबंधक तथा खरीदी प्रभारी से पूछताछ की गई, जिसमें उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसलिए जांच अधिकारियों के द्वारा जांच प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया 831.13 क्विंटल धान का गबन किया जाना पाया गया जिसके लिए समिति के उपाध्यक्ष समिति प्रबंधक,खरीदी प्रभारी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर को दोषी मानते हुए समिति तथा शासन को लगभग इक्कीस लाख रुपये की क्षति पहुँचाने के आरोप में थाना सरायपाली में एफआईआर दर्ज कराई गई।

छ.ग.शासन खाद्य विभाग द्वारा जारी धान खरीदी नीति के अनुसार समितियां धान खरीदी करती है, जिसकी कण्डिका क्रमांक 15.9 में स्पष्ट उल्लेख है कि खरीदी केन्द्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत मात्रा मान्य नहीं होगी। इस नीति के तहत मार्कफेड तथा समिति के बीच अनुबंध पत्र निष्पादित किया जाता है जिसकी कंडिका 1.10 में उल्लेख है कि धान उपार्जन केन्द्रों में क्रय किये गये धान पर कोई सूखत मान्य नहीं है। मार्कफेड द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में खरीदे गये धान के सुरक्षित रख रखाव के लिए राशि भी प्रदान की जाती है। उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुन्द द्वारा बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार इस प्रकार की जाँच कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा जिन खरीदी केन्द्रों में धान की कमी अथवा अनियमितता पायी जाती है तो उस समिति के कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/साजा। बीते दिनांक 2-3 जून 2020 की दरमियानी रात्रि में 12 से 2 बजे के मध्य घटित दुष्कर्म की घटना जिसमें भारतीय दण्ड विधान धाराओं के तहत अगुवा बलात्कार एवं पास्को अधिनियम के तहत अपराध कायम किया गया था ।

उक्त घटना की सूचना मिलने पर पुलिस महानिदेशक रायपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा त्वरित कार्यावाही हेतु पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल द्वारा अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस के नेतृत्व में एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, प्रशि. उप. पु. अधी. तोमेश वर्मा, बेमेतरा नगर निरीक्षक राजेश मिश्रा, निरीक्षक अंबर सिंह, महिला सेल प्रभारी नीता राजपूत, सायबर सेल प्रभारी मोहित चेलक को टीम में शामिल करते हुए, इसके

अतिरिक्त बेमेतरा जिले से दक्ष पुलिस अधीकारियों एवं कर्मचारियों की 40 लोगों की टीम बनाकर पृथक से 5 टीम तैयार की गई।

प्रकरण में कोई भी प्रत्यक्षदर्शि साक्षी नहीं होने से प्रकरण पूर्ण ब्लाईंड था। इस केश में करीब 50 हजार मोबाईल नम्बरों का विश्लेषण किया गया। जो टावर डंप एनालिसिस से मिले थे। किंतु आरोपी द्वारा घटना के दौरान मोबाईल का उपयोग नहीं किये जाने की वजह से पता साजी में आरोपी की पहचान स्थापित करने में उपरोक्त विश्लेषण कारगर साबित नहीं हुए।

इस प्रकरण में घटना स्थल से लेकर सिमगा तक के करीब 20 विभिन्न स्थानों के सीसी टीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया गया। किंतु फुटेज रात्रि होने से स्पष्ट नहीं दिखने के कारण पीडित बालिका द्वारा पहचान करने में मुश्किलें आ रही थी।

इसके पश्चात आरोपी का पता लगाने के लिए इस प्रकरण की विवेचना में एक नई तकनीकी जीपीएस डेटा एनालिसिस का इस्तमाल किया गया। इसके तहत घटना स्थल से घटना की रात्रि गुजरने वाली करीब 12 हजार ट्रके जो कवर्धा, बेमेतरा, सिमगा रूट मे चलती है उन सभी ट्रकों के जीपीएस डेटा का विश्लेषण किया गया। जिसमें पाया गया कि एक ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएल 8356 घटना स्थल के सामने घटना दिनांक समय को करीब 10 मिनट के लिए रूकी है तथा बेमेतरा की ओर रवाना हुई है ।इस ट्रक के जीपीएस डेटा का विश्लेषण करने पर पाया गया कि घटना के पश्चात यह ट्रक घटना स्थल के आगे बेमेतरा सिमगा के मध्य काफी देर तक रूकी रही। दिनांक 20 जून 2020 को जबलपुर से वापस आने पर उक्त ट्रक को पकडा गया। आरोपी ट्रक चालक सुरज प्रजापति पिता रामनाथ प्रजापति उम्र 35 साल जाति कुम्हार हाल मुकाम 321 एज काम्पलेक्स विधानसभा रोड सड्डू थाना पंडरी जिला रायपुर स्थाई पता ग्राम बघवार थाना भण्डारिया जिला गढवा झारखण्ड को पकडा गया।

बीज और बिजली को लेकर किसानों के बीच उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए सभापति राहुल टिकरिहा ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

बेमेतरा/साजा। जिला पंचायत सभापति एवं अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा ने कलेक्टर बेमेतरा से मुलाकात कर सेवा सहकारी समितियों में बीज आपूर्ति करने एवं अटल ज्योति के तहत किसानों को प्रदत बिजली में हो रही लगातार कटौती को लेकर ज्ञापन सौपकर निराकरण करने की मांग की। जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने ज्ञापन में लिखा है आपसे विषयान्तर्गत निवेदन है कि किसान भाइयों को अभी धान बुआई के लिए बीज की नितांत आवश्यकता है। कृषि सेवा सहकारी समितियों में बुआई के लिए वर्तमान समय में धान के उन्नत बीज उपलब्ध नहीं है जिससे किसान भाइयों को बीज की समस्या हो रही है। धान की बुआई करने के लिए किसान भाइयों को महंगे दाम पर बाजार से बीज लेना पड़ रहा है। अगर किसान भाई समय में धान के बुआई नहीं करते तो फसल के उत्पादन में पिछड़ जाएंगे और सही मुनाफा प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

ग्रामवासियों को सोलर हैण्डपंप से पेयजल का मिल रहा लाभ

बेमेतरा/साजा। जिला बेमेतरा में छ.ग.राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा कृषकों को सिंचाई व्यवस्था हेतु सौर-सुजला योजना से लाभ पहुँचाया जा रहा है, साथ-ही-साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु 140 सोलर हैण्डपंप/सोलर ड्यूल पंपो का स्थापना कार्य विभिन्न मदों से किया गया है। क्रेडा द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों जैसेः- सरदा, भिभौरी, मुटपुरी, कठौतिया, बदुआकांपा, दर्री, बेलतरा, गातापार, लोलेसरा, मुरता, अमलडीहा इत्यादि ग्रामों में सोलर हैण्डपंप स्थापित किये गये है। जिले में लॉकडाउन की अवधि में भी ग्रामवासियों को सोलर हैण्डपंप से निरंतर पेयजल एवं अन्य कार्यो में लाभ प्राप्त हुआ है। सोलर हैण्डपंप उन स्थलों में बहुत उपयोगी है जो दूरस्थ एवं विद्युत विहिन क्षेत्र है तथा ऐसे पंचायत जिनको विद्युत पंप के संचालन में बिजली बिल के रूप में अत्यधिक व्यय वहन करना पड़ता है। सोलर हैण्डपंप सूर्य के प्रकाश से कार्य करता है जिससे इस संयंत्र में किसी भी प्रकार का बिजली बिल नहीं आता है। इस प्रकार यह पंचायत/ग्रामवासियों को निःशुल्क पेयजल की आपूर्ति करता है।

इस विषय में क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता डी.एस. सिदार ने बताया कि सामान्य हैण्डपंप में सोलर हैण्डपंप/सोलर ड्यूल पंप की स्थापना की जाती है। सोलर हैण्डपंप में सोलर पैनल, पंप, कंट्रोलर एवं स्ट्रचर के साथ एक 5000 लीटर का टैंक होता है, जब सूर्य की किरणे पैनल पर पड़ती है तो पंप कार्यशील होता है एवं स्थापित टैंक को भरने लगता है संयंत्र में एक सेंसर लगा रहता है जिससे टैंक भरने के बाद पंप स्वतः बंद हो जाता है, इस प्रकार पानी की बर्बादी भी नहीं होती संयंत्र में स्टैंड पोस्ट के माध्यम से 4 नग टेप नल स्थापित रहते हैं, जिसके माध्यम से ग्रामवासी पानी का उपयोग करते हैं,

टैंक स्थापित होने से रात्रि में भी पानी की व्यवस्था बनी रहती है। क्लस्टर ईकाई के माध्यम से स्थापित सोलर हैण्डपंपों का संचालन एवं संधारण का कार्य किया जाता है। संयंत्र में खराबी आने पर संबंधित क्लस्टर ईकाई द्वारा तत्काल सुधार कार्य कर संयंत्र को कार्यशील किया जाता है तथा क्लस्टर ईकाईयों द्वारा 4-5 माह के अंतराल में टैंक की सफाई भी की जाती है। इस प्रकार सफाई व्यवस्था भी बनी रहती है, जिससे ग्रामवासीयों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होता है।

ग्रामीणों ने लिया फसल की सुरक्षा का संकल्प

बेमेतरा/साजा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आगामी फसल बुआई कार्य के पूर्व खुले में चराई कर रहे पशुओं के नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में ''रोका-छेका'' प्रथा प्रचालित है। जिसमें फसल बुआई को बढ़ावा देने तथा पशुओं के चरने से फसल को होने वाले हानि से बचाने के लिए पशुपालक तथा ग्रामवासियों द्वारा पशु को बांधकर रखने अथवा पहटिया की व्यवस्था इत्यादि कार्य किया जाता है । उक्त प्रयास से न सिर्फ कृषक शीघ्र बुआई कार्य संपादित कर पाएंगे अपितु द्वितीय फसल लेने हेतु भी प्रेरित होंगें । इसी क्रम में जनपद पंचायत बेमेतरा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत में ''रोका-छेका'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्राम पंचायत बिलाई में क्षेत्र के विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे एवं जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी एवं जनपद पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष श्रीमति कुमारी जायसवाल की उपस्थिति में रोका-छेका का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान ग्राम पंचायत की स्वयं सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न आर्थिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया । मुख्य रूप से जय भोरमदेव महिला स्व सहायता समूह द्वारा दोना पत्तल उत्पादन, जय गंगा मईया महिला स्व सहायता समूह द्वारा मशरूम उत्पादन, जय मां सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा बाड़ी विकास कार्य युग आदर्श महिला स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन का प्रदर्षन किया गया। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा गौठान कैम्पस में स्टॉल लगाकर लोगो को जागरूक किया गया।

पेवर ब्लॉक के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड पार्षद मुन्ना देवार की मौजूदगी में सुभाष नगर के दो वार्डों में करीब 12 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन किया। गुरुघासीदास वार्ड 21 एवं सुभाष नगर वार्ड 22 के नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग रहीं थीं कि सौंदर्यीकरण के लिए सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक बिछाई जाए। उक्त मांग को स्वीकृति देते हुए पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने शनिवार को इसकी शुरुआत की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने सब इंजीनियर अमन चंद्राकर के साथ दोनों वार्डों में जर्जर हो चुकी नालियों का निरीक्षण किया।

नागरिकों ने जगह जगह टूटी हुई नालियों के निर्माण की मांग की। इस पर पालिका अध्यक्ष ने बहुत जल्द ही नाली निर्माण कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सभापति एवं उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, संदीप घोष, पूर्व खेल एवं युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, संतोष यादव, गोलू मदनकार, मिनोती बेहरा, संजुक्ता बेहरा, विक्रम बेहरा, रविन्द्र बेहरा, रामकुंवर बेहरा, राजेन्द्र बेहरा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी आफ इण्डिया लिमिटेड बीमा का कार्य किया जावेगा

बेमेतरा/साजा । केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला बेमेतरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है जिसके लिये खरीफ वर्ष 2020 में ''एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी आफ इण्डिया लिमिटेड'' द्वारा खरीफ की अधिसूचित फसलो का बीमा का कार्य किया जावेगा। फसल बीमा के आवरण में अधिक से अधिक कृषको को सम्मिलित करने हेतु जिले के सभी तहसीलों में प्रचार-प्रसार हेतु बीमा रथ रवाना किये जाने की तैयारी कृषि विभाग द्वारा की जा रही है।

कलेक्टर डेहरे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने निवास में किया योगाभ्यास

गरियाबंद। कलेक्टर श्री छतर सिंह डेहरे ने आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने निवास में प्रातः 7 बजे योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए योग को आने जीवन में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा है कि योग से स्वस्थ जीवन जीने की ताकत मिलती है। योग एक ऐसा अभ्यास है जिसे निशुल्क भी किया जा सकता है। जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को इस बार अपने अपने घरों में योगाभ्यास करके मनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, आम जनता, अधिकारी कर्मचारी भी उत्साह से अपने घरों में योग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर हर वर्ष 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए छठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जा रहा है, इसे डिजिटल प्लेटफार्म पर मनाया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों को वापस लाने का सिलसिला जारी

डोंडी। प्रदेश सरकार द्वारा प्रवासी लोगो की घर वापसी के फैसले के मध्यनजर प्रवासीयो का घर आने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

बात नगर पंचायत क्षेत्र की करें तो यहां छोटे से सीमित क्षेत्र में कई लोग बाहर से अपने घरों को पहुंच चुके हैं। जिन्हें अलग-अलग जगहों पर क्वॉरेंटाइन किया गया है।

नगर पंचायत डोंडी में 8 लोगों को क्वॉरेंटाइन में रखा गया है, जबकि इस तरह से एक ही पटवारी क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर कई लोगों को क्वॉरेंटाइन कर दिया गया है।

इतने सारे लोगों को कई स्थानों पर अलग-अलग क्वॉरेंटाइन किए जाने से इन पर नजर बनाए रखने और व्यवस्था करने में राजस्व विभाग के पसीने छूट रहे हैं जितने लोग क्वॉरेंटाइन हैं उन सभी से लॉक डाउन के नियमों का पालन कराना भी पुलिस और राजस्व विभाग के सामने किसी चुनौती से कम नहीं है।

तहसीलदार ,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, थानेदार सहित होमगार्ड के सिपाही क्षेत्र में क्वॉरेंटाइन किए गए लोगों से सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क का निरंतर उपयोग करने, साफ सफाई रखने का निरंतर अनुरोध कर रहे हैं। साथ ही नगर पंचायत डोंडी की पार्षद श्रीमती ममता जैन,सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल, अंकित तिवारी व डोंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष गज्जू सोनी भी लगातार व्यवस्था बनाने में पुलिस व राजस्व विभाग को सहयोग कर रहे हैं आज नगर पंचायत कार्यालय पहुँच कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैया निर्मलकर से मिल कर नगर की साफ-सफाई से लेकर दुकानों को सैनिटाइज करवाने के कार्यो को धरातल पर उतारने का काम प्राथमिकता से करवाने व नगर में कोरोनो को लेकर कोई भी कोताही नही बरतने का निवेदन किये जिस पर निर्मलकर द्वारा सभी को कहा कि आप सब के सहयोग से हम डोंडी नगर से कोरोना महामारी से बचाने का निरंतर प्रयास करेंगे। इस दौरान विनय जायसवाल, तेजस जैन,बिट्टू सबरवाल,परस सिन्हा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

विधायक के साथ गुरूकुल आश्रम पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री

■ दूसरे राज्यों से अध्ययन के लिए पहुंचे बच्चों का हाल जाना

महासमुंद। जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर शुक्रवार शाम कोसरंगी स्थित गुरूकुल आश्रम पहुंचे। जहां अध्यापन करने दूसरे राज्यों से पहुंचे बच्चों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। प्रभारी मंत्री श्री लखमा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बच्चों से चर्चा करते हुए सेहत का

ध्यान रखने की सलाह दी। इस दौरान आश्रम की समस्याओं का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया।

शुक्रवार शाम प्रभारी मंत्री श्री लखमा व विधायक श्री चंद्राकर कोसरंगी स्थित गुरूकुल आश्रम पहुंचे। यहां अध्ययनरत बच्चों ने शानदार अंदाज में अतिथियों का स्वागत किया। बाद इसके प्रभारी मंत्री श्री लखमा ने बच्चों से बात कर उनके राज्यों के बारे में चर्चा की। साथ ही आश्रम की गतिविधियों से भी रूबरू हुए। इसी दौरान आश्रम के कोमल आचार्य ने आश्रम की समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष भागीरथी चन्द्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रश्मि चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर, हुलासगिरी गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, अमर चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, ईश्वर सिन्हा, वीरेन्द्र चंद्राकर, विक्की पटेल आदि मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली से कांग्रेसी भयभीत, एसपी न कर दें कहीं उनके काले कारनामे उजागर : लता उसेंडी

■ कमीशन खोरी में कंठ तक डूबे कांग्रेस के लोगों को अपने ही सरकार के अधिकारियों पर नही रहा भरोसा

कोंडागॉव। जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा एसपी कोंडागॉव के हर विभागीय कार्यो पर सोसल मीडिया के माध्यम से विरोध करना कांग्रेसियो की हताशा को दिखाता है,भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी में कंठ तक डूबे कांग्रेस के लोगों को अपने ही सरकार के अधिकारियों से भरोसा उठ रहा है ।

क्योंकि अधिकारी निष्पक्ष कार्य करते उनके काले कारनामों को उजागर करने में लगे हैं।जिसके चलते कांग्रेसी जानबूझकर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार व लेनदेन का आरोप लगा जिले से बाहर तबादला करवाना चाह रहे।

राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही कमीशन खोरी भ्रष्टाचार तबादला में लेनदेन सरकार की नीति मे ही शामिल है। पूर्व मंत्री लता उसेण्डी ने कहा कि हाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम कोंडागांव द्वारा पुलिस अधीक्षक बालाजीराव पर लेनदेन व भ्रष्ट अफ्सर होने का अनर्गल आरोप लगा रहे हैं ।

सरकार उनकी है मीडिया में बयानबाजी से बेहतर यदि उनके पास उचित तथ्य व प्रमाण हो तो तत्काल अधिकारी के खिलाफ सरकार को कार्यवाही करना चाहिए। कांग्रेसियों की नियत है जो अधिकारी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं ,उन पर भ्रष्टाचार का आरोप मढा जा रहा। लगातार अधिकारियों पर इस तरह के आरोप लगने से उनका मनोबल टूटता है । पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली से जिले के आम नागरिक बेहद खुश , क्योंकि जन समस्याओं का त्वरित निराकरण जो हो रहा।वहीं पुलिस अधीक्षक कोंडागांव में पदस्थ होते ही प्रशासनिक कार्यों में कसावट लानी शुरू की, कई गंभीर मसलों से पर्दा हटाया, वर्षो से जिले के अंदरूनी गांवों में पदस्थ विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को शहरी क्षेत्रों में व शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में तबादला किया है। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तबादला हुए परिवार बेहद खुश है। कांग्रेसियों को उनकी खुशी नही पच रही, सीधे अधिकारियों पर लेनदेन का आरोप लगा रहे । क्योंकि अधिकारी की कार्यवाही से कांग्रेसियों को डर लगने लगा है ,अधिकारी को किसी भी तरह से जिले से बाहर भेजना चाहते हैं ।ताकि कांग्रेसियों के काले कारनामो पर पर्दा डला रहे।

न्यूज गैलरी

पतंजलि योग समिति किरंदुल के द्वारा अपने-अपने घरों में योगा किया गया

किरंदुल। संक्रमित बीमारी कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष कई कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। कोरोना का असर इस बार अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर भी पड़ा। विश्व योग दिवस इस वर्ष लोगों ने घर पर ही मनाया। पतंजलि योग केंद्र हरिद्वार से प्रशिक्षित पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी योग शिक्षक संजीव दास ने बताया कि कोरोना महामारी से सावधानी के कारण छत्तीसगढ़ योग आयोग ने पहले ही सार्वजनिक जगह पर योग कार्यक्रम नहीं करने का निर्देश दिया था।सार्वजनिक स्थानों पर योग कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के कारण पतंजलि योग समिति के सभी योग शिक्षक व आम नागरिक ने अपने घर पर योग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस दौरान विश्वनाथ विश्वास नरोत्तम ध्रुव राजेश सिन्हा पारस ठाकुर अमृत टंडन भावना सक्सेना संजु दास छबील साहु मलीना चक्रवर्ती अशोक शर्मा तुलेश्वर निषाद सरवन आर्य बीआर साहु उर्मिला साहु लक्ष्मी साहु गंगाधर नेताम जुम्मन लाल साहू किरण भदौरिया चैतराम अटामि नंदलाल मुड़ामी ओजस्वी मंडावी पूतनसिंह सभी ने अपने घर पर योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ग्रीवा चलन ताड़ासन स्कंधचलन भद्रासन वज्रासन त्रियंक ताड़ासन कपालभाति अनुलोम विलोम और ध्यान किए।

6वां अंतराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया

बचेली। 230 बटालियन केरिपुबल द्वारा आज दिनांक 21/06/2020 को बटालियन मुख्यालय में 6वां अन्तराश्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया कोरोना महामारी की वजह से इस वर्श की थीम श्घर पर योग और परिवार के साथ योगश् था बटालियन मुख्यालय में योग दिवस को समाजिक दूरी का ध्यान में रखते हुए मनाया गया जिसमे समस्त कार्मिकों को योग से होने वाले फायदे के बारे मे जानकारी दी गयी, साथ ही साथ यह भी बताया गया है कि प्रतिदिन योग करने से षरीर स्वस्थ रहता है तथा आज के दौर में चल रहे कोरोना महामारी से लडने की प्रतिरोधकत क्षमता भी बढ़ती है इस अवसर पर बटालियन के कमाण्डेन्ट श्री डब्ल्यू आर जोसुआ द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानो को योग के बारे में जानकारी दी व उनके परिवार के सदस्यों को भी प्रतिदिन योग करने की सलाह दी । बटालियन में वैसे तो प्रतिदिन जवानों को योग कराया जाता है किन्तु आज के दिन का महत्व अलग है। आज सुबह से जवान पूरी तरह से योग के लिये तैयार थे। सुबह 07 बजे से लगभग 60 मिनट तक जवानों को विभिन्न प्रकार के आसन जैसे-सुखासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलाम, सूर्य नमस्कार, वज्रासन आदि कराये गये।

हथनियों की मृत्यु के संबंध में दावा आपत्ति 25 जून तक

अम्बिकापुर। राज्य शासन के द्वारा सरगुजा वृत्त के अंतर्गत सूरजपुर वनमंडल में 2 तथा बलरामपुर वनमंडल में 1 कुल 3 हथनियों की असामयिक मृत्यु के संदर्भ में 5 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच कमिटी का गठन किया गया है। जांच समिति के सदस्य सचिव एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बताया है कि इस घटना के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा बयान देना, दस्तावेज देना या अपना पक्ष रखना हो तो 25 जून गुरुवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक वन विश्राम गृह प्रतापपुर, वनमंडल सूरजपुर में उपस्थित होकर अपना बयान, दस्तावेज तथा अपना पक्ष रख सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा तथा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। तदुपरांत नियमानुसार अनुशंसा या जांच प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत की जाएगी।

230 वाहिनी द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

बचेली। भारत सरकार द्वारा इस वर्श चलाये जा रहे वृक्षारोपण अभियान के क्रम मे 230 वाहिनी, केरिपुबल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 230 वाहिनी, केरिपुबल के मुख्याालय व विभिन्न कंपनी क्षेत्र-रेंगाानार, भुसारस घाटी, नरेली घाटी, दुधीरस, चिंदगुफा नाला आदि स्थानों पर लगभग 400 से अधिक पौधे लगाये जा चुके है और लगभग इस वाहिनी द्वारा इस महीने के अन्त तक 1600 और पौधे लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके तहत लगभग 1200 गढ्ढे खाद सहित तैयार कर लिये गये है। जिनमें मुख्यतः नीम, जामुन, महुआ, आंवला आदि प्रकार के पौधे लगाये जा रहें है। इस अभियान के तहत इस वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री डब्लू आर जोसुआ द्वारा पर्यावरण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पौधे बच्चों के समान है जिस प्रकार बच्चे कल का भविश्य है उसी प्रकार पेड़-पौधे भी दुनिया का भविश्य है। जिसके तहत कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा बताया गया कि ÷एक पेड़ दस पुत्र के समान÷ है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आस-पास के लोगो का भी साथ लिया जा रहा है। इस अभियान के तहत इस वाहिनी को 1800 पेड लगाने का लक्ष्य दिया गया है किन्तु वाहिनी के कमाण्डेन्ट महोदय ने दिये गये लक्ष्य से अधिक पौधे लगाये जाने का संकल्प लिया तथा प्रत्येक वर्श ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने एवं इसकी रक्षा करने की कसम ली है। साथ ही अन्य लोगो को इस सम्बन्ध में जागरूक करने का भी बीडा उठाया है।

नाबालिक से वहशियत, खेत में ले जाकर बनाता था हवस का शिकार

■ अनाचार का आरोपी अब चढ़ा हत्थे

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । कटघोरा पुलिस ने एक नाबालिक के साथ सिलसिलेवार तरीके से बलात्कार की घटना को अंजाम देने के आरोप में एक विवाहित युवक को हिरासत में लिया है. पीड़ित नाबालिक के मुताबिक आरोपी उसे बहला फुसलाकर अक्सर सुनसान खेतो की ओर ले जाया करता था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था. उसने कई दफे उंसके घर पर भी सूनेपन का फायदा उठाकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया था. नाबालिक के साथ हुए इस अनाचार का खुलासा तब हुआ जब वह गर्भवती हो गई. फिलहाल पीड़िता कोरबा के बाल कल्याण समिति की अभिरक्षा में है. चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज जारी है. अलग-अलग तरीको से दिए गए बयान व शिनाख्त के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल करा दिया गया है. उसपर भादवि की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

सदमे में पिता की भी मौत

दरअसल पीड़िता एक मजदूर परिवार से सम्बद्ध है. तीन भाई बहन व अपने पिता के साथ वह कटघोरा थाना क्षेत्र में निवास करती थी. दो वर्ष पूर्व उसकी माँ का भी निधन हो चुका है. पिता व भाई रोजी मजदूरी जबकि नाबालिक खुद घरों में झाड़ू-पोछा कर जीवन यापन कर रही थी. इस पूरे सनसनीखेज मामले का खुलासा करीब एक माह पूर्व तब हुआ था जब उसकी तबियत एकाएक बिगड़ने लगी. उसके पिता ने जब बेटी से कड़ाई से पूछताछ की तब मालूम हुआ कि वह पांच माह की गर्भवती है. महज 16 वर्षीय बेटी के गर्भवती होने की बात सुनकर पिता पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा. इसी दौरान पिता की भी तबियत बिगड़ गई और उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उसने इलाज के दौरान बीते 8-9 जून की दरमियानी रात दम तोड़ दिया. इस तरह अब परिवार में 18 वर्षीय भाई और दो बहनें ही शेष है.

सीडब्ल्यूसी ने दिखाई गंभीरता

इस पूरे मामले की खबर जब कुछेक स्थानीय मीडियाकर्मियों को मिली तब उन्होंने कोरबा बाल कल्याण समिति की प्रमुख श्रीमती मधु पांडेय से सम्पर्क किया और वास्तुस्थिति की जानकारी उन्हें दी. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मधु पांडेय ने कटघोरा के थाना प्रभारी अविनाश सिंह से चर्चा की और इस सम्बंध में विवेचना प्रारम्भ कर बालिका को फौरन कोरबा भेजने के निर्देश दिये. अनाचार की शिकार हुई बच्ची को कोरबा भेजा गया जहां उसकी काउंसलिंग कराई गई. यहां जब उससे बयान लिया गया तब जाकर उसने आरोपी का नाम उजागर किया. बयान में विरोधाभास ना हो उस हेतु धारा 164 के तहत भी पीड़िता का बयान कलमबद्ध किया गया जबकि कटघोरा थाना की महिला स्टाफने भी पीड़िता से इसपर चर्चा की. सभी बयानों में उसने एक ही शख्स का नाम लिया जो उसके साथ बलात्कार जैसे जघन्य घटना को अंजाम दे चुका था।

लिया गया हिरासत में

इस सम्बंध में सभी बयानों के मद्देनजर सीडब्ल्यूसी ने भी एक प्रतिवेदन कटघोरा पुलिस को प्रेषित किया था जिसपर कार्रवाई करते हुए तत्काल आरोपी को उसके घर से दबोच लिया गया. कड़ाई से हुई पूछताछ के बाद उसे न्यायालय मे पेश किया गया जहाँ से ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेज दिया गया।

> चार-पांच माह पूर्व युवक ने कई बार बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था. प्रार्थी पक्ष के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया गया है. पीड़िता सीडब्ल्यूसी के ऑब्जर्वेशन में है और पूरी तरह सुरक्षित है. विवेचना जारी है
>
> **अविनाश सिंह,** थाना प्रभारी कटघोरा

भाजपा जगदलपुर नगर ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि, चीनी राष्ट्रपति की फोटो और नक्शा जलाकर नाराजगी प्रकट

जगदलपुर। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी सीमा में धोखेबाज चीनी सैनिकों से मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुए भारतीय जवानों को आज भाजपा कार्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर नगर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में, कोरोना संकटकाल के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सीमित संख्या में उपस्थित प्रमुख भाजपा नेताओं ने अमर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सुभाऊ राम कश्यप ने धोखेबाज चीन की सेना द्वारा भारतीय जवानों पर अकारण किए गए कायरतापूर्ण हमले की निंदा करते हुए कहा की बहुत जल्द पापी चीन को उसके किए की सजा मिलेगी। जिस तरह हमारे जवानों ने चीनी सैनिकों के हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए काफी बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों को मारा है वो बहादुरी की मिसाल है। चीन भारतीय सेना के पराक्रम से घबराया हुआ है।

पूर्व विधायक संतोष बाफना ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। चीन को उसके किए की ऐसी सजा देने जा रही है हमारी सेना जिससे चीन की रूह कांप उठेगी। मध्य रात्री में चीनी सेना द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले का जवाब देते हुए हमारे मुट्ठी भर जाँबाजों ने चीनी सेना का जो हाल किया है वो वर्षो तक चीन भूल नहीं पाएगा। शहीद जवानों के पराक्रम से भयभीत चीन अब भारत से बातचीत के माध्यम से समझौता करने के प्रयास में लग गया है लेकिन भारतीय सेना ने चीन की मक्कारी का इलाज करने की योजना तैयार कर ली है। एक एक शहीद की शहादत का बदला लिया जाएगा। भाजपा जगदलपुर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेयी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारतभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को हम शत् शत् नमन् करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शहीदों की आत्मा को शांति दें एवं परिजनों को यह दारूण दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। शहीद जवानों ने वीरता की मिसाल कायम की है। बिना किसी हथियार के हमारे एक जवान ने चीन के दो दो तीन तीन धोखेबाज सैनिकों को मारा है। ये आंकड़े स्वयं चीन ने स्वीकार किया है। अन्य न्यूज एजेंसियों की मानें तो हमारे 30 से 40 वीर जवानों ने चीन के 100 से 120 हमलावर सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। इस हमले में हमारे 20 जाँबाज जवानों ने शहादत पाई है। शहीदों में शामिल बस्तर अंचल के लाल गणेश राम कुंजाम ने अपनी शहादत से देश के साथ साथ बस्तर संभाग का नाम भी गर्व से ऊंचा कर दिया है। उपस्थितजनों के द्वारा शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का धारण किया गया। तत्पश्चात कार्यालय के सामने चीनी राष्ट्रपति की फोटो, चीनी ध्वज और चीनी उत्पादों की होली जला कर श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ। आज की इस श्रद्धांजलि सभा में श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद भंजदेव,विद्या शरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय,शेषनारायण तिवारी,श्रीधर ओझा, मोहन मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, रामाश्रय सिंह, संजय पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, आलोक अवस्थी, आशुतोष पाल, मायारानी बारई, आर्येन्द्र आर्य, संतोष त्रिपाठी, अशोक नवतानी, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, राजपाल कसेर, शैलेन्द्र भदोरिया, राजा यादव, गोविन्द शर्मा, लक्ष्मण झा, पंकज आचार्य, आशुतोष आचार्य एवं किशोर साहू ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीआरपीएफ 199 वीं बटालियन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजित किया गया

■ स्वास्थ्य तन में स्वास्थ्य मन का वास होता है इसलिए आज के दौर में योगा का विशेष महत्व है

बीजापुर। विश्व योग दिवस पर 199 वाहिनी सीआरपीएफ के सभी कंपनी भैरमगढ़, पिनकोडा, करेमारका, केशकुतुल, फुलगट्टा व पुलिस लाइन रायपुर में एवं वाहिनी मुख्यालय पातुरपारा, भैरमगढ़ में कोरोना बीमारी के कारण सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर कमांडेंट 199 वी बटालियन सीआरपीएफ लालचंद यादव के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे बल में जवान अपने परिवार से दूर रहते हैं जवान शारीरिक दृष्टि से ठीक रहते हैं परंतु उसके साथ-साथ मानसिक रूप से तनाव मुक्त रहने के लिए योग को सुचारू रूप से अपनाने की जरूरत है , रोजाना योगा करने से कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं, योगा करने से वजन कम होता है, इम्यूनिटी बूस्ट होती है, लचीलापन बढ़ने के साथ- साथ तनाव भी कम होता है, योगाभ्यास प्रत्येक जनमानुष को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए ऐसा करने से आपका मन शांत तथा चित्त प्रसन्न रहता है और हमारी जीवन शैली स्वस्थ रहती है पुरानी कहावत है कि स्वास्थ्य तन में स्वास्थ्य मन का वास होता है इसलिए आज के दौर में योगा का विशेष महत्व है अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल के फल स्वरुप 2014 से हुई।

भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने योगासन कर विश्व योग दिवस मनाया

बीजापुर । विश्व योग दिवस के अवसर पर भाजपाइयों ने भाजपा कार्यालय में रविवार की सुबह 2 घंटे का योगासन किया जिसमें सूर्य नमस्कार, ध्यान,विलोम- आलम, प्राणायाम व पद्मासन किया सभी योग आसन आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के प्रशिक्षित बलराम लेकाम ने योगासन कर योग के बारे में जानकारी दिया। योग दिवस के अवसर पर पार्षद नंदकिशोर राना ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से योग आपको तन के अलावा मन की भी शांति मिलता है। योग के कई आसन व ध्यान आपके विचारों को नियंत्रित कर संतुलित कर देते हैं जिससे मन शांत रहता है साथ ही सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शक्ति की जरूरत हमें योग से ही मिलता है। आधुनिकरण के चलते अरेकार्य को हम नहीं कर पाते जिसकी वजह से हमारी शरीर की बनावट कई हद तक अलग-थलग दिखने लग गया है इसलिए सभी को अपनी स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन योग करना चाहिए जिससे शरीर की सुंदरता व स्वस्थ जीवन जीने में आसान होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जी वेंकट, कोषाध्यक्ष संजय लुंकड़, महामंत्री गोपाल सिंह पवार, मंडल अध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, पार्षद नंदकिशोर राणा, पार्षद संजय गुप्ता,पूर्व पार्षद विजयलक्ष्मी मोरला, जनपद सदस्य उर्मिला तोकल, सरोज विश्वकर्मा, ज्योति कश्यप व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने गंगालूर एवं चेरपाल का किया भ्रमण

■ ग्रामीणों से मिलकर मलेरिया एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचने एवं सावधानी बरतने के दिए सुझाव

बीजापुर। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने जिले के गंगालूर व चेरपाल का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों सुपोषणए सुखा राशन की घर पहुंच सुविधा एवं उपलब्धता के बारे मे ग्रामीणों से पूछा। कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उनसे शासन की योजनाओं का लाभ लेने व विभिन्न प्रकार के शासकीय योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सभी लोग अपने अपने घरों में बाड़ी बनाकर साग.सब्जी लगाने को प्रोत्साहित किया और महिला स्व सहायता समूहए मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी लोगों को मच्छरदानी वितरण किया गया है मलेरिया से बचाव हेतु लोगों को इसका उपयोग करवाने के लिए प्रेरित करें। जिले में मलेरिया की स्थिति को देखते हुए उनकी रोकथाम के लिये जागरूक होना बहुत जरुरी है उसी प्रकार कुपोषण से लड़ने के लिए सबको आगे आकर सरकार की सभी योजनाओं के प्रति सजग होकर सहभागिता से कार्य करना है। उन्होंने गांव की छोटी मोटी समस्याओं से अवगत होकर उसका निराकरण के लिए आश्वस्त किया। कलेक्टर अग्रवाल ने चेरपाल के बाजार स्थल की निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत चेरपाल बाजार स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कैंप लगाकर उपचार किया जा रहा था।

भरपाई 1116 किसानों की 135 एकड़ जमीन होगी अधिग्रहित

सरईपाली से उरगा तक के फोरलेन के लिए किसानों को मिलने लगा मुआवजा

कोरबा। कोरबा-चांपा मार्ग को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। सबसे पहले सरईपाली से उरगा तक 36 किलोमीटर को फोरलेन बनाया जाएगा। 16 गांव के 1116 किसानों की 135 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। ग्रामीणों को 73 करोड़ 70 लाख 51 हजार 517 रुपए मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही मकान व दुकानों का मुआवजा देने के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

चांपा मार्ग को नेशनल हाईवे अथारिटी को ट्रांसफर किया जा चुका है। तीन साल से फोरलेन सड़क बनाने की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण टेंडर भी नहीं हो पाया है। बिलासपुर से चांपा की सड़क की लंबाई 151 किलोमीटर है, लेकिन अलग-अलग चरणों में इसका निर्माण कराया जा रहा है। कटघोरा से पाली तक अलग से टेंडर जारी किया गया है।

मरम्मत बारिश में धुल गई, आवाजाही प्रभावित

कोरबा से चांपा मार्ग की मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन बारिश के कारण फिर से गड्ढे हो गए हैं। जो मटेरियल डाला गया था वह पानी में बह गया। जहां टायरिंग हुई थी वह भी उखड़ने लगी है। 24 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी व एनएचआई मरम्मत का कार्य करा रही है।

> मुआवजा बांटने के बाद ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले से ही यह गाइड लाइन है कि जब तक 90 प्रतिशत मुआवजा का भुगतान नहीं हो जाता तब तक टेंडर नहीं खोला जा सकता। बारिश के बाद निर्माण शुरू किया जा सकेगा।
>
> **नरेन्द्र सिंह,** एनएचआई के ईई

दलों में बंटा टिड्डी दल, कबीरधाम के बाद अब राजनांदगांव के जंगलों में डाला डेरा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा । कबीरधाम जिले में प्रवेश के बाद अंकुश लगाने के लिए उठाए गए प्रभावी कदम से टिड्डी दल दो हिस्सों में बट गया है। पहला दल जहां कबीरधाम जिले के धानीखूंटा में सक्रिय है तो दूसरा दल ग्राम खार के जंगलों में प्रवेश कर गया है। यह गांव राजनांदगांव का सीमावर्ती गांव है लिहाजा दोनों जिलों की टीम टिड्डी दल को भगाने में लगी हुई है लेकिन ऊंचाई पर बैठे होने की वजह से दिक्कत आ रही है।

छत्तीसगढ़ के कोरिया में प्रवेश के बाद मिली मात और हवाओं की दिशा बदलने से पाकिस्तान से राजस्थान के रास्ते पहुंचा टिड्डी दल पिछले 2 दिनों से कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में सक्रिय है। साजा के पेड़ों पर जमे इस टिड्डी दल ने ऊपरी हिस्सों को सफाया करना चालू कर दिया है। सीमित संसाधनों के बीच काम कर रहे कबीरधाम जिले की टीम को बेमेतरा जिला से बड़ी मदद मिल रही है। इन दोनों जिलों की संयुक्त टीम को आज सुबह उस वक्त सफलता मिली जब यह दो भागों में बट गया। पहला दल जहां कबीरधाम के ग्राम धानीखुटा में जमा हुआ है तो दूसरा दल राजनांदगांव जिले के ग्राम खार में दस्तक दे दी है। प्रारंभिक आकलन में दोनों दल का फैलाव क्षेत्र लगभग 1 किलोमीटर के आसपास होने की जानकारी आ रही है।

दल टूटा, राजनांदगांव प्रवेश कबीरधाम जिले के धानीखूंटा गांव के साजा के जंगलों में यह टिड्डी दल मंगलवार की शाम पहुंचा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कृषि वन और राजस्व विभाग की टीम ने तत्काल काम चालू कर दिया लेकिन संसाधन कम होता देख बेमेतरा जिला से मदद मिली। इस तरह एक बड़ा टिड्डी दल दो भाग में विभक्त करने में कबीरधाम जिला प्रशासन को बुधवार की शाम को सफलता मिल गई। दूसरा दल इस समय राजनांदगांव जिले के ग्राम खार में जमा हुआ है।

1 किलोमीटर के दायरे में फैलाव

राजनांदगांव प्रवेश की सूचना पर सक्रिय टीम ने अपने आकलन में पाया है कि जो टिड्डी दल कबीरधाम जिले से अलग होकर पहुंचा है वह 1 किलोमीटर लंबा और उतना ही चौड़ाई में फैलाव लिए हुए हैं। यही जानकारी कबीरधाम के ग्राम धानीखुटा से भी आ रही है। दोनों जिलों की टीम बराबर स्थितियों पर नजर रखे हुए हैं। पल-पल की जानकारी साझा की जा रही है। तीसरे पड़ोसी जिले बेमेतरा को भी जानकारी भेजी जा रही है ताकि वहां भी इंतजाम पक्के तौर पर किए जा सकें। तीनों जिलों के सीमावर्ती गांव में मुनादी करवा दी गई है और इनके पहुंचने पर सूचना तत्काल देने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

> बचाव के प्रभावी कदम उठाने के बाद टिड्डी दल दो भागों में बांटा गया है। अलग हुआ दूसरा दल राजनांदगांव के ग्राम खार में सक्रिय है जबकि पहला दल कबीरधाम के ग्राम धानीखुटा में साजा के पेड़ों पर ऊंचाई पर जमा हुआ है। जरूरी कीटनाशकों का छिड़काव जारी है जिससे इनकी संख्या कम हो रही है।
>
> **– एम डडसेना,** उपसंचालक, कृषि कबीरधाम

माओवादी संगठन में चेतना नाट्य मंच की सक्रिय सदस्य एंव सहायक आरक्षक की हत्या में शामिल माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर - बस्तर रेंज में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् उप महानिरीक्षक, केरिपु(ऑप्स) कोमल सिंह, पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप एवं कमांडेंट 170 वीं बटालियन आलोक भट्टाचार्य के दिशा निर्देशन में थाना तोयनार एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 170 वीं बटालियन की संयुक्त पार्टी 21 जून को नक्सली उन्मूलन अभियान में ग्राम आदेड़, कचलारम, पैंकरम एवं मोरमेड़ की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा आदेड़ के जंगल से एक महिला माओवादी को पकड़ा गया। जिससे पुछताछ पर अपना नाम देवे माड़वी उर्फशर्मिला कुड़ियम पति विनोद कुड़ियम उम्र 25 वर्ष साकिन गुज्जाकोंटा थाना तोयनार जिला बीजापुर एवं माओवादी संगठन में चेतना नाट्य मंच की सक्रिय सदस्या के रूप में कार्यरत होना बताई। जो थाना तोयनार क्षेत्रान्तर्गत 30 फरवरी 2018 को कचलारम एवं पैंकरम के मध्य मार्ग पर वाहन रोककर सहायक आरक्षक सीताराम बाकड़े की हत्या करने, 20 जून 2018 को कचलारम नदी के पास डी.आर.जी पार्टी पर हमला करने एवं 30 सितंबर 2019 को ग्राम दुपेली मातलापारा निवासी ग्रामीण रामलू माड़वी पिता लच्छु माड़वी की हत्या में शामिल रही है। पकड़ी गई महिला माओवादी देवे माड़वी उर्फशर्मिला कुड़ियम को थाना तोयनार में विधिवत कार्यवाही उपरान्त गिरफ्तार कर पुछताछ की जा रही है, जिसे रिमाण्ड में माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया जायेगा।

डॉक्टर को हुआ कोरोना,12 नये मरीज

भाटापारा। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन भी कोरोना संक्रमित मरीज़ों में शुमार हो गये हैं। उनका जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। इन्हें मिलाकर जिले में आज 12 नये मरीज़ों की पहचान की गई है। मरीज़ों का इलाज बलौदाबाजार स्थित जिला कोविड अस्पताल में किया जायेगा। उनकी भर्ती की कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार जिले में कोरोना संक्रमित मरीज़ों की संख्या 214 तक पहुंच गई है। आज संक्रमित हुए 12 मरीज़ों में 7 पुरुष एवं 5 महिला शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के सर्विलेंस अधिकारी डॉ राकेश प्रेमी ने बताया कि आज पॉजिटिव पाये गए संक्रमित मरीज़ों में 5 ग्राम लांज़ा विकासखण्ड सिमगा, 3 लवन, 2 धाराशिव, एक बलौदाबाजार शहर तथा एक बिलाईगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जेवराडीह का व्यक्ति शामिल है।

करें योग रहे निरोग

भाटापारा(करहीबाजार)। 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार के प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास,व्याख्याता सुगंधा पाठक,व्यायाम शिक्षक योगेश कटैलिया,छात्र सोनू सेन,प्रिया देवांगन,योगेश्वरी जगत सहित सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने अपने अपने घरों में योग के विभिन्न क्रियाओ का अभ्यास किया तथा लोगों को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किये ।

विधायक ने तरेंगा में किया सीसी रोड का भूमि पूजन

भाटापारा। विकासखंड के ग्राम तरेंगा में वार्ड क्रमांक 08,09,11 व 14 में बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 में नाली निर्माण एवं टी.टी.सी. ग्राउंड में बनने वाले कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन विधायक,प्रवक्ता भाजपा छग शिवरतन शर्मा के कर कमलों से किया गया,। इस दौरान विधायक,शिवरतन शर्मा ने गांव के विकास में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्राम तरेंगा में अपने प्रयास से कराए गए कार्यों को विस्तार से बताया। शर्मा ने कहा कि ग्राम तरेंगा में सभी की मांग के अनुरूप हर तरह से विकास के कार्य करवाये गए है.. जिले की सब से बड़ी पंचायात तरेंगा विकास के मामले में कही भी अछूता नही है। उक्त अवसर पर कांति आडिल सरपंच तरेंगा, दसरथ आडिल उपसरपंच ,देवकी बाई सोनी अध्यक्ष ग्रा.सेवा सहकारी समिति तरेंगा, कुमलेस देवांगन प्रतिनिधि जिलापंचायत सदस्य, गोदावरी फागु ध्रुव पूर्व सरपंच, सुनील यदु (गोलू) चंद्रप्रकाश साहू जनपद टोनाटार, डिगेश्वर साहू, दिलीप चक्रधारी, रज्जु खान,सुरेश चक्रधारी, धनेश साहू, लोकसे साहू, निर्लकंठ यादव, रोमन निषाद, टानिक राम, सतीश सोनी भाजयुमो अध्यक्ष ,भूखन यदु, दसरू साहू, ठाकुर राम पटेल, टिका साहू, छन्नू साहू, अमित सोनी सहित समस्त पंचगण व गर्मवासी उपस्थित थे...

राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जनों ने बांटा फूड पैकेट

भाटापारा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा शहर ने आज पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी का जन्म दिवस सादगी के साथ मनाया । भारत चीन बॉर्डर पर चीनी सेना द्वारा किए गए कायराना हमले में शहीद हुए जवानों को 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राहुल गाँधी के जन्म दिन पर सफाई कर्मचारियों को फुड पैकेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल वरिस्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी, प्रदेश सचिव सुशील शर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल , नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, आलोक मिश्रा, सीरीज जांगड़े, अशोक तिवाड़ी, नानू सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी साहू शतरूपा वर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रतिस्पर्धा के बीच खरीदी से किसानों को होगा सीधा फायदा

- **राष्ट्रीय कृषि बाजार की अवधारणा से अध्यादेश का स्वागत किया दाल, चांवल, पोहा मिल एसोसिएशन ने**

भाटापारा। किसानों को कृषि उपज बेचने को मिला देश का बाजार। बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा। मिलेगा किसानों को फायदा। जारी हुआ अध्यादेश। कृषि उपज मंडियों में कृषि उपज बेचने की बाध्यता से किसानों को मुक्त करने केंद्र के फैसले का राइस मिल, पोहा मिल और दाल मिल एसोसिएशन के साथ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए कहा है कि नए नियम से कृषि क्षेत्र को आय का अवसर मिलेगा और मौका मिलेगा रोजगार के जरिए आय बढ़ाने का जिसकी आज किसानों को सबसे ज्यादा जरूरत है।

दाल- चावल पोहा मिल एसोसिएशन के साथ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि अध्यादेश पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही है उससे बचा जाना चाहिए और ऐसा काम किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से किसान हित को पहले क्रम पर रखा जाना सुनिश्चित हो सके। अध्यादेश में स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी स्थिति में मंडी बंद नहीं होगी क्योंकि किसान के पास अब कृषि उपज मंडी के अलावा दूसरा विकल्प मिलने जा रहा है जिसके जरिए किसान को जहां ज्यादा कीमत मिल सकेगी और उसके पास अपनी उपज बेचने की स्वतंत्रता होगी। जाहिर है इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को उसकी मेहनत का वाजिब प्रतिफल मिल सकेगा।

प्रतिस्पर्धा के बीच अच्छी कीमत

अंतर प्रांतीय कारोबार को छूट की सुविधा दिए जाने से प्रदेश के किसानों को देश के किसी भी राज्य में अपनी उपज का विक्रय करने की सुविधा मिलेगी। जाहिर है इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। जैसा कि बाजार का नियम है कि प्रतिस्पर्धा के बीच कीमतों में तेजी आनी है, ऐसा इस क्षेत्र में भी होगा जिसका सीधा फायदा किसानों को होगा। यह प्रतिस्पर्धा अभी भी कृषि उपज मंडी में है लेकिन खरीददार सीमित है जबकि अध्यादेश के बाद किसानों को खरीदारी का एक बड़ा वर्ग मिलने जा रहा है। जिसका फायदा अच्छी कीमत के रूप में उन तक पहुंचेगा।

> राष्ट्रीय कृषि बाजार की अवधारणा और केंद्र सरकार के अध्यादेश का हम स्वागत करते हैं। निश्चित रूप से यह अध्यादेश किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा क्योंकि प्रतिस्पर्धा के बीच जिस तरह भाव बढ़ेंगे उसका लाभ किसानों को ही होगा।
>
> **– कमलेश कुकरेजा,** संरक्षक, पोहा मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
>
> केंद्र सरकार के द्वारा` लाया गया अध्यादेश का स्वागत है इससे हमारे कृषक अन्नदाता किसान अपनी उपज किसी भी पैन कार्ड धारक को कही भी कभी भी उचित मूल्य बेच सकता हे जिससे किसानो को सीधा फायदा होगा।
>
> **राजेश थारानी,** अध्यक्ष पोहा निर्माता संघ भाटापारा

मिला विकल्प

समर्थन मूल्य पर खरीदी बंद होने के बाद किसानों के पास केवल कृषि उपज मंडी ही एकमात्र केंद्र था जहां उसे अपनी उपज बेचनी पड़ती थी। नए अध्यादेश से अब किसान को एक और बाजार मिलने जा रहा है जहां प्रतिस्पर्धा और उचित कीमत दोनों की सुविधा उसे मिलेगी। इस विकल्प के बाद किसान किसी भी पैन कार्ड धारी क्रेता या फर्म के पास अपनी उपज बेच सकेंगे। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि कृषि उपज मंडी बंद नहीं हो रही है जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है।

पूर्व मंत्री के करीबी ठेकेदार भाजपा नेता पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

- **–गोपाल पवार ने किया पीएमजीएसवाई की सड़क में भ्रष्टाचार– ज्योति कुमार**
- **जिन सड़कों का उल्लेख गागड़ा जी ने प्रेसवार्ता में किया है वे सभी सड़के उनके स्वयं के कार्यकाल के थे और उन्ही के कार्यकाल में ठेकेदारों को सड़क निर्माण के कार्य दिए गए थे।**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। क्षेत्र की जनता से पूरी तरह नकारे जाने के बाद पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा जी को ज़िले में भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है जबकि सच्चाई यह है की महेश गागड़ा जी भाजपा और उनकी पूरी टीम बीजापुर में लगातार दस वर्ष और प्रदेश में पंद्रह वर्षों तक पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त थी अब गागड़ा जी व भाजपा खुद ही भ्रष्टाचार में संलिप्त ठेकेदार व भाजपा जिला महामंत्री गोपाल पवार के साथ प्रेस वार्ता कर भ्रष्टाचार की बारे कह रहे है, जबकि ठेकेदार व भाजपा के महामंत्री गोपाल पवार ने कुएनार से एरमनार को जोड़ने वाला की सड़क का काम आज तक प्रारम्भ नहीं किया और लगभग एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए आहरण भी कर लिए और सड़क अब तक नही बना पाया, ये भी भाजपा के शासनकाल में हुआ है ऐसे कई उदाहरण ज़िले में देखने को मिलेंगे। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा जी को लगता है की सड़कों में भ्रष्टाचार हुआ है तो प्रमाण सहित प्रशासन को शिकायत करनी चाहिए, जिन सड़कों का उल्लेख गागड़ा जी ने प्रेसवार्ता में किया है वे सभी सड़के उनके स्वयं के कार्यकाल के थे और उन्ही के कार्यकाल में ठेकेदारों को सड़क निर्माण के कार्य दिए गए थे। हमेशा भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले पूर्व वन मंत्री जी क्षेत्र की जनता को ये भी बताएँ कि उनके दस वर्ष की विधायिकी सहित मंत्री जी के रूप में और पंद्रह वर्ष के भाजपा के शासनकाल में कितने भ्रष्टाचारियो पर कार्यवाही की है। जबकि सच्चाई यह है की पिछले पंद्रह सालों तक पूर्व वन मंत्री जी ने भाजपा और उनकी टीम के साथ क्षेत्र के किसान, मज़दूर, ग़रीबों और ज़रूरतमंदो का शोषण करने में कोई कोर कसर नही छोडा है, जिसका नतीजा ये रहा की विधान सभा चुनावों से लेकर पंचायत स्तर तक के चुनावों में भाजपा को क्षेत्र की जनता ने वोट के ज़रिए करारा जवाब दिया है और भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। बीजापुर की जनता भाजपा के झूठे वादे और जुमलेबाज़ों को समझ चुकी है अब लोग भाजपा के झूठे आरोप और झूठे वादों में फंसने वाले नही है। उल्टे केंद्र की मोदी सरकार प्रदेश की जनता के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है और मोदी सरकार की जितनी भी योजनाएँ है उन योजनाओं में किसानों, मज़दूरों ग़रीबों और जरूरतमंदो का कोई स्थान नही होता है उनकी योजनाएँ केवल अमीरों और पूँजीपतियों को ध्यान में रख कर बनायी जाती है, जबकि प्रदेश की भूपेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ किसानों, मज़दूरों, ग़रीबों और ज़रूरतमंदो को ध्यान में रख कर बनाई जा रही है और इन योजनाओं का सीधा लाभ किसानों, मज़दूरों, ग़रीबों और ज़रूरतमंद लोगों को शतप्रतिशत मिल रहा है भूपेश सरकार से प्रदेश और क्षेत्र की जनता में एक नई उम्मीद जागी है और नई सरकार से लोग ख़ुश है। पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा जी अपनी हार को आज तक पचा नहीं पा रहे है इसलिए वे केवल मीडिया में बने रहने के लिए बयानबाज़ी करने में लगे हुए है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छग को भी शामिल करें...

सभी प्रवासी श्रमिकों के जीवकोपार्जन के लिए उनकी रुचि एवं कौशल के अनुरूप रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। बघेल ने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार द्वारा प्रवासी कामगारों को आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए 20 जून को बिहार के खगड़िया जिला से देश के 6 राज्यों के 116 जिलों में 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया गया है, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड एवं ओडिशा राज्य को शामिल किया गया है।

त्वरित निर्णय की जताई उम्मीद

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध करते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों को 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' में तत्काल शामिल किया जाये ताकि राज्य के सभी प्रवासी श्रमिकों के जीवकोपार्जन के लिए उनकी रूचि एवं कौशल के अनुरूप रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। मुख्यमंत्री ने विश्वास प्रकट किया है कि इस संबंध में राज्य के प्रवासी मजदूरों के हितार्थ त्वरित निर्णय लिया जाएगा।

ऐसे मनाया सीएम ने...

यम और नियम पर विशेष जोर देने की ावश्यकता है, तभी अष्टांग योग का लाभ जीवन में मिल सकता है।

कुछ इस तरह दिखा...

यह वलयाकार ग्रहण अनूपगढ़, सूरतगढ़, सिरसा, जाखल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, देहरादून, तपोवन और जोशीमठ क्षेत्र में दिखाई दिया और शेष भारत में लोगों ने आंशिक ग्रहण ही देखा हैं। भारत की पश्चिमी सीमा पर घेरसाना सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर वलयाकार ग्रहण के चरण का पहला साक्षी बना और यह 30 सेकंड तक रहा।

...जब चंद्रमा ने ढंक लिया था सूर्य का 99.5 फीसदी हिस्सा

दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर उत्तराखंड में कालंका चोटी वलयाकार ग्रहण देखने वाला अंतिम प्रमुख स्थल रहा और यहां यह 28 सेकंड तक दिखाई दिया। इस दौरान चंद्रमा ने सूर्य के लगभग 99.5 प्रतिशत क्षेत्र को ढक दिया।

अगले दो दिन में...

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के ज्यादातर हिस्सों को भिगोते हुए दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल के कई क्षेत्रों को कवर कर लेगा। दिल्ली में मानसून के पहंचने की तारीख 27 जून है, लेकिन इस बार यह कहीं जल्दी दस्तक दे देगा। इसी प्रकार आगरा में मानसून के पहुंचने की तिथि 30 जून है, लेकिन वहां भी अगले दो दिनों के भीतर मानसून बरस सकता है।

24-25 जून तक देश के अधिकांश हिस्से को कर लेगा कवर

मौसम विभाग की मानें तो 24 एवं 25 जून को मानसून देश के ज्यादातर हिस्सों को कवर कर लेगा और सप्ताह के आखिर तक मानसून पूरे देश में छा जाएगा, जो सामान्य तिथि से एक सप्ताह पहले होगा। जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून राजस्थान के सीमावर्ती हिस्सों में दस्तक देगा। उत्तर भारत बीते एक सप्ताह से भीषण गर्मी की चपेट में था, लेकिन रविवार की बारिश ने थोड़ी राहत दी है। मौसम विभाग ने इस बार देश में सामान्य बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

नेपाल के एफएम रेडियो ने...

लिपुलेख और लिंपियाधुरा को अपना हिस्सा मानकर ठीक उसी तरह सूचनाएं देनी शुरू की हैं जिसे भारत ने पाकिस्तान के कब्जे में कश्मीर में किया है।

गानों के बीच में नेपाली नेताओं के भाषण :

मई के पहले हफ्ते में भारतीय मौसम विभाग ने मौसम के पूर्वानुमानों में पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्सा जैसे- मुजफ्फराबाद और गिलगित बाल्टिस्तान के बारे में मौसम की जानकारी देनी शुरू की थी। सीमावर्ती स्थानीय लोगों खासकर धारचुका में रह रहे लोगों का कहना है कि नेपाली की तरफसे एफएम चैनलों ने गानों के बीच में नेपाली राजनेताओं के भाषण चलाकर प्रोपगेंड चला रखा है कि ये इलाके नेपाल के हैं।

जम्मू कश्मीरः दो मुठभेड़...

राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने श्रीनगर के निचले इलाके जूनिमार और जदिबल समेत कई जगहों पर घेराबंदी की तथा वहां से बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिये।

कोरोना का इलाज करेगी...

103 रुपये प्रति टैबलेट के दाम पर मिलेगी। पहले दिन इसकी 1800 एमजी की दो खुराक लेनी होगी। उसके बाद 14 दिन तक 800 एमजी की दो खुराक लेनी होगी। कंपनी इस दवा के लिए एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रिडिएंट (एपीआई) का उत्पादन अपने अंकलेश्वर संयंत्र में कर रही है। फॉर्मूलेशन का उत्पादन हिमाचल प्रदेश के बद्दी संयंत्र में किया जा रहा है। यह दवा अस्पतालों के अलावा खुदरा चैनलों के जरिए भी उपलब्ध होगी।

मंजूरी की घोषणा पहले ही :

मुंबई की कंपनी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीजीसीआई) से इस दवा के विनिर्माण और विपणन की अनुमति मिल गई है।

भारत में कोरोना

आधारित परीक्षण प्रयोगशालाएं 358 (सरकारीः 341 , निजीः 17) और सीबीएनएएटी आधारित परीक्षण प्रयोगशालाएं 76 (सरकारीः 27 , निजी 49) हैं। पिछले 24 घंटों में 1,90,730 नमूनों की जांच की गई और अब तक 68,07,226 नमूनों की जांच की जा चुकी है। ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा एकल प्रणाली के तहत श्रेणी डी एवं उपर के पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र एफ में केवल स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है तथा नियत तिथि को उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे।

समय सारणी :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - 01.07.2020 (अपरान्ह 05.30 बजे तक)
2. कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि - 02.07.2020 (अपरान्ह 05.30 बजे तक)
3. निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 03.07.2020 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि/समय - 04.07.2020 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से)

निविदा सूचना क्र. 05 दिनांक 10.06.2020 प्रति समूह निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750/- है।

स. क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत	अमानत राशि (रु.लाख)
1	Design, Deawing Construction, testing and commissioning of 100KLCapacity Over 13 Mtr, Staging A.C.C. Over Head Tank including providing and Fixing of all pipes, spetials, fixing etc complate at Village- PIPRAIL Blocl Ramchandrapur	12.69	9518.00
2	Design, Deawing Construction, testing and commissioning of 95 KLCapacity Over 12 Mtr, Staging A.C.C. Over Head Tank including providing and Fixing of all pipes, spetials, fixing etc complate at Village- Dindo Blocl Ramchandrapur	12.05	9038.00
3	Design, Deawing Construction, testing and commissioning of 75 KLCapacity Over 12 Mtr, Staging A.C.C. Over Head Tank including providing and Fixing of all pipes, spetials, fixing etc complate at Village- JAMUATAND Blocl BALRAMPUR	10.00	7500.00

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

जी-81756/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलरामपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

पिता के लाड़-प्यार से भरी फिल्मों को मिलती है सराहना अमिताभ

मुम्बई (वार्ता)। बॉलीवुड के फिल्मकारों ने अपनी फिल्मों में पिता के किरदार को प्रभावशाली ढंग से कम ही पेश किया है लेकिन जब-जब पिता का दमदार किरदार सिल्वर स्क्रीन पर नजर आया है उसे दर्शको की भरपूर सराहना मिली है। पिता के प्रति भावनाओं को दर्शाने के लिए अमेरिका समेत विश्व के अधिकतर देशों में हर वर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है। हालांकि, कुछ देशों में यह जून के विभिन्न तारीखों को मनाने का प्रचलन है। समय-समय पर बॉलीवुड की कई फिल्मों में पिता के प्रभावशाली किरदार को रूपहले पर्दे पर पेश किया गया है।

फिल्म इतिहास के पन्नों को पलटने पर पता चलता है कि वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म आवारा में पृथ्वीराज कपूर ने पिता का रोबदार किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्होंने राजकपूर के पिता की भूमिका निभाई थी। पिता-पुत्र के आपसी द्वंद को प्रदर्शित करती फिल्म आवारा में इन दोनों दिग्गज कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। पिता के दमदार किरदार वाली पृथ्वीराज की फिल्मों में मुगल ए आजम भी शामिल है जिसमें उन्होंने ट्रेजेडी दिलीप कुमार के पिता की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म कल आज और कल में उन्होंने एक बार फिर से राजकपूर के पिता की भूमिका निभाई थी। बॉलीवुड की फिल्मों में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन पिता के प्रभावशाली किरदार निभाने में महारत हासिल रखते है। पिता के दमदार भूमिका वाली उनकी फिल्मों में रवि चोपडा निर्देशित.बागवान.. खास तौर पर उल्लेखनीय है। इसके अलावा ऐसी भूमिका वाली उनकी फिल्मों में इंद्रजीत, कभी खुशी कभी गम, मोहब्बते,कभी अलविदा ना कहना, सरकार, एक रिश्ता द बांड ऑफ लव, .वक्त, सरकार राज, फैमिली, पीकू , 102 नॉट आउट शमिल है।

वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म शक्ति में दिलीप कुमार ने पिता के किरदार को सशक्त तरीके से रूपहले पर्दे पर पेश किया था। इस फिल्म में उन्होंने अमिताभ बच्चन के पिता की भूमिका निभाई थी जो फर्ज की खातिर अपने पुत्र को गोली मारने से भी नही हिचकता। इसी तरह वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म मासूम में नसीरउद्दीन शाह ने जुगल हंसराज के पिता का भावात्मक किरदार निभाया था।

हिंदी,तमिल और तेलगू में बनेंगी सुशांत सिंह राजपूत की बायोपिक

मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले सुशांत सिंह राजपूत के जीवन पर हिंदी ,तमिल और तेलगू में फिल्म बनायी जायेगी। सुशांत सिंह राजपूत के जीवन पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। इस फिल्म को हिंदी, तेलुगू और तमिल भाषा में बनाया जायेगा।कथित तौर पर फिल्म को आम जनता की फंडिंग द्वारा वित्तपोषित किया जाएग और इसके लिए एक आधिकारिक सोशल मीडिया पेज होगा। इस परियोजना का निर्देशन निखिल आनंद करेंगे। निखिल ने कहा, इस तथ्य को स्वीकार करना दर्दनाक है कि सुशांत शारीरिक रूप से हमारे साथ नहीं हैं। वह हर आम आदमी के लिए एक प्रेरणा थे जो बड़ा बनाना चाहते थे। वह न केवल एक उत्कृष्ट कलाकार थे, बल्कि एक बुद्धिमान इंसान होने के साथ-साथ एक महान इंसान भी थे। मुझे उम्मीद है कि वह जहां भी हैं खुश हैं। उस पर मेरी फिल्म उनके लिए एक श्रद्धांजलि होगी और सिनेमाई दुनिया में उन्हें अमर बनाने के लिए यह अब मेरा सपना है। निखिल आनंद ने कहा, मुझे यह भी उम्मीद है कि यह अधिक लोगों को उद्योग का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करेगा और एक बदलाव लेकर आएगा। मुझे उम्मीद है कि नकारात्मकता कम होगी और बॉलीवुड भाई-भतीजावाद पर प्रतिभा को अधिक तरजीह देगा। गौरतलब है कि सुशांत सिंह राजपूत के जीवन पर निर्माता विजय शेखर गुप्ता भी फिल्म बनाने जा रहे हैं।उन्होंने एक फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसका नाम 'सुसाइड और मर्डर ' है।

'वंदे मातरम' से निर्माता बनने वाले थे सुशांत सिंह

मुंबई,(वार्ता)। बॉलीवुड में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों पर अमिट पहचान बनाने वाले सुशांत सिंह राजपूत फिल्म वंदे मातरम से निर्माता बनने वाले थे। फिल्म निर्माता संदीप सिंह ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वंदे मातरम का जिक्र करते हुए फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया जिसमें सुशांत नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, आपने मुझे एक वचन दिया है। हम बिहारी भाई एक दिन इस इंडस्ट्री पर शासन करेंगे। आपके और मेरे जैसे सभी युवा सपने देखने वालों के लिए प्रेरणा और सपोर्ट सिस्टम बनेंगे। आपने मुझसे वादा किया था कि मेरी पहली फिल्म का निर्देशक बनना, आपके साथ होगा। राज शांडिल्य इसका लेखन कर रहे थे और हम इसे एक साथ प्रोड्यूस करने वाले थे। मुझे आपके विश्वास की आवश्यकता थीं, जो विश्वास आपने दिखाया था, वह मेरी ताकत थी। अब, आप चले गए... मैं खो गया हूं ... अब बताओ, मैं इस सपने को कैसे पूरा करुं? अब मेरे जैसे का हाथ कौन थामेगा। कौन मुझे एसएसआर की ताकत देगा, मेरे भाई। संदीप सिंह ने लिखा, मैं आपसे यह वादा करता हूं... मैं यह फिल्म बनाऊंगा और यह एसएसआर की प्रेममयी स्मृति को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने लाखों लोगों को प्रेरित किया और उन्हें आशा दी कि कुछ भी संभव है। बस सपना देखें और इसपर विश्वास करें इस फिल्म पर चर्चा हम एक साथ करने का सपना देखते थे... फिल्म 'वन्दे भारतम' ।

मुश्किल घड़ी में मेरे फैंस सुशांत के परिवार का साथ दें: सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपने फैन्स को सुशांत सिंह राजपूत के परिवार और उनके फैंस का साथ देने की अपील की है। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद पूरा देश शोक में डूबा है। एक तरफ लोग सुशांत के जाने पर दुख जाहिर कर रहे हैं तो वहीं बॉलीवुड के एक तबके पर निशाना भी साध रहे हैं। इस समय सलमान खान को भी ट्रोल्स का सामना करना पड़ रहा है। अब खुद सलमान ने सोशल मीडिया पर इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। सलमान खान ने एक ट्वीट कर सभी से सुशांत के परिवार का साथ देने की अपील की है। सलमान ने ट्वीट कर कहा, मैं अपने सभी फैन्स से गुजारिश करता हूं कि वो सुशांत के फैन्स के साथ खड़े रहे और गलत भाषा का इस्तेमाल ना करें। भावनाओं को समझने की कोशिश करें। इस संकट की घड़ी में सुशांत के परिवार का सहारा बने। किसी अपने का चले जाना बहुत दुख देने वाला होता है।

आईसीए ने लॉकडाउन के दौरान 24 अन्य जरूरतमंद पूर्व क्रिकेटरों की मदद की

कोलकाता (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करने के मद्देनजर इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के अध्यक्ष अशोक मल्होत्रा ने रविवार को 24 पूर्व क्रिकेटरों के नामों की सूची जारी की है जिनमें तीन पूर्व क्रिकेटरों की विधवाएं भी शामिल हैं। मल्होत्रा ने सूची जारी करते हुए कहा, हमें पूर्व क्रिकेटरों को आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली एक नयी सूची की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसमें 100,000 रुपये से 60,000 रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। आईसीए ने पूर्व क्रिकेटरों के योगदान से लगभग 78 लाख रुपये इकठ्ठा किये हैं जिनसे 57 जरूरतमंद पूर्व क्रिकेटरों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मल्होत्रा ने कहा, हम 20-25 क्रिकेटरों की मदद करने की सोच रहे थे लेकिन साथी क्रिकेटरों की मदद से हमने 57 क्रिकेटरों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। इन 24 लाभार्थियों के नये बैच में नेत्रहीन क्रिकेटर शेखर नाइक शामिल हैं जिन्हें 2017 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पूर्व खिलाड़ियों की तीन विधवाओं को भी सहायता प्रदान की गयी है। पूर्व भारतीय कप्तानों सुनील गावस्कर और कपिल देव ने इस मुहिम के लिये वित्तीय योगदान किया है।

पिछले वर्ष अस्तित्व में आये आईसीए के साथ भारत के 1,750 पूर्व क्रिकेटर पंजीकृत हैं। आईसीए को संचालन करने के लिए फरवरी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से दो करोड़ रुपये का प्रारंभिक अनुदान प्राप्त हुआ था।

लाभार्थियों की सूची:

'ए' श्रेणी क्रिकेटर (एक लाख रु)

1) उज्जल दास (झारखंड)
2) एन.एम.अमरनाथ (केरल)
3) फिलिप वर्गीज (केरल)
4) रमेश जोशीपुरा (गुजरात/ सौराष्ट्र)
5) करुणा मूर्ति (टीएनसीए)
6) नितिन खानिवले (महाराष्ट्र)
7) रैंडोल्फ डेनियल (महाराष्ट्र)
8) शेखर नाइक (दृष्टिहीन क्रिकेटर,पद्मश्री सम्मान) विशेष मामला एवं अन्य।

मौजूदा हालात में भारत में क्रिकेट शुरू होना मुश्किल: द्रविड़

नई दिल्ली, (वार्ता)। पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के मद्देनजर वर्तमान समय में भारत में क्रिकेट मैचों का आयोजन शुरू करना मुश्किल है और इसके लिए देखो और इन्तजार करो की नीति पर चलना होगा। द्रविड़ ने सुझाव दिया कि अगर समय पर क्रिकेट शुरू नहीं हुआ तो भारतीय घरेलू सत्र को छोटा किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख द्रविड़ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम क्रिकेट को फिर से शुरू करने की स्थिति में हैं। इसको लेकर धैर्य रखना और इंतजार करना बेहतर विकल्प है।

उन्होंने कहा, हमें इसे महीने-दर-महीने लेना होगा। सभी विकल्पों को तलाशना होगा। आमतौर पर अगस्त-सितंबर तक शुरू होने वाला घरेलू सत्र अगर अक्टूबर में शुरू होता है तो हमें विचार करना होगा कि क्या हम उसे छोटा कर सकते हैं। क्रिकेट की दुनिया में 'द वाल' के नाम से मशहूर द्रविड़ ने कहा, अभी हर चीज अनिश्चित है। क्रिकेट कितना खेला जाएगा और खेल के आयोजन को संभ?व बनाना सरकार और चिकित्सा विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशों पर निर्भर करता है। एनसीए में हमारे लिए सबसे व्यस्त समय अप्रैल से जून तक है। वहां इस दौरान जोनल, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 शिविर आयोजित होते हैं। हमें योजनाओं को फिर से तैयार करना होगा।

मुझे उम्मीद है कि हम अपने क्रिकेट सत्र में बहुत कुछ नहीं गंवाएंगे और हमें इस वर्ष कुछ क्रिकेट देखने को मिलेगा। क्रिकेट के आयोजन की हर संभावना पर विचार कर रहे द्रविड़ ने कहा कि बेंगलुरु में स्थित एनसीए पहले स्थानीय क्रिकेटरों को प्रशिक्षित करेगा। पिछले महीने भारत सरकार ने खेल आयोजनों पर प्रतिबंधों में ढील दी थी, जिससे उन्हें फिर से शुरू करने की अनुमति मिली, लेकिन अभी भी यात्रा प्रतिबंध हैं और देश के कई क्षेत्रों में अभी भी लॉकडाउन जारी है।

'द वीक' पत्रिका को दिये साक्षात्कार में द्रविड़ ने कहा, एनसीए संभवतः कुछ स्थानीय क्रिकेटरों के लिए शुरू में खुलेगा। अन्य जगहों से आने वालों को पहले 14 दिनों के लिए क्वारेंटीन होना होगा। यह कितना संभव है, इस पर हमें विचार करना होगा।

दर्शक स्टेडियम में देख सकेंगे विश्वकप: हॉकली

मेलबोर्न,(वार्ता)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकली ने शनिवार को कहा कि अगर टी-20 विश्वकप खेलने के लिये 15 टीमों को अनुमति मिलती है तो दर्शकों को इस टूर्नामेंट को स्टेडियम से सीधा देखने से रोका नहीं जा सकता। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण वित्तीय संकट के बीच सीए इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी-20 विश्वकप को आयोजित कराने के विभिन्न संभावनाओं पर विचार कर रहा है।

हॉकली ने कहा, असल बात यह है कि अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और दर्शकों के बारे में हाल के कुछ सप्ताह में हमारी अधिक समझ बनी है। उन्होंने कहा, यदि मैं इसकी तुलना द्विपक्षीय दौरे की संभावना से करता हूं, तो आप एक टीम के आगमन और फिर व्यक्तिगत मैच खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। लेकिन एक ही वक्त में 15 टीमों का आना और एक शहर में छह या सात टीमों को प्रंबधन देखना बहुत ही कठिन काम है। जब उनसे पूछा गया कि जब सीमाओं को इस हद तक खोला जाएगा कि 15 टीमें ऑस्ट्रेलिया की यात्रा कर सकें, तो क्या दर्शकों को भी अनुमति दी जाएगी, उन्होंने कहा, हां, फिलहाल सोच तो यही है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीईओ केविन रॉबर्ट्स के बारे में उन्होंने कहा कि जब सीए ने उनसे उनका स्थान लेने को कहा था तो वह चौंक गये थे। उन्होंने कहा, मेरे पास अलग तरह की भावनाएं हैं। मैं इस जिम्मेदारी के बाबत पूछे जाने पर बहुत हैरान था। मैं केविन के लिए बहुत दुखी महसूस कर रहा हूं। वहीं, मुझे लगता है कि यह मुझे दिया गया एक बड़ा अवसर और एक बड़ी जिम्मेदारी है भले ही यह अगले कुछ महीनों के लिए ही दिया गया हो। हॉकली ने टी-20 विश्वकप आयोजन समिति के साथ जिम्मेदारियों के बारे में पूछने पर कहा,यह पिछले 48 घंटों में एक वास्तविक प्राथमिकता रही है।

हमारे दौर में भी होता था खिलाड़ियों के साथ नस्लीय भेदभाव: चैपल

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने नस्लवाद के मुद्दे पर अपने अनुभवों को याद किया। बताया जब उनके साथी खिलाड़ियों के साथ भेदभाव और दुर्व्यवहार किया जाता था। अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की श्वेत पुलिस अधिकारी के हाथों हुई मौत के बाद नस्लवाद इस समय वैश्विक मुद्दा बना हुआ है। कई क्रिकटरों जैसे वेस्टइंडीज के स्टार क्रिस गेल और डेरेन सैमी ने अपने अनुभवों का खुलासा किया और वे 'ब्लैक लाइव्स मैटर' अभियान का समर्थन कर रहे हैं। चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' में लिखे अपने कॉलम में लिखा, 'मौजूदा समय में नस्लवाद काफी अहम भूमिका निभा रहा है। क्रिकेट के अंदर और बाहर इस पक्षपात के मेरे अनुभव को बताना सही है।' चैपल नस्लवाद से तब वाकिफ हुए जब उन्होंने क्रिकेट के लिए यात्रा करना शुरू की। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे परिवार में बड़ा हो रहा था, जहां बतौर युवा मैंने कोई भेदभाव नहीं देखा था, जबकि वह श्वेत ऑस्ट्रेलियाई नीति का युग था।

रियो में फुटबॉल शुरू होने के बाद फिर से स्थगित

रियो डि जेनेरो,(वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के कारण ब्राजील के रियो डि जेनेरो में फुटबॉल दोबारा शुरू होने के बाद एक बार फिर शनिवार को स्थगित कर दिया गया।

रियो के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित एक आज्ञप्ति के अनुसार शहर के मेयर मार्सेलो क्रिवेला ने कहा कि सैनिटरी प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए अभी और अधिक समय की आवश्यक्ता है। उन्होंने कहा कि 25 जून को निलंबन हटने से पहले सभी क्लबों की प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण किया जाएगा।

फ्लेमेंगो ने गुरुवार को रियो में एक लीग मैच में बेंगू को 3-0 से हराया था। यह मार्च के बाद दक्षिण अमेरिका में पहला पेशेवर फुटबॉल मैच था।

लातिन अमेरिकी देशों में ब्राजील के कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित होने के कारण रियो के दो सबसे बड़े क्लब बोटाफोगो और फ्लूमिनेंसे ने खेल को फिर से शुरू करने का विरोध किया है।नये आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ब्राजील में कोरोना वायरस के 10 लाख से अधिक मामलों की पुष्टि हुई, जबकि लगभग 50,000 लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

सचिन को गलत आउट देने पर बोले स्टीव बकनर- इनसान ही गलती करता है

नई दिल्ली। आईसीसी के पूर्व अंपायर स्टीव बकनर ने भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर को दो बार गलत आउट देने के किस्सों को याद किया है। बकनर ने 2003 में गाबा में खेले गए मैच को याद किया, जिसमें उन्होंने सचिन को आउट दे दिया था। बकनर ने अब कहा है कि जेसन गिलेस्पी की गेंद स्टम्प के ऊपर से जा रही थी। बकनर ने वो भी मैच याद किया, जिसमें उन्होंने 2005 में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए मैच में अब्दुल रज्जाक की गेंद पर सचिन को कैच आउट दे दिया था। बकनर ने बारबाडोस के मेसन एंड गेस्ट नाम के रेडियो कार्यक्रम में कहा, 'सचिन को दो बार आउट दिया था वो दो गलतियां थीं। मुझे नहीं लगता कि कोई अंपायर गलती करना चाहता है। यह उसके साथ रहती हैं और उसका भविष्य बर्बाद हो जाता है।'

उन्होंने कहा, 'गलती इंसान ही करता है। एक बार ऑस्ट्रेलिया में, मैंने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया था और गेंद स्टम्प के ऊपर से जा रही थी। एक और बार, भारत में मैंने उन्हें कैच आउट दे दिया था। बल्ले से गुजरने के बाद गेंद ने अपनी दिशा बदली थी लेकिन बल्ला नहीं लगा था और गेंद विकेटकीपर के पास गई। यह मैच ईडन गार्डन्स में था। ईडन में जब आप हो और भारत बल्लेबाजी कर रहा है तो आप सुन नहीं सकते।' उन्होंने कहा, 'क्योंकि 100,000 दर्शक शोर मचा रहे होते हैं।

जमीन विवाद के चलते मनरेगा के कार्य मे रोक, ग्रामीण हुए नाराज

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाकडाउन के दौरान मनरेगा मे लगाई गई रोक को राज्य शासन ने हटा दिया है इसके साथ ही पंचायतो में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मनरेगा का कार्य भी प्रांरभ हो गए है। परंतु मुख्यालय से सात किमी दुर स्थित ग्राम पंचायत कस में जमीन विवाद के चलते यह कार्य अब तक प्रारंभ नही हो सका है। मनरेगा के कार्यस्थल के समीप स्थित एक नीजी गौठान के संचालक की शिकायत के बाद रोजगार सहायक ने मनरेगा के कार्य रूकवा दिया है। जिसके चलते ग्रामीणो में नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कस के आश्रित ग्राम सुहागपुर में 11 लाख 96 हजार की राशि से छापर घाट गहरीकरण का कार्य मनरेगा के तहत जारी है। इसमें लगभग 50 प्रतिशत कार्य

पूरा हो गया है। इस घाट के किनारे ही एक नीजी व्यक्ति के द्वारा गौठान निर्माण कराया गया है। संचालक द्वारा गौठान का रास्ता बंद होने की शिकायत करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग जिला पंचायत गरियाबंद से की गई जिसके बाद निर्माण कार्य विवादो में आ गया है। गौठान संचालक की शिकायत के बाद रोजगार सहायक ने कार्य रूकवा दिया है परंतु इससे ग्रामीण नाराज हो गए है क्योंकि इससे उनकी रोजीरोटी को बंद हो गई है।

ज्ञात हो कि गौठान निर्माण को लेकर शुरू से ही ग्रामीण इसके विरोध मे थे। ग्रामीणो और पंचायत की बिना सहमति से बन रहे इस गौठान के चयन स्थल को लेकर यहां विवाद है। गौठान आने जाने के मार्ग में छापर नाला है जिसे पार करने के बाद ही गौठान पहुचा जा सकता है। हर साल बरसात में इसमें पानी भर जाता है जिससे इसे पार करने के दौरान कई बार मवेशी बह भी जाते है और यह डुबान क्षेत्र भी है नाले में बाढ के कारण पिछ्ले साल ही मवेशी यहां फस गए थे। इसके चलते ग्रामीण नही चाहते कि यहां आसपास मवेशी रखे जाए। इधर पंचायत द्वारा भी ग्रामीणो को रोजगार देने इसी नाले में गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया है। ताकि लोगो को रोजगार में मिलने के साथ ही नाले की सफाई भी हो जाए और इसका लाभ सिंचाई हेतु मिल सके। परंतु गौठान संचालक की शिकायत के बाद मामला विवादित हो गया। सरपंच रविन्द्र ने बताया कि मनरेगा का कार्य सही जगह पर हो रहा है परंतु अब विवाद सुलझने के बाद ही फिर से काम शुरू सकेगा।

न्यूज गैलरी

मोहरेंगा के छात्र दुर्गेश सिन्हा का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

खरोरा। हमारे मोहरेंगा खरोरा क्षेत्र के लिए बड़ी हर्ष की बात है कि नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा के छात्र दुर्गेश सिन्हा पिता श्री रोशन सिंहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय रायपुर में हुआ है। इसके चयन के लिए प्रधान पाठक शैलेन्द्र डहरिया शिक्षक राजेंद्र वर्मा ने बच्चों पर हमेशा से ही अच्छी शिक्षा टैकनिक,मोटीवेशनल कार्यक्रम कर प्रयास करते रहे है। इस सफलता से पुरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और हो भी क्यों न दुर्गेश सिंहा बहुत ही गरीब परिवार से है और ऐसे माहौल से लाखों बच्चों मे से निकलकर नवोदय के लिए चयनित होना सभी के लिए एक प्रेरणा है और गर्व की बात है। सभी जनप्रतिनिधियों सहित समस्त ग्राम वासियों ने इस सफलता लिए सभी शिक्षकों के साथ दुर्गेश सिंहा व पूरे परिवार को उसके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें एवं बधाईयाँ दी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आज दिनांक 21 जून 2020 अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर में विद्यालय के योग शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी के द्वारा ऑनलाइन योगा करवाया गया। योगेंद्र त्रिपाठी योग शिक्षक ने सर्वप्रथम प्रार्थना से आरंभ करते हुए, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, कटि चालन,घुटना संचालन, जैसे शिथलीकरण अभ्यास कराया।तदुपरांत योगासन में ताड़ासन,वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन ,भद्रासन, वज्रासन,शशकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, हलासन,पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति प्राणायाम, भ्रामरी ,प्राणायाम आदि योग क्रिया संपन्न कराया गया। अंत में संकल्प लिया गया। जिसमे मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, डी.एस.यादव, शाहिना परवीन, एम.के. साहू , संगीता नायक, सुनीता सिंह, नेहा राठौड़, सी खरे, जे.एस.बंजारे, देविका वर्मा, हारदीपा ,अंजली,जय प्रकाश, यश जायसवाल, आदि उपस्थित हुए।

हिन्दू युवा संगठन खरोरा द्वारा चीन के विरोध में चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका

खरोरा। हिन्दू युवा संगठन खरोरा द्वारा चीन के विरोध में चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका और उनके तस्वीर जला कर चीनी समान का विरोध किये जिनमें चीनी सेना कायर है , चीन मुर्दाबाद , शी जिनपिंग मुर्दाबाद , जैसे भारत माता की जय , वन्देमातरम , और हम सब भारतीय सेना के साथ है। और साथ ही जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि हम की सोशल मीडिया में चाइना एप्लीकेशन को हमे अपने फोन से हटा कर चीन का विरोध कर सकते है। उसी प्रकार सुमित सेन ने कहा कि मेक इन इंडिया को बढ़वा देने से युवाओं को रोजगार मिलेगा और मेक इन इंडिया का कार्य तेजी से होगा जिसमें चीन के आयात निर्यात में रोकथाम कर सकते है जिसमे प्रमुख रूप से जयप्रकाश वर्मा ,हेमंत सोनी ,सुमित सेन, संजय सेन , भुनेश्वर सारथी ,आकाश साहू , खिलेंद्र साहू , प्रवीण अग्रवाल , नरेश यादव ,छ्गन देवांगन, मोहन देवांगन ,देवेंद्र सिन्हा ,अभिलाष अग्रवाल ,नीलेश गोयल इत्यादि युवा उपस्थित रहे।

खुद का रोजगार शुरू करने के लिए कर सकते है आवेदन

बेमेतरा/साजा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने हेतु शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के.एस. मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 अंतर्गत स्वयं का रोजगार स्थापित करने ऑनलाइन आवेदन kviconline.gov.in] kvic.org.in के pmegp e-portal में जाकर किया जा सकता है।

अवैध शराब खरीदने कोचियों का जमघट

- **अल सुबह से ही अवैध शराब कोचियो का जमघट शराब दुकान के पिछले दरवाजे पर देखी जा रही है**

खरोरा। खरोरा स्थित शराब (देशी एवम अंग्रेजी) दोनों दुकानो के कर्मचारियों के दंबगई से मदिरा प्रेमी मजबूर है शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य चुकाने में बहुत से मदिरा प्रमियों ने कई बार शिकायत किया कि मैनेजर व कर्मचारियों द्वारा उचित मूल्य से अधिक मूल्यों में शराब का विक्रय किया जा रहा है, उनके बाद भी अधिकारीयो द्वारा कोई कार्यवाही ना करना शराब की इस काला बाजारी मे उनकी मौन सहमति को स्पष्ट करता है देशी शराब दुकान की बात करे तो प्लेन पौवा जो कि उचित मूल्य 80 रुपये है लेकिन वो 90 रुपये में बेच रहे है ऐसे ही मशाला का उचित मूल्य 100 रुपये है लेकिन 110 रुपये में बेचा जा रहा है ।इसी प्रकार गोवा शराब 120 निर्धारित मूल्य है लेकिन ओवर रेट 130 में बेचते है अब आ जाते है अंग्रजी शराब दुकान में बियर 180 रुपये निर्धारित शुल्क है लेकिन ओवर रेट करके 200 में बेच रहे है और साथ ही कोई भी बोतल लो अंग्रेजी का जिसमे हर बोतल के पीछे 50-100 रुपये ओवर में बेचते है ये सब धंधे ये कर्मचारी गण इतने आसानी से कर लेते है, क्यों कि इनको किसी भी अधिकारी का भय नही रहता है क्योंकि शराब दुकान के 5 किलोमीटर के एरिया तक चारो दिशाओं में अपने एक एक लड़के रखते है जो फील्डिंग का कार्य करते है ताकि कोई भी अधिकारी की गाड़ी अगर उस रास्ते से गुजरे तो वो गाड़ी नम्बर देख कर वो फ़ील्डिंग में बैठा लड़का तुरंत शराब दुकान में फोन कर बताता है कि अधिकारी की गाड़ी गुजरी अभी जिससे वो सचेत हो जाते है और अधिकारी के पहुचते तक शराब का मूल्य निर्धारित बिक्री में शरू कर देते है। अबकारी उप निरीक्षक उमेश अग्रवाल से इस संबंध में जानकारी लेने के लिए कॉल किया गया लेकिन उनके द्वारा फ़ोन रिसीव नही किया गया।

ऐसे ही शराब कोचियों से ओवर रेट लेते है

0 मशाला पौआ निर्धारित 90 शासकीय रेट है मगर प्रति पौवा 100 से 110 रुपये लेते है
0 प्लेन पौआ 80 रेट है लेकिन उसे 100 रुपये तक लेते है
0 गोवा का 100 रुपये रेट है लेकिन 120 रुपये लेते है

इसप्रकार से सभी मिलजुल कर ओवर रेट को अंजाम दे रहे और जिम्मेदार अधिकारी खामोश है ।

बेमेतरा विधायक छाबड़ा के प्रयासों से बनेगा हॉट-बजार

बेमेतरा/साजा। विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से छ.ग.राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा को विकास की नई सौगात प्राप्त हुई। विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के कृषि मंत्री एवं बेमेतरा जिले से मंत्री मण्डल में प्रतिनिधित्व करने वाले साजा विधायक रविन्द्र चौबे से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र हेतु हाट-बाजार निर्माण की मांग की गई थी, जिस पर संचालक कृषि विपणन(मंडी) बोर्ड की ओर से हाट-बाजार की प्रसासकीय स्वीकृति का आदेश जारी हुआ है। जिससे बेमेतरा विधानसभा के ग्राम देवरबीजा में हाट-बाजार हेतु 49.74 लाख रुपये एव ग्राम सरदा में हाट- बाजार हेतु 26.91 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। ज्ञात हो की हॉट-बाजार में कव्हर्ड प्लेटफर्म सहित सीमेंट, क्रांकीट रोड़, नाली तथा यूरिनल(महिला एवं पुरूष) का निर्माण किया जावेगा, हाट -बाजार के निर्माण से देवरबीजा एव सरदा में व्यवसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी तथा रोजगार के अवसर बढेगे हॉट-बाजार की स्वीकृति पट विधायक आशीष छाबड़ा ने मुखूयमंत्री भूपेश बघेल एवं लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिनकी छत्र छाया में बेमेतरा विधानसभा विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा है।

ब्लाक के प्राशा चोरभट्टी के 5 बच्चों का चयन नवोदय में

साजा। ब्लाक के संकुल केंद्र बोरतरा के शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी से जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु 5 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें प्रवीण कुमार वर्मा, रेखचंद सिन्हा, खिलेश निषाद, घनश्याम ठाकुर, कुमारी वंदना निषाद का चयन हुआ है। यह सभी बच्चे प्राथमिक शाला चोरभट्टी के हैं। इस शाला से प्रतिवर्ष बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय खिलोरा बेमेतरा के लिए होता है। शाला के प्रधान पाठक मुकेश कुमार वर्मा, डोगेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक देव राम साहू, रोशन सिंह राजपूत एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भागवत जंघेल, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मुरली सिन्हा, भागवत निषाद, दीनदयाल वर्मा, हेमराज वर्मा, रामेश्वर वर्मा सभी ने बच्चों को बधाई देते हुए उन बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना किए। शाला के शिक्षक डोगेंद्र कुमार वर्मा ने बताया की नवोदय विद्यालय हेतु तैयारी शाला प्रारंभ होते ही की जाती है और सभी शिक्षक मिलकर नवोदय की तैयारी कराते हैं। जिसमें पालक व बच्चों का बहुत ही अच्छा सहयोग रहता है। अभी तक इस साला से 15 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। यह हमारी शाला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और एक छोटे से गांव के लिए गर्व की बात है।

अभाविप साजा के द्वारा चीनी राष्ट्रपति का पुतला फुंक किया विरोध प्रदर्शन

साजा। भारत एवं चीन सीमा पर चीन द्वारा किये गए हरकत और चीनी सेना द्वारा भारतीय सेना पर हमला करने के विरोध प्रदर्शन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का पुतला व चीनी झण्डा जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात हमले मे हुए भारतीय वीर शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित किये। जिसमे अभाविप के जिला संयोजक हिमांशु सिंह, नगर सहमंत्री देवीलाल, दीपक साहू, नगर उपाध्यक्ष चंद्रभान ठाकुर, बलदाऊ ठाकुर, सौरभ, घनश्याम, अरुण, कुशल, रूपेंद्र, रंजीत, अजय, दुर्गा, आशीष, परमानन्द एवं अभाविप के समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

संघ ने सयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा/साजा। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवम संभाग प्रभारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त संचालक दुर्ग पीके पांडे से मुलाकात किया गया।जिसमें बेमेतरा जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 17 जून 2020 को विद्यालय खोलने के आदेश को निरस्त करने, राजनांदगांव जिला के स्थानीय समस्या के निराकरण करने की बात रखी गई, एवम दुर्ग जिला में वरिष्ठता सूची प्रकाशन के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर संयुक्त संचालक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को दूरभाष से निर्देश दिया गया। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, प्रांतीय महासचिव ओम प्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, अर्जुन लहरे, राहुल झा, चन्द्रिका यादव, अनिल बघेल उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजली

गरियाबंद। भारत चीन सीमा पर हुई हिसंक झड़प में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानो को गुरूवार शाम तिरंगा चैक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बीरू यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने श्रध्दांजली अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसियो ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेन्द्र देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष ओम राठौर, प्रदेश सचिव अमित मिरी, एल्डरमेन हरीश भाई ठक्कर, रमेश मेश्राम, हरमेश चावंड़ा, एनएसयूआई अध्यक्ष केशु सिन्हा, सेवा दल के भूपेन्द्र चंद्राकर, अवधराम यादव, अमृत पटेल, विनोद राजपुत, योगेश बघेल, गैदलाल सिन्हा, बीरेन्द्र सेन, रमेश चक्रधारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजुद थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोहा ने योग के साथ किया वृक्षारोपण

अर्जुनी। 21 जून रविवार को छठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कोरोना वायरस के चलते डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों ने अपने अपने घरों में परिवार के साथ योग प्रशिक्षक, सोशल मीडिया के समक्ष साथ में योगाभ्यास किया। योग प्रचारक दीपक कुमार वर्मा (छत्तीसगढ़ योग आयोग मास्टर ट्रेनर) ने योग दिवस के अवसर पर कहा, ऋषि-मुनियों की देन योग भारत की एक अत्यंत प्राचीन विरासत है। आज योग को जीवन जीने की एक कला एवं विज्ञान के साथ-साथ औषधि रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में लोकप्रियता मिल रही है। कोविड-19 से बचाव के लिए आयुर्वेद

औषधियां में से एक त्रिकटु चूर्ण और मुलेठी का उपयोग गर्म पानी में मिलाकर सुबह-शाम सेवन करें।

घर में रहकर परिवार के साथ लोगो ने किया योगः रविवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में हमारे भारत देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में करोड़ो लोगों ने भाग लिया और विश्व कल्याण के लिए योग पर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। योग को स्वस्थ जीवन जीने का विज्ञान मानते हुए आज देश-विदेश के बड़े-बड़े मेडिकल संस्थानों के चिकित्सक और वैज्ञानिक योग पद्धति को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं, और डॉक्टर स्वयं प्राणायाम योगाभ्यास करते हैं और लोगों को भी प्रतिदिन योग करने की सलाह देते आ रहे हैं।

अपोलो कॉलेज में किया गया राज्य स्तरीय योगा वर्कशॉप का आयोजन

गुंडरदही। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ छ.ग और अपोलो कॉलेज दुर्ग की आई. क्यू. ए. सी. सेल के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय योगा वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 8 से 10 बजे तक जूम एवं फेसबुक लाइव के माध्यम से 150 से अधिक युवाओं ने जुड़कर अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योगा एवं प्राणायाम का लाभ

उठाया। इस ऑनलाइन वर्कशॉप की शुरुआत विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ किया गया। अपोलो कॉलेज के डायरेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी छात्रों एवं अध्यापकों को कोरोना के इस संक्रमण काल मे घर से ही योगा करते हुए इस वर्कशॉप में जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया। दीया छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ पी. एल. साव ने बताया कि शरीर और मन को सुदृढ़ बनाने एवं इम्युनिटी पॉवर को बढ़ाने के लिए प्राणायाम एवं योगासन अत्यंत ही आवश्यक है, एवं आज की युवा पीढ़ी को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना ही चाहिए। योगाचार्य इंजीनियर युगल किशोर, अनीता साहू एवं अंजना साहू ने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, अर्ध चक्रासन, वक्रासन, शशांकासन, भुजंगासन, सेतु बँधासन, पवन मुक्तासन, मकरासन, उष्ट्रासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी एवं ध्यान के माध्यम सें लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित किया।

मवेशियों को गौठान में रखने लोगों को दिलाई गई शपथ

लवन। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के आह्वान पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुम्हारी में खरीफफसलों को मवेशियों से बचाने के लिए गौठान में रोका छेका कार्यक्रम मनाया गया। रोका छेका कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती कल्याणी पैकरा पूर्व सरपंच विमलेश वर्मा सचिव अग्नि निर्मलकर के द्वारा धरती मां की पूजा अर्चना के बाद श्रीफल तोड़कर किया गया। पूर्व सरपंच विमलेश वर्मा ने कहा कि

गांव-गांव में आवारा पशु फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार की इस योजना से निश्चित रूप से किसानों को इस समस्या से निजात मिलेगी धान की फसल को मवेशियों के चरने से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। रोका छेका कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने मवेशियों को गौठान में रखने की शपथ ली। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि नूतन पैकरा रोजगार सहायक निलेश श्रेय अगर सिह पैकरा रामचंद्र साहू हेमंत दास मिनेंद्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे द्य इसी तरह ग्राम पंचायत सरखोर के गौठान मे भी रोका छेका कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें सरपंच जगरी बाई कुर्रे गीता राम कुर्रे उपसरपंच कौशल साहू सचिव मनोज कुमार घृतलहरे, रूपलाल हलधर, पंचराम, सतरूपा, सुकालू, कमलाबाई, राकेश, चमेली, भवानी पटेल, कीर्तन बाई, विजय साहू उपस्थित थे।

पुलिसकर्मी अवसाद में ना जाए, पुलिस अधीक्षक ने दी समझाइश

गरियाबंद। कोरोना संक्रमण के दौरान लोकशांति और जन सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाले पुलिसकर्मी अवसाद का शिकार ना हो इसकी चिंता करते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल में उनका मनोबल बढ़ाने शनिवार को स्पंदन कार्यक्रम के तहत उनसे रूबरू चर्चा की और उनकी समस्या सुनी। एसपी ने पुलिसकर्मियो से विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी कोरोना संक्रमन काल में जिम्मेदारी से अपने दायित्वो का निर्वहन कर रहे हैं। विपरित परिस्थितियों और आपदा के घड़ी में पुलिस की भूमिका ना केवल अहम होती है बल्कि सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। ऐसी परिस्थितियो में जवानो को समाज और परिवार के बीच समन्यव बनाने और उनका ख्याल रखने में काफी दिक्कते भी होती है और इसके चलते कई बार जवान मानसिक रूप से परेशान हो जाते है या अवसाद के भी शिकार हो जाते है। उन्होने कहा कि जवानो को ऐसी स्थिति से बचाने पुलिस विभाग ने स्पंदन अभियान की शुरूआत की हैं। पुलिस के जवान अवसाद का शिकार ना हो और उनका मनोबल बना रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन

विशेष ध्यान देगी। इसके लिए मनोविज्ञानी, म्यूजिक थेरेपी, योग शिक्षा, खेलकूद, पुस्तकालय आदि सुविधा जवानों को और उनके परिवारों को उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि वे इन सब का आनंद ले सके और मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो सके। इसके अलावा उनकी सभी समस्याओ को गंभीरता से सुनकर त्वतरित निराकरण भी किया जाएगा ताकि वे निश्चित होकर पूरे उत्साह से अपने दायित्वो का निर्वहन कर सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जवानों की समस्याओं को सुनने के लिये अलग-अलग टीम बना कर उन्हें स्पंदन अभियान के लिए जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जिसके अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनन्दन राठौर को मैनपुर और शोभा थाना, एसडीओपी मैनपुर को देवभोग, इंदागाँव, जुगाड़ थाना व कैम्प, एसडीओपी गरियाबंद को राजिम और फिंगेश्वर थाना डीएसपी (मुख्यालय) को पांडुका थाना व रक्षित केंद्र, टीआई छुरा को छुरा, टीआई अमलीपदर को अमलीपदर में स्पंदन कार्यक्रम करने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि पुलिस विभाग में जवानों में उत्पन्न हो रहे मानसिक अवसाद को दूर करने और इससे होने वाली हिंसक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी और रायपुर रेंज महानिरीक्षक श्री डॉ. आनंद छाबड़ा ने स्पंदन अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसके तहत गरियाबंद में भी पुलिस विभाग ने इसकी शुरूआत की है।

न्यूज गैलरी

एक रुपये से भी कम हुआ पेट्रोल-डीजल का अंतर

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की महँगाई का क्रम रविवार लगातार 15वें दिन जारी रहा और इस दौरान डीजल के दाम अधिक तेजी से बढ़ने के कारण इनकी कीमतों का अंतर घटकर एक रुपये से भी कम रह गया है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत आज 35 पैसे बढ़कर 79.23 रुपये प्रति लीटर हो गई जो 01 नवंबर 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल के मूल्य में 60 पैसे की वृद्धि के साथ यह रिकॉर्ड 78.27 रुपये प्रति लीटर बिका। देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 07 जून से लगातार बढ़ रहे हैं। इन 15 दिनों में दिल्ली में पेट्रोल 7.97 रुपये यानी 11.18 प्रतिशत और डीजल 8.88 रुपये यानी 12.80 प्रतिशत महँगा हो चुका है।

रैकिंग में आईआईएफटी का 26वां स्थान

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को मानव संसाधन विकास मंत्रालय की 'राष्ट्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग 2020' के तहत प्रबंधन श्रेणी में 26वां स्थान मिला है। संस्थान की रैंकिंग में पिछली बार के मुकाबले पांच स्थानों का सुधार हुआ है। पिछले साल की रैंकिंग में आईआीएफटी आठ स्थान लुढ़ककर 23वें स्थान से 31वें स्थान पर चला गया था। संस्थान की रैंकिंग 2017 में 30वीं और 2016 में 81वीं थी। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क पर आधारित प्रबंधन संस्थानों की रैंकिंग के पांचवें संस्करण की घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी। आईआईएफ्टी के निदेशक मनोज पंत ने कहा कि संस्थान की रैंकिंग में सुधार शोध, पेशेवर व्यवहार और सामूहिक प्रदर्शन पर जोर देने के कारण हुआ है।

बाजार के लिए फायदे वाला रहा यह सप्ताह, रचा इतिहास

नई दिल्ली (ए.)। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 1,76,489.28 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 950.85 अंक या 2.81 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बााजार पूंजीकरण 1,08,213.62 करोड़ रुपये बढ़कर 11,15,418.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पहली भारतीय कंपनी है जिसका बाजार पूंजीकरण 11 लाख करोड़ रुपये के पार गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज कर्ज मुक्त

शुक्रवार को कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की। उसी दिन कंपनी के प्रमुख मुकेश अंबानी ने घोषणा की कि तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कार्यरत रिलायंस इंडस्ट्रीज अब पूरी तरह कर्ज मुक्त हो गई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 27,788.22 करोड़ रुपये बढ़कर 5,67,093.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,729.16 करोड़ रुपये बढ़कर 2,35,648.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी का 8,110.36 करोड़ रुपये बढ़कर 3,18,597.21 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टीसीएस का भी मार्केट कैप बढ़ा

इसी तरह भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 6,301.17 करोड़ रुपये बढ़कर 3,11,757.83 करोड़ रुपये और इन्फोसिस की 5,771.09 करोड़ रुपये बढ़कर 3,00,543.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन 4,442.42 करोड़ रुपये बढ़कर 2,57,640.33 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का 3,133.24 करोड़ रुपये बढ़कर 7,68,131.91 करोड़ रुपये रहा।

आईटीसी का मार्केट कैप घटा

इस रुख के उलट आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 12,169.31 करोड़ रुपये घटकर 2,26,299.98 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की बाजार हैसियत 3,277.62 करोड़ रुपये घटकर 4,91,584.61 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी का स्थान रहा।

इस सप्ताह शेयर बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की अधिकतर कंपनियों में तेजी

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह करीब पौने तीन प्रतिशत की तेजी के बाद अनलॉक 2.0 की उम्मीद में आने वाले सप्ताह में भी बढ़त जारी रह सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत सप्ताह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में उनसे अनलॉक 2.0 के लिए तैयार रहने को कहा है। इससे बाजार में उम्मीद जगी है कि जुलाई से आर्थिक गतिविधियों में और तेजी आयेगी।

पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 950.84 अंक यानी 2.74 फीसदी की मजबूती के साथ 34,731.73 अंक पर पहुँच गया। सोमवार और बुधवार को बाजार में गिरावट रही जबकि शेष तीन दिन तेजी देखी गई। आखिरी दो दिन में ही सेंसेक्स 1200 अंक से ज्यादा चढ़ा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 271.50 अंक यानी 2.72 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 10,244.40 अंक पर पहुँच गया। अनलॉक के दूसरे चरण में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की उम्मीद में अगले सप्ताह भी तेजी जारी रह सकती है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। सप्ताह के दौरान बीएसई का मिडकैप 1.62 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 12,803.84 अंक पर और स्मॉलकैप 3.65 फीसदी की बढ़त में 12,277.11 अंक पर बंद हुआ। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों में तेजी और शेष 13 में गिरावट रही। नये निवेशों की बौछार से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर सबसे अधिक 10.74 प्रतिशत चढ़े। बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की अधिकतर कंपनियों में तेजी रही। बजाज फाइनेंस में 10.16 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 5.71 फीसदी, एचडीएफसी बैंक में 5.15, भारतीय स्टेट बैंक मं 2.90, एचडीएफसी में 2.23 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.75 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं इंडसइंड बैंक के शेयर 8.29 प्रतिशत टूट गये। वाहन निर्माता कंपनियों में मारुति सुजुकी के शेयर 6.20 प्रतिशत चढ़े जबकि अन्य में गिरावट रही। बजाज ऑटो के शेयर 3.90 फीसदी, हीरो मोटोकॉर्प के 1.99 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा के 1.73 प्रतिशत लुढ़क गये।

आईटी एवं टेक कंपनियों में इंफोसिस में 1.96 प्रतिशत और टीसीएस में 0.41 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा के शेयर 2.92 प्रतिशत ओर एचसीएल टेक्नोलॉजीज के 0.31 प्रतिशत की गिरावट में रहे।

अन्य कंपनियों में पावरग्रिड के शेयर 2.60 फीसदी, ओएनजीसी के 2.14, भारती एयरटेल के 2.06, सनफार्मा के 1.66, अल्ट्राटेक सीमेंट के 1.07 और टाटा स्टील के 1.01 प्रतिशत चढ़े। आईटीसी में 5.10 फीसदी, एनटीपीसी में 4.13, एलएंडटी में 3.05, नेस्ले में 2.37, एशियन पेंट्स में 0.96, हिंदुस्तान यूनिलिवर में 0.66 और टाइटन में 0.25 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

प्रॉपर्टी खरीदने का आ गया राइट टाइम, रेडी-टू-मूव-इन की होगी भरमार

नई दिल्ली (ए.)। प्रॉपर्टी के जानकारों की मानें तो आने वाले समय में रेडी-टू-मूव-इन प्रॉपर्टी की डिमांड बढ़ सकती है। डिवेलपमेंट फर्म डिलिवरी, रुके प्रॉजेक्ट को पूरा करने क उद्देश्य से आगे बढ़ेंगे और इस वजह से वर्ष 2021 सभी कैटिगरी जैसे कि सस्ते, मध्यम आय और लग्जरी आवास के मामले में होम बायर्स को रेडी-टू-मूव प्रॉपर्टी की सौगात देंगे।

सीमित लेवर फोर्स से काफी समस्याएं

वर्तमान में डिवेलपर्स को कंस्ट्रक्शन साइट्स पर सीमित लेवर फोर्स और दूसरी अन्य चुनौतियों से दो-चार होना पड़ रहा है। ऐसे में एनरॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट की शोध पर भरोसा करें तो शीर्ष सात शहरों में 6.44 लाख से अधिक इकाइयों के कुल अनसोल्ड स्टॉक लगभग 12 फीसदी या लगभग इतने ही हैं। 78 हजार घर रेडी-टू-मूव हैं।

एनसीआर में 15,600 अनसोल्ड रेडी होम हैं

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि एनसीआर में लगभग 10,20 करोड़ रुपये मूल्य के लगभग 15,600 अनसोल्ड रेडी होम हैं। यह रिपोर्ट इस तरफइशारा कर रही है कि आने वाले समय में रेडी-टू-मूव इन अपार्टमेंट की हिस्सेदारी बढ़ सकती है।

ओवर सप्लाई रहेगी

ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इस सेगमेंट में ओवर सप्लाई रहेगी। इस पर बात करते हुए एनरॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट चेयरमैन अनुज पुरी कहते हैं कि यह जरूरी नहीं है कि यह सभी शहरों और माइक्रो मार्केट में देखने को मिले। लेकिन शीर्ष शहरों में और शहर की सीमा में कुछ इलाके हैं जहां ऐसी डिमांड देखने को मिल सकती है।

लॉकडाउन का रियल एस्टेट पर सीधा असर

उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना लॉकडाउन का रियल एस्टेट पर सीधा असर देखने को मिल रहा है। हमारे रिसर्च के मुताबिक, 2020 में टॉप-7 शहरों में कम से कम 4.66 लाख इकाइयां पूरी होने वाली थी। लेकिन लॉकडाउन के कारण इसमें कम से कम एक या दो तिमाही की देरी होगी।

होमबायर्स को सलाह

एक्सपर्ट इसे खरीदारों का बाजार कहते हैं। अब प्रॉपर्टी खरीदने का अच्छा समय है। उनका कहना है कि आने वाले महीने में आवास की मांग में बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जहां वे अपने पसंद के अपार्टमेंट में जाने के लिए रेडी-टू-मूवइन प्रॉपर्टी के विकल्प के साथ जाने को तैयार होंगे।

एचडीएफसी बैंक ने सीएससी एकेडमी के माहवारी स्वच्छता अभियान में किया सहयोग

मुंबई। आज एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की कि यह स्त्री स्वाभिमान प्रोग्राम में सहयोग करेगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की सैनिटेशन की जरूरतों व माहवारी की हाईज़ीन का ख्याल रखेगा। यह अभियान भारत सरकार के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के सीएसआर आर्म, सीएससी एकेडमी द्वारा लॉन्च किया गया है।

सीएससी का भारतव्यापी नेटवर्क जनउपयोग की सेवाओं की आपूर्ति के लिए एक्सेस प्वाईंट के रूप में काम करता है। बैंक ने इस अभियान के लिए कॉमन सर्विस सेंटर्स के साथ साझेदारी की है। इस कार्यक्रम के तहत, सीएससी एकेडमी ने देश में लगभग 1000 सैनिटरी नैपकिन मैनुफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की हैं। ये यूनिटें ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करती हैं तथा अपने क्षेत्र में वितरण केंद्र के रूप में दोगुनी हो जाती हैं। 500 रु. के डोनेशन में ये सेंटर एक महिला को एक साल तक सैनिटरी नैपकिन प्रदान करते हैं। एचडीएफसी बैंक इस अभियान के लिए समर्पित है, जो 25,000 से ज्यादा महिलाओं की माहवारी के वक्त हाईज़ीन की जरूरतों को पूरा करेगा।

सैनिटरी यूनिट्स में बनाए गए उत्पाद समाज में सुविधाओं से वंचित व गरीबी में रहने वाली युवा लड़कियों व महिलाओं को वितरित किए जाएंगे।

बस, टैक्सी क्षेत्र में 20 लाख लोग हुए बेरोजगार

नई दिल्ली (ए.)। बस व कार ऑपरेटरों के संगठन बीओसीआई के अनुसार, कोरोना वायरस महामारी के कारण बस-टैक्सी क्षेत्र में करीब 20 लाख लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं। संगठन ने कहा कि अभी इतने ही लोगों के बेरोजगार होने का खतरा मंड़रा रहा है। बस एंड कार ऑपरेटर्स कंफेडरेशन ऑफ इंडिया (बीओसीआई) 15 लाख बसें, मैक्सी कैब और 11 लाख पर्यटन टैक्सी चलाने वाले 20 हजार ऑपरेटरों के प्रतिनिधित्व का दावा करता है। संगठन का दावा है कि ये ऑपरेटर एक करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराते हैं। संगठन ने कहा कि इस कठिन समय में निजी ऑपरेटरों को कर राहत तथा कर्ज के ब्याज में राहत के तौर पर सरकार से मदद की उम्मीद है, क्योंकि महामारी ने उन्हें बंद होने के कगार पर पहुंचा दिया है। बीओसीआई के अध्यक्ष प्रसन्ना पटवर्धन ने पीटीआई-भाषा को बताया, लॉकडाउन के दौरान हमारे वाहनों में से 95 प्रतिशत सड़क से दूर थे। बहुत कम बसें कंपनी के अनुबंधों के लिये संचालित होती थीं, जबकि कुछ का इस्तेमाल प्रवासी मजदूरों के परिवहन के लिए किया जाता था। उन्होंने कहा कि कोई कारोबार नहीं होने से सदस्य ऑपरेटर कर्मचारियों को वेतन देने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक करोड़ लोगों में से कम से कम 30-40 लाख लोग अपनी नौकरियां खो देंगे।

HEIQ **वायरोब्लॉक के साथ मिलकर** NEO TECH® **ने उस वायरस के खिलाफ सफलतापूर्वक परीक्षण**

एंटी-वायरल फैब्रिक बनाने वाला भारत का पहला सूटिंग ब्रांड

मुंबई(ए.)। फैशन और लाइफस्टाइल के क्षेत्र में मौजूदा परिदृश्य को देखते हुएए जीवन के नए तरीकों को अपनाना अब समय की मांग बन चुकी है। इनोवेशन के साथ-साथ उत्कृष्ट वस्तुओं के उत्पादन में बाजार में अग्रणी होने के नाते डोनियर ग्रुप ने NEO TECH® तकनीक का उपयोग करते हुए ऐसे उत्पादों की रूपरेखा तैयार की है जो उच्च गुणवत्ता वाले एवं अत्यंत उपयोगी होने के साथ.साथ बैक्टीरिया और वायरस के खिलाफसमान रूप से एक ढाल की तरह काम करते हैं। NEO TECH® दरअसल अनुसंधान एवं विकास की दिशा में बड़े पैमाने पर किए गए प्रयासों का नतीजा हैय जिसका उद्देश्य भारतीय वस्त्र उद्योग में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना था। वर्ष 2007 में GBTL जैसे पहले ग्रासिम सूटिंग के नाम से जाना जाता थाः और ब्ल्ड के अधिग्रहण के बादए डॉनियर ग्रुप ने औपचारिक रूप से अव्वल दर्जे के R&D विंग का गठन किया और इस तरह NEO TECH® सेंटरऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ हुआ।

इससे पहले भ यह ग्रुप बड़े पैमाने पर इन्नोवेटिव प्रोडक्ट्स को बाजार में उतारने में सबसे आगे रहा है जिसमें स्त्रीजा (4-वे स्ट्रेच फैब्रिक), आइस-टच (आपको 5 डिग्री कम तापमान का एहसास देने वाला फैब्रिक) और अनक्रशेबल्स (सिलवट-रोधी ह्यकपड़े) के अलावा इसी तरह के कई अन्य फैब्रिक्स शामिल हैंए जिन्हें आज भी लोग बड़े पैमाने पर पसंद कर रहे हैं। इस कदम के साथए ग्रुप ने एंटीवायरल तकनीक को पूरी तरह विकसित करने की दिशा में एक साहसिक कार्य किया हैए जो पॉली विस्कोस और वर्स्टेड्स श्रेणियों में अपनी उपस्थिति को मजबूती देने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा।

आज का भविष्यफल

मेषः मेष राशि के जातकों का मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक परिणाम पाने के लिए अत्यधिक मेहनत करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है।

वृषभः वृषभ राशि के जातकों को अपने काम से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी भी प्रॉजेक्ट में बिना हार माने लगे रहना आपकी विशेषता है जिसका फल आज आपको मिलेगा।

मिथुनः मिथुन राशि के जातक जोखिम लेकर अपने काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे। परंतु अचानक किसी मुश्किल की वजह से नुकसान भी हो सकता है। अतः सावधान रहें।

कर्कः कर्क राशि के जातकों के कामकाज में कुछ परिवर्तन से फायदा होने के योग हैं। कठोर मेहनत करनी पड़ेगी परंतु सफलता जरूर मिलेगी। धन प्राप्ति के अच्छे योग बने हुए हैं। निवेश करने का योग भी बन रहा है।

सिंहः सिंह राशि के जातक पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्यक्षेत्र में काम करेंगे। अपने कुछ काम को सीक्रेट रखने की कोशिश भी करेंगे। धन लाभ की संभावना है।

कन्याः कन्या राशि के जातकों के मन में अपने पॉटेंशियल को लेकर संशय पैदा होगा। परंतु वह अपने साहस के बल पर इससे बाहर आ सकते हैं। आत्मविश्वास को बनाए रखें। मन मुताबिक रिजल्ट जरूर मिलेंगे।

तुलाः तुला राशि के जातकों को अपने पार्टनर के साथ व्यवहार में सावधानी बरतनी चाहिए। कामकाज के लिए अपने हर राज को दूसरों के साथ साझा ना करें वरना दूसरे इसका फायदा उठा लेंगे।

वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों को अपने मित्रों के साथ व्यवहार में सावधानी बरतना चाहिए। कामकाज से संबंधित गोपनीय बातों को किसी दूसरे के साथ शेयर ना करें।

धनुः धनु राशि के जातकों के लिए यह अच्छा समय है कामकाज में संतुलित एनर्जी को लगाकर प्रॉडक्टिविटी बढ़ा सकते हैं। धन प्राप्ति के लिए अच्छा समय है।

मकरः मकर राशि के जातक मानसिक रूप से अपने आप को बंधा हुआ महसूस करेंगे। गुस्से की अधिकता भी रहेगी। जल्दबाजी में कुछ काम गड़बड़ हो सकते हैं ।

कुंभः कुंभ राशि के जातकों को अपने भाइयों के साथ विवाद का योग बनता है। हालांकि सभी कामों को अपने बलबूते पर पूरा करने में कामयाब रहेंगे। विरोधी अपना सिर नहीं उठा पाएंगे। सुख की प्राप्ति होगी।

मीनः मीन राशि के जातकों कामकाज में आज मन नहीं लगेगा। कुछ विरक्ति महसूस करेंगे। मन में बेचैनी रहेगी। यह समय अपने अंतर्मन को टटोलने का है। तभी कुछ बेहतर की प्राप्ति हो सकती है।

सू- दोकू क्र.060

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.59 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

शब्द सामर्थ्य -060

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, सभा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

वन डे, स्पेशल डे...

पहला ऐसा संडे रहा जिसमें एक ही दिन कितना कुछ हुआ। रविवार 21 जून को फादर्स डे, ग्रहण डे, अंतर्राष्ट्रीय योगा डे मना। इन सबसे ज्यादा कौतुहल भरा दिन कांग्रेस डे के तौर पर बीता। सुबह से लेकर देर रात तक कांग्रेसियों को यह समझ नहीं आया कि इतने सारे स्पेशल डे को वन-डे में कैसे सेलिब्रेट करें। कांग्रेस डे से मतलब है निगम, मंडल आयोग में नियुक्ति के लिए हुई अहम बैठक का। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया की मैराथन बैठक के बाद आला पार्टी नेताओं से गुफ्तगू फिर सीएम से नामों को लेकर फाइनल मीटिंग। हालाकि कई ऐसे भी दावेदार हैं जो ग्रहण में पदों की चर्चा से सशंकित भी हैं।

ब्राम्हण, ग्रहण व दान...

कोई शख्स चाहे कितना ही आला औहदा हासिल कर ले, लेकिन कौम का खौफ जाता नहीं। भले ही हिंदुत्व के नाम पर बीजेपी बदनाम है। परंतु परंपरा, धर्म और नियमों में कांग्रेस भी बीजेपी के कान काटती है। ऐसा ही एक वाक्या आज हुआ जब प्रदेश प्रभारी निगम, मंडल, आयोग के लिए बैठकों का दौर शुरु किए। दरअसल आज निगम-मंडल की कमान सम्हालने कई ब्राम्हण लालायित दिखे। लेकिन उनके दिलो दिमाग में ग्रहण को लेकर भी पशोपेश में रहे। ग्रहण काल में इस सब प्रक्रिया व अपना नाम आगे करने से ब्राम्हण दावेदार हिचकिचाते भी रहे और राशियों के मुताबिक सशंकित भी. क्योंकि कहीं दौड़ से वे बाहर न हो इसलिए ग्रहण में अच्छा काम शुरु नहीं करना चाह रहे हैं। फिर भी खाटी ब्राम्हण नेताओं ने दान के तौर पर काट कर अपना नाम आगे कर ही दिया है।

इतने ब्राम्हण...असंभव !

एक अनार और सौ बीमार वाली कहावत निगम-मंडल के दावेदारों के लिए फिट बैठती है। क्योंकि 11 निगम-मंडलों में तैनाती होनी है। पहले ही पार्टी के दिग्गज नेता तय कर चुके हैं पदों का बंटवारा 5 संभागों के लोगों में अनिवार्य तौर पर होना है। बचे तब फिर चाल, चेहरा और चरित्र देखकर पद देंगे। चुनाव में ऐतिहासिक जीत एक तरह से संगठन समेत प्रदेश प्रभारी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के लिए चुनौती भी पैदा कर रही है। क्योंकि निगम और मंडल के लिए सर्वाधिक दावेदार ब्राम्हण नेता हैं। इनमें विधायक से लेकर संगठन व चेहतों की एक पूरी पलटन भी है। हालाकि निगम-मंडल के लिए अधिकतम 2 ब्राम्हण नेताओं को ही लिया जाना संभव है। इसमें सबसे बड़े नामों में सत्यनारायण शर्मा, अमितेश शुक्ला, अरुण वोरा, विकास उपाध्याय, धनेंद्र साहू, रामपुकार सिंह हैं। इसके अलावा शैलेष नितिन त्रिवेदी, घनश्याम राजू तिवारी, विनोद तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, आलोक शुक्ला, विकास तिवारी जैसे नाम भी हैं। इतने ब्राम्हणों में सभी को लेना तो असंभव है।

इनके भाग में छींका...

मुसीबत यह है कि दावेदार 3 दर्जन से ज्यादा हैं। सभी पार्टी में किसी के चेहते, किसी के रिश्तेदार तो किसी को पूर्व में आश्वासन मिल चुका है। निगम-मंडल अध्यक्षों की संख्या 11 है, प्रदेश के सभी 5 संभागों से लोगों को चुनना है। ऐसे में जातिगत समीकरण, पार्टी के वफादार और वरिष्ठ शामिल हैं। इसमें खास नामों पर भी तवज्जो की चर्चा है। जिसमें प्रभारी पीएल पुनिया के करीबी सन्नी अग्रवाल, पूर्व महापौर किरणमई नायक, नरेश डाकलिया, शैलेष नितिन त्रिवेदी, अटल श्रीवास्तव, विभा साहू जैसे नामों को तय माना जा रहा है। हालाकि निगम-मंडल के नामों की सूची तो तय कर ली गई है लेकिन घोषणा क्रमशः होगी। कहा जा रहा है कि तीन चरणों में नामों का ऐलान होगा ताकि पहले और दूसरे में जिनके नाम छूटते हैं तो वो किस तरह रिएक्ट करेंगे। जो जितने जोर से रोएगा तब उन्हें दूध पिलाने की तैयारी है।

आईजी काबरा ने पत्नी संग 50 किमी साइकिलिंग की, तोड़ा पुराना रिकॉर्ड

■ काबरा दंपति सुबह 4 बजे निकले अचानकमार टाइगर रिजर्व के लिए

■ वापस लौट किया योग, फिर ड्यूटी पर भी हो गए हाजिर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रेरणादायी यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को बिलासपुर रेंज के आईजी व आईपीएस अफसर दीपांशु काबरा ने ऐसी यात्रा कि जिससे लोगों को निश्चित ही प्रेरणा मिलेगी। खासकर उन लोगों को जो अपनी व्यस्तता के कारण या उसका हवाला देकर व्यायाम, योग आदि नहीं कर पाते या करने से बचते हैं। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर दीपांशु काबरा ने अपनी पत्नी रचना काबरा के साथ 50 किमी साइकिलिंग की। इस यात्रा में काबरा दंपति ने साइकिलिंग के अपने पुराने 35 किमी के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। यही नहीं साइकिलिंग पूरी करने के बाद उन्होंने योग किया और फिर अपनी ड्यूटी पर भी हाजिर हो गए। इस बारे में आईजी दीपांशु काबरा ने नवप्रदेश को बताया कि वे सुबह चार बजे अपने आवास से पत्नी के साथ साइकिल से अचानकमार टाइगर रिजर्व के लिए निकले। उन्होंने सुबह-सुबह वहां बाघ का दीदार किया और प्रकृति का आनंद उठाया। उनके आवास से अचानकमार की दूरी 50 किमी (आना-जाना मिलाकर) है। इस स्वास्थ्यवर्धक यात्रा की तस्वीरें उन्होंने अपने ट्वीटर अकाउंट पर भी पोस्ट की है।

ऐसे टूटा पुरान रिकॉर्ड

बिलासपुर आईजी ने बताया कि वे भिलाई में रहने के दौरान भी साइकिलिंग किया करते थे। 15-20 दिन पहले ही वे अपनी पत्नी के साथ कोटा तक साइकिल से गए थे। आना-जाना मिलाकर यह करीब 35 किमी का सफर था। इसके बाद उन्होंने इससे भी ज्यादा साइकिलिंग करने का लक्ष्य रखा था। उनकी पत्नी भी इसके लिए राजी हो गई। और इस तरह अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर ही काबरा दंपति ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने की हसरत पूरी कर ली। इसके लिए उन्होंने पहले ही प्लानिंग कर ली थी।

'पत्नी को पसंद नहीं थी साइकिलिंग, पर धीरे-धीरे बन गया शगल'

आईजी काबरा ने बताया कि उनकी पत्नी रचना को पहले साइकिलिंग पसंद नहीं थी। उनके पास पहले एक साइकिल थी, लेकिन पत्नी के जन्मदिन पर उन्होंने उनके लिए भी साइकिल खरीदी। फिर धीरे-धीरे रचना का रुझान भी साइकिलिंग की ओर बढ़ता चला गया।

हर दिन कम से कम 15-20 मिनट करें योग, प्राणायाम : काबरा

योग दिवस पर अपने संदेश में काबरा ने कहा कि सभी लोगों को अपना शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए योग, प्राणायाम, व्यायाम करना ही चाहिए। दिन में कम से कम 15 से 20 मिनट योग करना चाहिए। यदि हर दिन योग, प्राणायाम नहीं कर पाते हैं तो सप्ताह में 3-4 दिन तो अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे पहले योग नहीं किया करते थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उन्होंने इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है।

जमकर हुई बारिश, सूर्यग्रहण नहीं देख पाये शहरवासी

शनिवार रात से ही रुक रुककर हो रही बारिश और छाये रहे काले बादल

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रविवार दोपहर तेज बारिश और आकाश में छाए काले बादलों की वजह से शहरवासी सूर्यग्रहण का नजारा नही देख पाए ।शनिवार रात से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा तो रविवार रात तक एक जैसे बना रहा शनिवार रात से रुक रुक कर हो रही बारिश और रविबार की वजह से लोग अपने घरों में कैद हो गए ।घर मे ही टीवी पर देश भर में सूर्य ग्रहण का नजारा लोग सपरिवार देखते रहे घरों में ही बहुतायत लोग परिवार के साथ विश्व योग दिबस के अवसर पर योग करके निरोग रहने का प्रयास किया। बारिश से शहर में जगह जगह पानी भर गया।

सूर्य ग्रहण को लेकर पिछले कई दिनों से लोगो मे उत्सुकता का माहौल था ।कल रात सूतक लगने पर सारे मंदिर के पट बंद कर दिए गए । श्रद्धालु लोग सूर्य ग्रहण के मद्देनजर कल से ही पूजा पाठ की तैयारी कर लिए थे मगर शनिवार रात 9 बजे मौसम बदल गया और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश भी शुरू हो गई । रात में रुक रुक कर हो रही बारिश से सुबह सूर्य का दर्शन होने पर आशंका हो चली थी । मौसम विभाग ने वैसे भी 24 घण्टे के भीतर जोरदार बारिश का अनुमान लगाया था । सुबह से मौसम खराब होने के कारण लोगो को अंदेशा हो गया था शहर में सूर्य दर्शन और ग्रहण सम्भव नही होगा । लोग सूर्य ग्रहण के पहले सपरिवार योग दिवस पर निरोग रहने के लिए योगाभ्यास किया और सूर्य ग्रहण समाप्त होने पर किये जाने वाले पूजापाठ की तैयारी में लग गए । दोपहर 12 बजे फिर जमकर बारिश हुई और मौसम साफहोने की कोई गुंजाइश नही दिखा। अंततः सूर्य ग्रहण समाप्त होने के बाद भी मौसम का नजारा ऐसा रहा कि फिर जोरों से बारिश होगी।

डबरी बनी नहीं, पर राशि पूरी निकाल ली

■ आवेदक का सरपंच-सचिव पर आरोप

बीजापुर नवप्रदेश। डाबरी की 532 गोदी खोदकर कार्य की समाप्ति कर पूरा-पूरा राशि का आहरण किया गया है जबकि आवेदक कुरसम चेंद्रैया के अनुसार लगभग 900 गोदी खुदा जाना था उसके अनुसार 532म176 = 93.632 का कार्य हुआ है जिसक स्वीकृति राशि 15,9000 में ?93,632 रुपए का खोदे गए, मजदूरों को भुगतान होने पर शेष बचे हुए राशि ? 65,363 का हिसाब कहां गया आवेदक का कहना है की शेष राशि का गबन हुआ है जिससे हितग्राही का डबरी निर्माण कार्य पूर्व नहीं किया गया वह आधे अधूरे में अटक गया है। जिससे गरीब आदिवासी किसान असमंजस में पड़ गया है जिसकी जानकारी लेने आवेदक सरपंच सचिव सहायक सचिव से संपर्क करने पर मुझे कुछ भी जानकारी नहीं दे रहे हैं और पूछने पर तुमको इससे क्या करना है बाद में बताएंगे कह कर गोलमोल जवाब देकर मुझे कई दिनों से गुमराह कर रहे हैं इस समस्या को लेकर पिछले दिनों 5 जून को सभी व्हाट्सएप ग्रुप में डाला गया था उसके बाद आवेदक ने मीडिया कर्मियों से संपर्क किया।

इस समस्या को लेकर आवेदक और मीडिया कर्मियों ने जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.बी गौतम से संपर्क कर समस्या का अवगत कराया आवेदक को मीडिया कर्मियों के समक्ष इस समस्या का समाधान तीन दिवस के अंदर करने की आश्वासन दिया गया। परंतु आवेदक का कहना है कि आज पर्यंत तक लगभग 10 दिन हो गए लेकिन मेरी समस्या जस की तस बना हुआ है जिसका तात्पर्य है कि सचिव एवं सहायक सचिव द्वारा इस समस्या को दबाया जा रहा है और उच्च अधिकारी को जानकारी देने पर भी संबंधित पर कार्यवाही ना करना कई संदेह को जन्म देता है यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सभी की मिलीभगत हो सकता है। आवेदक को न्याय ना मिलने के कारण आवेदक ने स्वयं जिसकी शिकायत पत्र लिखकर जिलाधीश महोदय एवं समस्त पत्रकारों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 16 जून को अवगत कराया है।

विकास खंड भोपालपटनम के नेशनल हाईवे 63 से सटे हुए ग्राम पंचायत पेगडाल्ली पे बासागुड़ा पारा के निवासी स्वर्गीय कुरसम गोपाल पिता स्वर्गीय इरैया नाम के हितग्राही को एक डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था जोकि हितग्राही की मृत्यु ढाई वर्ष पहले और चुका था इस डबरी कार्य की स्वीकृत राशि 159000 रुपए का था इस कार्य को 3 फरवरी 2020 को प्रारंभ किया गया और 1 मार्च 2020 तक कार्य कर समापान किया।

73 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, बगैर मास्क घूम रहे लोगों के कटे चालान

बिलासपुर। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर दीपांशु काबरा और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई तेज कर दी गई है । अलग-अलग थाने में 47 प्रकरण के 73 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया इसके अलावा बिना मास्क पहने निकले 189 लोगों को पुलिस ने पकड़ा और उनके खिलाफचालानी कार्रवाई की. इस बीच पुलिस ने यातायात नियमों को तोड़ने वाले 24 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की है जिलेभर के थाना प्रभारियों ने पुराने प्रकरणों का निकाल शुरू किया सिविल लाइन ने 3 , तारबाहर ने 3, तोरवा ने 5, सिरगिट्टी ने 2, चकरभाठा ने 3, सकरी ने 4, हिर्री ने 4, बिल्हा ने 5, मस्तूरी ने 2, पचपेड़ी ने 5, सीपत ने 6, तख्तुपुर ने 9, कोटा ने 3, बेलगहना ने 7, और तारनपुर पुलिस ने 12 पुराने प्रकरण के फरार आरोपियों को पकड़ा. अवैध रेत परिवहन और उत्खनन पर 2 दर्जन कार्रवाई- एसपी अग्रवाल के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ भी अभियान चलाया. इस दौरान अलग-अलग थाने की पुलिस ने 22 अवैध रेत का परिवहन करते ट्रक, हाइवा और ट्रैक्टर को पकड़ा. इनके खिलाफपुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की. कोटा पुलिस ने 7, मस्तूरी ने 4, तखतपुर ने 1, सकरी ने 1, कोनी ने 4, बेलगहना पुलिस ने 5 वाहनों को पकड़ा. एएसपी ओपी शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई देर रात तक जारी है. धारा 188 के तहत 9 प्रकरण भी बनाए गए, अपराध दर्ज- शनिवार को पुलिस ने लॉकडाउन का नियम तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई की. इस दौरान पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफधारा 188 के तहत अपराध दर्ज किया. जिसमे सिविल लाइन ने 3, सरकंडा ने 6 के खिलाफकार्रवाई की है।